

सूर्योदय प्रातः 5:54 | सूर्यास्त संध्या 5:10 | पखवाड़ा कार्तिक कृ. नवमी, संवत 2083 | तापमान अधिकतम 26° न्यूनतम 19°


फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

रांची, मंगलवार, 03 नवम्बर 2026, वर्ष : 17, अंक : 258, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : https://epaper.avnpost.in/editions





एक झलक

विदेश सचिव कल नेपाल की यात्रा करेंगे

नयी दिल्ली : विदेश सचिव विक्रम मिस्री 04 से 05 नवम्बर तक नेपाल की आधिकारिक यात्रा करेंगे। इस दौरान वह आपसी हित के द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार भारत और नेपाल के बीच मजबूत और मैत्रीपूर्ण सम्बन्ध हैं, जिनमें सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों में काफी प्रगति हुई है। विदेश सचिव की यह आगामी यात्रा दोनों देशों के बीच नियमित उच्च-स्तरीय आदान-प्रदान की परम्परा को आगे बढ़ायेगी और व्यापक द्विपक्षीय साझेदारी को और मजबूत करने में मदद करेगी।

एक ही परिवार के पांच सदस्यों के मिले शव

भोपाल : मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आयी है। छोला थाना क्षेत्र के ग्राम मालीखेड़ी में सोमवार सुबह एक घर में परिवार के चार सदस्यों के शव मिले हैं। वहीं, एक व्यक्ति (परिवार के मुखिया) का शव सूखी सेवनिया थाना क्षेत्र के चोपड़ा कलां में रेलवे ट्रैक पर मिला। घर में जिन चारों सदस्यों के शव मिले, उनके गले कटे हुए थे। प्रारम्भिक जांच में पुलिस को आशंका है कि व्यक्ति ने पहले सभी की हत्या की, इसके बाद ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत की खबर से पूरे इलाके में हड़कम्प मच गया। पुलिस ने दोनों घटनास्थलों पर जांच शुरू कर दी है।

वित्तीय धोखाधड़ी करनेवाले गिरोह के छह सदस्य गिरफ्तार

गुवाहाटी : असम पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने म्यूल बैंक खातों के जरिये देशभर में वित्तीय धोखाधड़ी करनेवाले संगठित गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए छह लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरोह के पाकिस्तानी खुफिया एजेंटों (पीआईओ) से संदिग्ध संबंध होने की आशंका के मद्देनजर इस पहलू की भी जांच की जा रही है। एसटीएफ ने सोमवार को जारी बयान में बताया कि केन्द्रीय एजेंसियों से मिली खुफिया जानकारी के आधार पर यह कार्रवाई की गयी।

अंदर के पन्नों पर

3 अपर बाजार के जालान रोड की दुकानों का लीज...

5 मनईटांड़ में सरकारी जमीन पर कब्जे का प्रयास...

7 मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने चंदवा के...

9 रांची में डीसी ने आम लोगों की सुनीं फरियादें...

10 टैमर मुक्केबाजी टूर्नामेंट में भारत का दबदबा...

कार्टून कोना



अब चक्रवाती तूफान 'मुरासु' की दस्तक, झारखंड में 03 और 04 नवम्बर को बारिश के आसार

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : पश्चिम-मध्य और उससे सटे दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में सक्रिय चक्रवाती तूफान 'मुरासु' के प्रभाव से 03 और 04 नवम्बर को झारखंड के कई जिलों में बारिश होने की सम्भावना है। मौसम विभाग ने सोमवार को यह जानकारी दी।

मौसम विभाग के अनुसार, चक्रवाती तूफान मुरासु पूर्व में आये तूफान अर्नब की तुलना में कमजोर है। यह फिलहाल 25 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ रहा है। तूफान चेन्नई (तमिलनाडु) से



लगभग 200 किलोमीटर पूर्व-उत्तर-पूर्व, नेल्लोर (आंध्र प्रदेश) से 210 किलोमीटर पूर्व-दक्षिण-पूर्व, मछलीपट्टनम से 270 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिण-पूर्व, कावली से 220 किलोमीटर पूर्व-दक्षिण-पूर्व और ओंगोल से 260 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में स्थित है। इसके उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ने और सोमवार मध्यरात्रि से मंगलवार तड़के के बीच नेल्लोर और नरसापुर के बीच दक्षिणी आंध्र प्रदेश के तट को पार करने की प्रबल सम्भावना है। इस दौरान हवा की गति 100 से 110 किलोमीटर प्रति घंटे रहने तथा झोंकों के साथ 120 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंचने का अनुमान है।

इधर, पिछले 24 घंटों के दौरान झारखंड में सबसे अधिक तापमान 33.3 डिग्री सेल्सियस लातेहार में दर्ज किया गया। वहीं, सबसे कम तापमान भी लातेहार में 17.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

● शेष पृष्ठ 11 पर

'मुरासु' का बंगाल पर विशेष असर नहीं, आंध्र और ओड़िशा में अलर्ट

■ आंध्र प्रदेश के तट से टकराने का अनुमान, एनडीआरएफ की तीन टीमें तैनात, 21 उड़ानें रद्द

कोलकाता : बंगाल की खाड़ी में सक्रिय चक्रवाती तूफान 'मुरासु' लगातार शक्तिशाली होता जा रहा है। हालांकि, इसका पश्चिम बंगाल पर कोई विशेष प्रभाव पड़ने की सम्भावना नहीं है। इसके प्रभाव से आंध्र प्रदेश, ओडिशा और तमिलनाडु के तटीय इलाकों में तेज हवाओं के साथ भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। समभावित खतरे को देखते हुए सम्बन्धित राज्यों में प्रशासन ने सतर्कता बढ़ा दी है और राहत एवं बचाव की तैयारियां तेज कर दी हैं। मौसम विभाग की ओर से बताया गया कि तूफान के सोमवार ● शेष पृष्ठ 11 पर

भारत नवीकरणीय ऊर्जा सम्मेलन व प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह में सम्मिलित हुए प्रधानमंत्री

संदर्भ

सौर और नवीकरणीय ऊर्जा

भारत दुनिया के शीर्ष तीन देशों में शामिल : मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत अगले 10-11 वर्षों में 500 गीगावाट अतिरिक्त गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता जोड़ने का प्रयास करेगा। इससे इस दशक के अंत तक देश के नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में 20 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश अवसर पैदा होंगे।

मोदी ने भारत मंडपम में भारत नवीकरणीय ऊर्जा सम्मेलन एवं प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह में कहा कि भारत में राजनीतिक और नीतिगत स्थिरता के साथ-साथ बड़े पैमाने पर मांग और विकास की सम्भावनाएं हैं, जो इसे वैश्विक निवेशकों के लिए आकर्षक अवसर प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत की कुल स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता में 50 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी गैर-जीवाश्म ऊर्जा स्रोतों की है और देश करीब 300 गीगावाट गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता हासिल कर चुका है। भारत सौर और नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में दुनिया के शीर्ष तीन देशों में शामिल है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने 2021 के सम्मेलन में 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता हासिल करने का संकल्प लिया था। पेरिस समझौते के तहत कुल स्थापित बिजली क्षमता का 50 प्रतिशत गैर-जीवाश्म स्रोतों से प्राप्त करने का लक्ष्य भी भारत ने 2025 में ही हासिल कर लिया, जो निर्धारित समय से पांच साल पहले है।



प्रधानमंत्री ने कहा

- अगले 10-11 वर्षों में 500 गीगावाट अतिरिक्त गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता जोड़ने का प्रयास करेगा भारत
- भारत ने 2021 के सम्मेलन में 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता हासिल करने का लिया था संकल्प
- पिछले 12 वर्षों में भारत ने नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में वादों को पूरा करने की दिशा में की है उल्लेखनीय प्रगति

मोदी ने कहा कि कोरोना महामारी और पश्चिम एशिया संकट सहित पिछले कुछ वर्षों में दुनिया ने कई बड़े आर्थिक संकटों का सामना किया है। पश्चिम एशिया का संकट अभी भी जारी है, लेकिन 140 करोड़ भारतीयों ने इन चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना किया है और देश की विकास दर ऊंची बनी हुई है। उन्होंने कहा कि यदि भारत ने पिछले एक दशक में स्वच्छ ऊर्जा में निवेश नहीं किया होता और इसके लिए नयी व्यवस्थाएं विकसित नहीं की होतीं, तो इन वैश्विक संकटों का असर भारतीय अर्थव्यवस्था पर कहीं अधिक गम्भीर हो सकता था। इन संकटों ने स्पष्ट कर दिया है कि ऊर्जा सुरक्षा सीधे आर्थिक सुरक्षा से जुड़ी है और भविष्य की ऊर्जा सुरक्षा का आधार स्वच्छ ऊर्जा ही है।

मोदी ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में भारत ने नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में वादों को पूरा करने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है। वर्ष 2021 में भारत ने 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता हासिल करने का संकल्प लिया था। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य की दिशा में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है और आनेवाले 10-11 वर्षों में 500 गीगावाट अतिरिक्त क्षमता जोड़ने का प्रयास किया जायेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य हर सरकारी भवन, स्कूल, कॉलेज, अस्पताल और सड़क प्रकाश व्यवस्था को सौर ऊर्जा से जोड़ना है। देश में 44 हजार से अधिक सरकारी भवनों को सौर ऊर्जा से जोड़ा जा चुका है, जिससे हर साल करीब 700 करोड़ रुपये की बचत हो रही है। उन्होंने फरवरी 2024 में ● शेष पृष्ठ 11 पर

वीबी-जी राम जी अधिनियम के तहत शिकायत निवारण नियम अधिसूचित

एजेंसी

नयी दिल्ली : केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) यानी वीबी-जी राम जी अधिनियम के तहत वीबी-जी राम जी शिकायत निवारण



नियम 2026 अधिसूचित किये हैं। इन नियमों के माध्यम से योजना के क्रियान्वयन से जुड़ी शिकायतों के समाधान के लिए एक सुव्यवस्थित, बहुस्तरीय और समयबद्ध व्यवस्था स्थापित की गई है। इसके तहत शिकायतों की जांच 07 दिनों में और निपटारा 15 दिनों के भीतर करना होगा। इनका उद्देश्य शिकायत निवारण प्रक्रिया को अधिक सुलभ, ● शेष पृष्ठ 11 पर

■ अब 15 दिनों के भीतर करना होगा शिकायतों का निपटारा

नियमों के तहत शिकायत दर्ज कराने के लिए कई माध्यम कराये गये हैं उपलब्ध

- नामित शिकायत निवारण अधिकारी के समक्ष व्यक्तिगत रूप से शिकायत दर्ज कराना।
- डिलीवरी के प्रमाण के साथ स्पीड पोस्ट के माध्यम से शिकायत भेजना।
- केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित शिकायत निवारण के डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से शिकायत दर्ज कराना।
- टेलीफोन, निर्धारित हेल्पलाइन या राज्य सरकार द्वारा तय किसी अन्य माध्यम से शिकायत करना।
- ग्राम पंचायत, ब्लॉक या जिला स्तर पर भौतिक रूप से प्राप्त शिकायतों को उसी दिन निर्धारित डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर पर दर्ज और पंजीकृत करना होगा। यदि ऐसा करना सम्भव न हो, तो अगले कार्य दिवस तक उनका पंजीकरण अनिवार्य होगा।

प्रधानमंत्री आज 21,800 करोड़ की परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन व शिलान्यास

नयी दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को पुणे मेट्रो की करीब 21,800 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इनमें 8,300 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से निर्मित मेट्रो की पिंक लाइन का उद्घाटन और करीब 13,500 करोड़ रुपये की लागतवाले दूसरे चरण की चार लाइनों का शिलान्यास शामिल है। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से सोमवार को जारी बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी 03 नवम्बर को दोपहर 12:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इन परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

सऊदी अरब में फंसे विष्णुगढ़ के तीन प्रवासी मजदूरों की जल्द होगी वतन वापसी



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

विष्णुगढ़ : विष्णुगढ़ प्रखण्ड के अलखरी खुर्द निवासी धानेश्वर महतो अचलजामू निवासी शहदेव रजवार एवं रूपलाल महतो, जो सऊदी अरब के सीटीपी, (कमर्शियल टेक्नोलॉजीज प्लस) कम्पनी में कार्यरत थे। कम्पनी बंद हो गयी और मजदूरों का वीजा भी एक्सपायर्ड हो गया है। उनके पास रहने के लिए घर एवं खाने के लिए भोजन नहीं होने के कारण दर-दर भटक रहे हैं। पीड़ित परिजनों ने यह जानकारी जेएलकेएम के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंजीनियर मुकेश कुमार महतो को दी। इंजीनियर मुकेश कुमार महतो ने इसे संज्ञान में लेते हुए झारखंड होम मिनिस्ट्री, प्रवासी मजदूर नियंत्रण कक्ष झारखंड सरकार एवं इंडियन एम्बेसी भारत सरकार से बात की। प्रवासी मजदूर नियंत्रण कक्ष एवं इंडियन एम्बेसी लगातार कम्पनी से सम्पर्क में है, ताकि जल्द से जल्द मजदूर भाइयों की वतन वापसी हो सके।

नेशनल कॉन्फ्रेंस में बगावत की आहट 25 विधायकों की नाराजगी का दावा

एजेंसी

जम्मू : जम्मू-कश्मीर में एक बार फिर बड़ा राजनीतिक तूफान आने की आहट है, क्योंकि नेशनल कॉन्फ्रेंस के भीतर उठ रही नाराजगी अब बगावत का रूप लेने लगी है। पहले वरिष्ठ नेताओं की नाराजगी, फिर बंद कमरे में विधायकों की बैठक और अब 25 विधायकों के असंतुष्ट होने तथा पार्टी नेतृत्व को 14 दिन का अल्टीमेटम देने की बात सामने आ रही है। अगर इनमें सच्चाई है, तो यह मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और नेशनल कॉन्फ्रेंस



नेतृत्व के लिए गम्भीर राजनीतिक चुनौती बन सकता है। जम्मू-कश्मीर की राजनीति में इन दिनों कुछ ऐसे सवाल उठ रहे हैं, जिनका जवाब आनेवाले दिनों में प्रदेश की सियासी तस्वीर तय कर सकता है। हाल ही में हुए मंत्रिमंडल विस्तार के बाद सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस के भीतर असंतोष की खबरें लगातार सामने आ रही हैं। हालांकि, 25 विधायकों के एकजुट होने, 14 दिन का औपचारिक अल्टीमेटम देने और सभी मंत्रियों को हटाने की मांग की पुष्टि अभी नहीं हुई है, लेकिन राजनीतिक हलकों में चल रही चचाओं ने सवाल जरूर खड़ा कर दिया है कि आखिर नेशनल कॉन्फ्रेंस के भीतर सब कुछ ठीक क्यों नहीं दिखाई दे रहा।

करंट लगने से आठ मजदूरों की मौत

झुंझुनू : झुंझुनू जिले के उदयपुरवाटी क्षेत्र के छापोली गांव में सोमवार को सड़क बना रहे आठ मजदूरों की करंट लगने से मौत हो गयी। पांच लोग झुलस गये। उनका उदयपुरवाटी सीएचसी में इलाज चल रहा है। पीएम नरेन्द्र मोदी ने हादसे पर दुख जताया और मृतकों के परिजनो को 2-2 लाख के मुआवजा देने का एलान किया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हादसे में श्रमिकों की असामयिक मृत्यु पर दुख व्यक्त किया है। उदयपुरवाटी थानाधिकारी रामपाल ने बताया कि हादसा छापोली-कदंब कुंड मार्ग पर सीकर-नीमकाथाना स्टेट हाईवे से करीब 150 मीटर दूर हुआ।

एयर मार्शल इंद्रपाल सिंह वालिया ने 52वें एयर फोर्स वाइस चीफ का पद सम्भाला

एजेंसी

नयी दिल्ली : नये वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल आशुतोष दीक्षित के कार्यभार सम्भालने के बाद एयर मार्शल इंद्रपाल सिंह वालिया ने 52वें वाइस चीफ का पद सम्भाल लिया है। फाइटर स्ट्रीम में कमीशन हुए एयर मार्शल के पास अपने तीन दशकों से अधिक के करियर में मिग-21, मिग-23, मिग-27, जगुआर और सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमानों पर 3200 घंटे से अधिक की उड़ान का अनुभव है। उन्होंने देश के लिए



■ तीन दशकों से अधिक करियर में 3200 घंटे से अधिक लड़ाकू जेट उड़ाने का अनुभव

सबसे बड़ा बलिदान देने वालों के सम्मान में नेशनल वॉर मेमोरियल पर श्रद्धांजलि दी और उन्हें सेरेमोनियल गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। वायु सेना में 11 जून 1988 को फाइटर स्ट्रीम में कमीशन हुए एयर मार्शल इंद्रपाल सिंह वालिया राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खडकवासला और वायु सेना अकादमी, ● शेष पृष्ठ 11 पर

आत्मपरिवर्तन राष्ट्र निर्माण की आधारशिला : जेपी नड्डा

एजेंसी

नयी दिल्ली : अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में यहां के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में आयोजित वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा की जन्मशताब्दी एवं अखंड दीप शताब्दी महोत्सव के तीसरे दिन आध्यात्मिक चेतना, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और राष्ट्र निर्माण के संकल्पों की अनूठी छटा देखने को मिली। समारोह में केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने आत्मपरिवर्तन को राष्ट्र निर्माण की आधारशिला बताया। देव संस्कृति विश्वविद्यालय के उपाध्यक्ष डॉ. चिन्मय पण्ड्या ने गायत्री मंत्र को नैतिक पतन के विरुद्ध सुरक्षा कवच बताते हुए आंतरिक परिष्कार से युग परिवर्तन का आह्वान किया।

समारोह का शुभारम्भ देव संस्कृति विश्वविद्यालय की छात्राओं की मनोहारी समूह नृत्य प्रस्तुतियों से हुआ। छात्राओं ने 'अब नवयुग की गंगोत्री से बही ज्ञान की धारा है' भक्ति गीत और 'लागी रे लगन ओ मां की' प्रज्ञागीत पर भावपूर्ण प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से गुरुदेव एवं माताजी के आदर्शों और युग निर्माण की चेतना को जीवंत किया गया।

समारोह के दूसरे सत्र में जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य की तप-साधना,



करुणा और लोकमंगल के प्रति समर्पण तथा वंदनीया माताजी का त्यागपूर्ण मातृत्व सम्पूर्ण मानवता के लिए प्रेरणास्रोत है।

उन्होंने व्यक्ति के आत्मपरिष्कार, परिवार में श्रेष्ठ संस्कारों के संवर्द्धन तथा अपनी सामर्थ्य और संसाधनों को समाज एवं राष्ट्र के कल्याण में समर्पित करने के तीन प्रमुख संकल्पों पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि साधना केवल पूजा-पद्धति तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि सेवा, संवेदना और सामाजिक उत्तरदायित्व के रूप में भी प्रकट होनी चाहिए।

नड्डा ने कहा कि नारी शक्ति, युवा शक्ति और सामाजिक शक्ति की संगठित सहभागिता से ही राष्ट्र निर्माण के संकल्प साकार होंगे। आत्मपरिवर्तन के माध्यम से व्यक्ति अपने परिवार, समाज और राष्ट्र के विकास में महत्त्वपूर्ण योगदान दे सकता है।

जन्मशताब्दी समारोह के देव संस्कृति विश्वविद्यालय के उपाध्यक्ष डॉ. चिन्मय पण्ड्या ने कहा कि अराजकता, अधर्म और नैतिक पतन के वातावरण में गायत्री मंत्र मनुष्य को भटकाव से बचा कर विवेक, सद्बुद्धि और श्रेष्ठ आचरण की दिशा प्रदान करता है। यह केवल उपासना का मंत्र नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण और जीवन परिवर्तन की आध्यात्मिक शक्ति है।

उन्होंने कहा कि राष्ट्र का वास्तविक नव-निर्माण बाहरी व्यवस्थाओं से नहीं, बल्कि व्यक्ति के चिन्तन, भावनाओं और दृष्टिकोण में सकारात्मक परिवर्तन से होगा। आंतरिक परिष्कार ही श्रेष्ठ परिवार, सशक्त समाज और समर्थ राष्ट्र की आधारशिला है। व्यक्ति के भीतर सकारात्मक परिवर्तन से ही युग परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त होगा।

इस अवसर पर अंतर सिंह आर्य, रमनकांत, मनु गौड़, टीएस कल्याणरमन सहित अनेक गण्यमान्य अतिथि, प्रशासनिक अधिकारी तथा विभिन्न देशों से आये गायत्री साधक उपस्थित रहे।

एक झलक

भुरकुंडा के पटेल नगर में सोना ईवी शोरूम का हुआ उद्घाटन



भुरकुंडा : पटेल नगर स्थित जेएम कॉलेज के समीप सोना इलेक्ट्रिक व्हेकिल शोरूम का उद्घाटन रविवार को हुआ। संचालक विशाल यादव की भगीनी कुमारी सोना ने विधिवत फीता काटकर किया। इससे पूर्व पंडित रामकुमार पाठक ने पूजा-अर्चना कराई। वहीं शोरूम के संचालक विशाल यादव ने बताया कि शोरूम में भूमि कंपनी की इलेक्ट्रिक स्कूटी 50 हजार से 90 हजार तक की प्राइस रेंज में ग्राहकों के लिए उपलब्ध हैं। छठ पर्व लोगों को 3000 रुपये के विशेष डिस्काउंट और उपहार भी दिए जाएंगे। मौके पर मुन्ना यादव, उदय सिंह, गिरधारी गोप, संजय यादव, रमाकांत दुबे, सुरेंद्र सिंह, मुन्ना अग्रवाल, दारा सिंह, हरि लाल बेदिया, सुरेश पासवान सहित परिवार के सदस्य और स्थानीय लोग मौजूद थे।

मालगाड़ी की चपेट में आने से युवक की मौत

खूंटी : गुमला जिले के कामडारा थाना क्षेत्र के पोकला गेट रेलवे क्रॉसिंग के समीप रविवार देर रात मालगाड़ी की चपेट में आने से 19 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में युवक के दोनों हाथ और दोनों पैर कटकर अलग हो गए। गंभीर अवस्था में उसे इलाज के लिए खूंटी सदर अस्पताल लाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान मंगलदीप कंडुलना (19) के रूप में हुई है। वह मूल रूप से सिमडेगा जिले के बानो प्रखंड अंतर्गत गट्टीबंधु, पूजारटोली का निवासी था। हालांकि, उसके परिजन पिछले कई वर्षों से कामडारा प्रखंड के कुदा गांव में घर बनाकर रह रहे हैं। जानकारी के अनुसार, रविवार रात मंगलदीप कथित रूप से नशे की हालत में रेलवे ट्रैक की ओर चला गया था। इसी दौरान हटिया से राउरकेला की ओर जा रही मालगाड़ी की चपेट में आ गया। हादसे में वह बुरी तरह जख्मी हो गया। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तत्काल 108 एंबुलेंस को सूचना दी। घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कामडारा पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए गुमला रेफर कर दिया। हालांकि, परिजन उसे खूंटी सदर अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना पर खूंटी पुलिस ने आवश्यक प्रक्रिया पूरी करते हुए सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कराया और बाद में परिजनों को सौंप दिया। इस हादसे के बाद परिवार में मातम पसरा है। युवक की असमय मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

एएसआई की मौत के मामले में बाइक सवार पर प्राथमिकी दर्ज

रामगढ़ : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सुरक्षा में तैनात एएसआई बैजनाथ प्रजापति की मौत के मामले में बाइक सवार विकास कुमार महतो पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। सोमवार को यह प्राथमिकी मृतक एएसआई के पुत्र धर्मेंद्र कुमार ने रामगढ़ थाने में दर्ज कराई है। धर्मेंद्र ने बताया कि उनके पिता चाईबासा जिला बल में कार्यरत थे और मुख्यमंत्री के नेमरा गांव में रहने के दौरान विधि व्यवस्था संधारण के लिए ड्यूटी पर तैनात थे। ड्यूटी से घर लौट के दौरान 17 अक्टूबर की रात रामगढ़ थाना क्षेत्र के कोठार ओवरब्रिज के पास होंडा लीवो बाइक (जेएच 24 एन 1465) के चालक की ओर से तेजी और लापरवाही से गाड़ी चलाने के दौरान उनके पिता को धक्का मार दिया गया। इस दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल बैजनाथ प्रजापति का प्राथमिक उपचार सदर अस्पताल रामगढ़ में कराया गया। बाद में मेदांता ओरमांझी में इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। धर्मेंद्र ने बताया कि बाइक चालक ने काफी लापरवाही बरती है। रामगढ़ थाना प्रभारी गजेंद्र पांडे ने बताया कि बाइक सवार की पहचान मांडू थाना क्षेत्र के लियो गांव निवासी गणेश महतो के 30 वर्षीय पुत्र विकास कुमार महतो के रूप में हुई है।

बिना सायरन और पूर्व सूचना के गोला पहुंचे उपायुक्त ऋतुराज

प्रखंड-अंचल कार्यालय में मचा हड़कम्प

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

गोला (रामगढ़) : रामगढ़ के उपायुक्त ऋतुराज सोमवार को बिना किसी पूर्व सूचना और सायरन के बिल्कुल शांत तरीके से अचानक गोला प्रखंड एवं अंचल कार्यालय पहुंच गए। उनके पहुंचने तक किसी को इसकी भनक तक नहीं लगी। जैसे ही उपायुक्त कार्यालय परिसर में दाखिल हुए, पूरे परिसर में हलचल मच गई। कर्मी अपने-अपने कार्यालयों में व्यवस्थाएँ दुरुस्त करने में जुट गए। उपायुक्त ने एक-एक कर विभिन्न कार्यालयों और बैठक कक्ष का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



लम्बित पेंशन मामलों पर गम्भीरता

निरीक्षण के दौरान सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत लाभुकों की बकाया राशि से संबंधित मामलों की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित ऑपरेटर को निर्देश दिया कि लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन कराने के लिए संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित करें, ताकि लाभुकों को उनका बकाया भुगतान मिल सके।

दिवंगत पारा शिक्षक के परिवार की समस्या भी सुनी

औचक निरीक्षण के दौरान एक भावुक पहलू भी सामने आया। दिवंगत पारा शिक्षक स्वर्गीय सुरेश राम बेदिया के पुत्र रामलाल बेदिया ने उपायुक्त से मुलाकात कर अपने पिता की मृत्यु के बाद से लंबित मामले और परिवार को हो रही परेशानियों से अवगत कराया। उन्होंने अपनी समस्या विस्तारपूर्वक उपायुक्त के समक्ष रखी। उपायुक्त ने उनकी बातों को गंभीरता और सकारात्मकता से सुना तथा संबंधित मामले में आवेदन देने की सलाह दी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आवेदन प्राप्त होने के बाद संबंधित अधिकारियों से बात कर मामले के समाधान की दिशा में पहल की जाएगी।

कार्यालय व्यवस्था सुधारने का निर्देश उपायुक्त ने बैठक कक्ष में कुर्सियों की संख्या बढ़ाने और दोनों हॉल को व्यवस्थित ढंग से तैयार करने का निर्देश अंचलाधिकारी को दिया, ताकि भविष्य में बैठकों के दौरान बेहतर सुविधा मिल सके। वहीं, निरीक्षण के दौरान कुछ कर्मियों की अनुपस्थिति की चर्चा भी रही, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। उपायुक्त का यह अचानक निरीक्षण जहां प्रशासनिक व्यवस्था की वास्तविक स्थिति जानने की पहल रहा, वहीं पेंशन लाभुकों और दिवंगत पारा शिक्षक के परिवार की लंबित समस्याओं को सुनना आम लोगों के लिए उम्मीद की एक नई किरण भी बना।

वन हेल्थ समिति की बैठक में मानव, पशु स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण पर चर्चा



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

खूंटी : समाहरणालय स्थित सभागार में सोमवार को उपायुक्त मो० जावेद हुसैन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय वन हेल्थ समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मानव स्वास्थ्य, पशु स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण को एक-दूसरे से जुड़ा मानते हुए इनके बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने और स्वास्थ्य संबंधी संभावित खतरों की समय रहते पहचान और रोकथाम पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में वन हेल्थ की अवधारणा और समिति के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए पशुओं से मनुष्यों में फैलने वाली संक्रामक बीमारियों की रोकथाम पर विशेष जोर दिया गया। इसके तहत संभावित संक्रमण की समय पर पहचान, निगरानी और प्रभावी नियंत्रण के उपाय सुनिश्चित करने पर चर्चा हुई। साथ ही एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस यानी एंटीबायोटिक दवाओं के अनावश्यक और अनुचित इस्तेमाल से बढ़ते दवा प्रतिरोध की समस्या को नियंत्रित करने, सुरक्षित खाद्य एवं पेयजल, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया। उपायुक्त ने कहा कि वन हेल्थ की अवधारणा को धरातल पर प्रभावी बनाने के लिए सभी संबंधित विभागों की सक्रिय भागीदारी जरूरी है।

डोर-टू-डोर विधिक जागरूकता कार्यक्रम के तहत डालसा का प्रोजेक्ट शिक्षा पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम

कमजोर परिवारों के बच्चों को शिक्षा दिलाना ही लक्ष्य : डालसा



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

अनगड़ा : न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष डालसा, रांची, अनिल कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में तथा डालसा सचिव के नेतृत्व में सोमवार को अनगड़ा प्रखण्ड के चिलदाग पंचायत के चिलदाग गांव में डोर-टू-डोर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

पीएलवी बेबी सिन्हा ने कहा है कि इस विधिक जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को माननीय नालसा एवं झालसा द्वारा संचालित योजनाओं तथा राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे लाभकारी योजनाओं की जानकारी देकर उसे लाभ दिलाना है। उन्होंने माननीय नालसा द्वारा संचालित योजना शिक्षा-2026 पर फोकस की। समाज के सबसे पिछड़े, हाशिए पर मौजूद और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा में शामिल करना और उन्हें लाभ पहुंचाना ही हमलोगों का लक्ष्य है। पीएलवी मालती देवी एवं मीना श्रीवास्तव ने एवं शिला देवी ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के बारे में बताया तथा उन्होंने बाल श्रम,बाल विवाह तथा विधवा पेंशन पर फोकस किये। पीएलवी शिला तिग्गा ने योजना 'संवाद' पर फोकस करते हुए कही कि आदिवासी नागरिकों को उनकी अपनी स्थानीय भाषा और संस्कृति के अनुसार कानूनी जानकारी प्रदान करना तथा उन्हें लाभकारी योजनाओं को लाभ दिलाना ही डालसा का लक्ष्य है। उपस्थित ग्रामीणों को डालसा के पीएलवी के द्वारा योजनाओं से संबंधित लिफलेट और पम्पलेट का वितरण भी किया गया। डालसा के पीएलवी के द्वारा आगामी 13 दिसम्बर को आयोजन होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी भी दिये।

उलीहातु में बिरसा महोत्सव 15 नवम्बर को, उपायुक्त ने लिया तैयारियों का जायजा

खूंटी : भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू में 15 नवंबर को आयोजित होने वाले राजकीय बिरसा महोत्सव-2026 की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन ने गतिविधियां तेज कर दी हैं। सोमवार को उपायुक्त मो० जावेद हुसैन और पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग ने अड़की प्रखंड स्थित उलिहातू पहुंचकर विभिन्न तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों के साथ आयोजन स्थल का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और सभी तैयारियां निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरी करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने बिरसा ओड़ा के जीर्णोद्धार, बम्बू कॉटेज निर्माण, निमार्णाधीन संग्रहालय, लाइब्रेरी के व्यवस्थित संचालन और बिरसा ओड़ा एवं बिरसा कॉम्प्लेक्स में साज-सज्जा से जुड़े कार्यों की जानकारी ली।

पीवीयूएनएल के सहयोग आईटीआई गोला में सीएनसी प्रशिक्षण हुआ शुरू

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रामगढ़ : जिला प्रशासन की हुनर परियोजना के तहत पीवीयूएनएल पतरातू के सहयोग से आईटीआई गोला में सीएनसी मशीनिस्ट प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में मांडू विधायक निर्मल महतो और उपायुक्त ऋतुराज शामिल हुए। इस दौरान पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत गोल्ड स्मिथ ट्रेड में प्रशिक्षण पूरा करने वाले 18 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र दिया गया। विधायक निर्मल महतो ने कहा कि युवाओं को तकनीकी रूप से दक्ष बनाना समय की जरूरत है। उपायुक्त ऋतुराज ने कहा कि जिले के युवाओं को बाहर न जाना पड़े, इसलिए हुनर परियोजना शुरू की गई है। युवाओं को स्थानीय उद्योगों की मांग के अनुसार प्रशिक्षण देकर जिले में ही रोजगार दिया जाएगा। उपायुक्त ने



बताया कि भविष्य में ड्रोन टेक्नोलॉजी और एआई से संबंधित प्रशिक्षण भी शुरू किया जाएगा। जिले में रोजगार के लिए 19 नवंबर को औद्योगिक प्रतिष्ठानों के साथ जिला स्तरीय कॉन्फ्रेंस होगी। इस दौरान बताया गया कि आईटीआई गोला के रोहित मुंडा ने वेल्डर में राज्य में द्वितीय, जूही कुमारी ने टर्नर में द्वितीय, प्रदीप टुडू ने मशीनिस्ट में द्वितीय और मिथुन महतो ने टर्नर में जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मौके पर डीपीआरओ डॉ. प्रभात शंकर, ईओडीबी मैनेजर अंशुमन सिंह, झारखंड टूल रूम के आशुतोष मिश्रा, सेंटर इंचार्ज अतुल शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

ऑटो और स्कूटी की आमने-सामने टक्कर में तीन छात्राओं व दम्पति सहित नौ घायल, तीन सदर अस्पताल रेफर

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बेड़ो : बेड़ो थाना क्षेत्र के बेड़ो-लोहरदगा मार्ग पर सोमवार की अपराह्न लगभग सवा तीन बजे दिघीया स्कूल के समीप स्कूटी और ऑटो के बीच आमने-सामने की टक्कर में नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ऑटो पलटने से उसमें सवार तीन स्कूली छात्राओं समेत सात लोग घायल हुए, जबकि स्कूटी सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में संत अन्ना स्कूल की छात्राएं 14 वर्षीय अनूपा तिर्की पिता रोमिल तिर्की, 15 वर्षीय रूपा उरांव पिता पंचम उरांव व 15 वर्षीय खुशी तिर्की पिता सुधीर तिर्की तीनों बेड़ो सेमर टोली, चचकोपी गांव निवासी है। अन्य घायलों में बेड़ो पांडे पारा निवासी दंपति 55 वर्षीय सोमरा उरांव और 50 वर्षीय पत्नी बनकी उराईन गुमला जिले के भरनो आमलिया बांध टोली निवासी 50 वर्षीय सुकरी उरांव पति सुंदर उरांव और उसकी नतिनी 1 वर्षीय परी उरांव है। स्कूटी सवार बेड़ो जराटोली करांजी निवासी 26 वर्षीय आफताब अंसारी पिता सईद अंसारी व 18 वर्षीय ताहिर अंसारी पिता सलीमुद्दीन अंसारी, ग्राम गढ़गांव इटकी निवासी शामिल है।घटना की जानकारी मिलने पर समाजसेवी विश्वनाथ गोप ने पीसीआर व ग्रामीणों के सहयोग से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां डा सुनील जॉर्ज कंडुलना ने सभी घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल स्कूटी सवार आफताब, ताहिर व छात्रा अनूपा तिर्की को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

बुंडू में माले कार्यकर्ताओं ने कॉ. स्वदेश भट्टाचार्य को दी श्रद्धांजलि



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बुंडू : जनसंघर्षों और जनांदोलनों के नायक कॉ. स्वदेश भट्टाचार्य को हुमटा में श्रद्धांजलि दी गई। भाकपा माले के पोलित ब्यूरो सदस्य और केन्द्रीय सांगठनिक विभाग के प्रभारी कॉ० स्वदेश जी 30 अक्टूबर की रात पटना में अंतिम सांस ली। आज हुमटा में दिवंगत साथी के तस्वीर पर मल्यार्पण और दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। कॉमरेड स्वदेश भट्टाचार्य अमर रहे, रक्तरद्द करो, ज्ञानेश कुमार इस्तिफा दो, मताधिकार बचाओ - लोकतंत्र बचाओ नारे लगाए गए। सभा संबोधित करते हुए ग्रामीण जिला सचिव जगमोहन महतो ने कहा 28 जुलाई 1974 में भाकपा माले के पुर्नगठित केन्द्रीय कमिटी के अंतिम जीवित सदस्य थे। और तभी से अनथक रूप से पार्टी के विस्तार और विकास में अंतिम सांस तक सक्रिय नेतृत्व दे रहे थे। राष्ट्रव्यापी पार्टी के विस्तार और निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान रहा। कलकत्ता विश्वविद्यालय से बी.कॉम के बाद एचईसी, रांची में कुछ बर्ष नौकरी भी किए। एचईसी में काम करते हुए नक्सलबाड़ी क्रांतिकारी धारा से जुड़े और फिर नौकरी छोड़ते हुए आजतक उनका जीवन सिर्फ पार्टी और जनता के लिए समर्पित रहा। पिछले पांच दशकों से पार्टी के वैचारिक दृढ़ता, हौसला, प्रगति और विस्तार के प्रतिक है। उनकी सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी की उनकी अधूरे जनजागरण और उसके लिए जरूरी वैचारिक साहस, सामाजिक दृष्टि और जनसंघर्षों की विरासत को निरंतर आगे बढ़ाते रहने का प्रयास जारी रहे। एरिया सचिव सुखदेव मुंडा ने कहा 21-22 नवंबर सरिया, गिरिडीह में होने वाले अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा (खेग्रामस) के 8वें राष्ट्रीय सम्मेलन की सफल बनाने के लिए अंतिम तैयारी जूट जाना है। और गरिब किसान और ग्रामीण मजदूरों के सवालों के साथ-साथ मताधिकार एवं लोकतंत्र की रक्षा के संघर्ष को शिखर पर पहुंचाया जा सके। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मुख्य रूप से दिलीप मांझी, गौतम मुंडा, रामेश्वर मुंडा, ठाकुरा मुंडा, अम्लकांत महतो, डोमन मुंडा, पूर्णचंद्र मुंडा, कालीपद मुंडा, राजू मुंडा, संजय मुंडा, गौरसिंह मुंडा, जगेन मुंडा, सोमरा मुंडा, कार्तिक प्रमाणिक, पुष्कर मुंडा, महावीर मुंडा, बाणेश्वर मांझी, देवदीप मुंडा, अनंत मुंडा, गुरुवा मुंडा व लखिन्द्र मुंडा शामिल रहे।

महिला सुरक्षा के मुद्दे पर भाजपा ने किया राज्य सरकार का पुतला दहन



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

पिस्का नगड़ी : गम्हरिया थाना क्षेत्र में पुलिसकर्मी द्वारा एक महिला के साथ कथित दुष्कर्म की घटना के विरोध में रविवार की शाम भारतीय जनता पार्टी, नगड़ी मंडल की ओर से नगड़ी चेक पोस्ट पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकताओं ने महिला सुरक्षा, सम्मान एवं पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग की। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रितेश राज ने की, जबकि संचालन मंडल महामंत्री अखिलेश केसरी ने किया। मौके पर प्रदेश नेता सह पलामू जिला प्रभारी शशिभूषण भगत, जिला भाजपा नेता केदार महतो, महामंत्री विकास उरांव, दीपक केसरी, बिरसा उरांव, विनोद साहू, अजय नायक, शिवा महतो, शिव चौधरी, ओमप्रकाश महतो एवं महावीर चौधरी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सीआईटी में आइडिया ट्राइब 2026 का आयोजन

विभिन्न तकनीकी संस्थानों के विद्यार्थियों ने लिया भाग



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

अनगड़ा : सोमवार को कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में जेयूटी के सेंटर फॉर इनोवेशन, इन्कयूवेशन, एंट्रेप्रेनरशिप (सीआईआईई) के तत्वाधान में आईडिया ट्राइब 2026 फेज 3 बूटकैंप का आयोजन हुआ। इसमें जेयूटी से सम्बद्ध रांची एवं आसपास के विभिन्न तकनिकी संस्थानों के विद्यार्थी समूहों ने भाग लेकर अपने इन्नोवाटिव आइडियाज की प्रस्तुति दी। मौके पर विशेषज्ञ के रूप में उमेश प्रसाद साह प्रिंसिपल जनरल मैनेजर, बीएसएनएल (आईटीएस), इंद्रजीत यादव, निदेशक एमएसएमई रांची एवं जेयूटी(सीआईआईई) की डिप्टी सीईओ डॉ अनीता सिन्हा मौजूद थे. कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद अलग अलग संस्थानों के विद्यार्थी समूहों ने अपने अपने मॉडलों के प्रोटोटाइप प्रस्तुत किये। बता दें कि विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत आइडियाज के चयन के बाद जेयूटी द्वारा प्रोजेक्ट क्रियान्वयन के लिए 20 से 25 लाख सिड फंड उपलब्ध कराया जायेगा। बूटकैंप में जेयूटी रांची, रामगढ़ इंजीनियरिंग कॉलेज, गवर्नमेंट विमेंस पॉलिटेक्निक रांची, आरटीसी इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, कैंब्रिज पॉलिटेक्निक, सीआईटी रांची के विद्यार्थियों ने भाग लिया.कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञयों ने विद्यार्थियों को सम्बोधित भी किया। संस्थान के इंस्टिट्यूट इनोवेशन कॉउन्सिल के अध्यक्ष दीपक कुमार वर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य युवा नव प्रवर्तकों को सशक्त बनाना एवं स्वदेशी उधमिता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के दौरान सीआईटी के प्राचार्य डॉ एल रंगनाथन, उप प्राचार्य प्रो रसिका नवनीत सिंह, इंस्टिट्यूशन इनोवेशन कॉउन्सिल के कन्वेनर विनीत कुमार,डीन अकेडमिक प्रो अरशद उस्मानी, डॉ रणवीर कुमार, डॉ पवन कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे।

पेशे से विमुख हो रहे मिट्टी के कारीगर, आधुनिकता की चकाचौंध में दम तोड़ती सदियों पुरानी परम्परा

खूंटी : दीपावली का पर्व हो या कोई अन्य मांगलिक अवसर, घर-आंगन को रोशन करने के लिए जब मिट्टी के दीये जलाए जाते हैं, तो उनकी लौ में केवल तेल और बाती ही नहीं जलती, बल्कि सदियों पुरानी परंपरा, कुम्हारों का हुनर और उनके कठिन परिश्रम की कहानी भी झिलमिलाती है। मिट्टी के एक साधारण ढेले को अपने हाथों से सुंदर और उपयोगी आकार देने वाले कारीगर भारतीय लोकसंस्कृति के महत्वपूर्ण वाहक रहे हैं। लेकिन विडंबना यह है कि दूसरों के घरों में उजाला फैलाने वाले इन कारीगरों के अपने घर आज आर्थिक तंगी और उपेक्षा के अंधकार से घिरे हुए हैं।

अरगोड़ा में अर्बन स्माइल डेंटल क्लिनिक का भव्य उद्घाटन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : राजधानी रांची के पुंदाग रोड, अरगोड़ा स्थित ओक फॉरेस्ट के समीप अर्बन स्माइल डेंटल क्लिनिक का भव्य उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ। समारोह में झारखंड प्रदेश तेली समाज के प्रदेश अध्यक्ष एवं बरही विधानसभा के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी अरूण साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने फीता काटकर क्लिनिक का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर अरूण साहू ने क्लिनिक के शुभारंभ पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसके सफल संचालन एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह क्लिनिक क्षेत्रवासियों को बेहतर दंत चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने तथा लोगों को मौखिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने में



महत्वपूर्ण योगदान देगा। उद्घाटन समारोह में झारखंड प्रदेश तेली समाज के रांची जिला अध्यक्ष श्री जेम्स कुमार कश्यप, जिला महासचिव प्रकाश साहू, सिकंदर साहू, धनेश्वर ओहदार, राजेन्द्र साहू, रामकृष्ण मंडल, रमेश महतो, उमेश महतो, विकास महतो, कैलाश कुमार साहू एवं श्री तीर्थनाथ प्रसाद की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस दौरान क्लिनिक से जुड़े अन्य सदस्य एवं परिवारजन भी मौजूद रहे। क्लिनिक के शुभारंभ के अवसर पर आम जनता को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से 2 एवं 3 नवंबर को दो दिवसीय विशेष दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का समय दोपहर 12 बजे से शाम 7 बजे तक निर्धारित है। इस दौरान मरीजों को दांतों का परामर्श एवं डेंटल एक्स-रे निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही, शिविर में आने वाले मरीजों को अगले 15 दिनों तक सभी प्रकार के दंत उपचार पर 10 प्रतिशत की विशेष छूट देने की घोषणा की गई है।

रोजगार, कृषि, शैक्षणिक, प्रशिक्षण और आत्मनिर्भरता का संदेश लेकर गांव-गांव पहुंचेगी डिजिटल बस

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

अनगड़ा : वॉव हब जोन्हा से डिजिटल मोबिलाइजेशन अभियान का शुभारंभ, चार दिनों में 16 स्थानों पर युवाओं को मिलेगा रोजगार, शिक्षा और उद्यमिता का मार्गदर्शन ग्रामीण युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता से जोड़ने के उद्देश्य से सोमवार, 2 नवंबर को अनगड़ा प्रखंड के जोन्हा पंचायत स्थित वॉव हब जोन्हा से डिजिटल मोबिलाइजेशन बस सेवा का शुभारंभ किया गया। अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर बस को विभिन्न गांवों के लिए रवाना किया। टीआरआई, एसबीआई फाउंडेशन एवं चेंजमेकर के सहयोग से संचालित



इस अभियान के तहत 2 से 5 नवंबर तक क्षेत्र के 16 गांवों एवं प्रमुख स्थानों पर डिजिटल बस पहुंचेगी। इसके माध्यम से ग्रामीण युवाओं को रोजगार, उद्यमिता, उच्च शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण, कृषि और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। गांवों में वीडियो प्रदर्शन, जागरूकता कार्यक्रम और प्रत्यक्ष संवाद के जरिए लोगों को विभिन्न अवसरों से अवगत कराया जाएगा। कार्यक्रम में जोन्हा पंचायत की मुखिया कृष्णा मुंडा, जरा टोली के ग्राम प्रधान रिझुवा मुंडा, जोन्हा ग्राम प्रधान जगन्नाथ शाही, भीष्म शाही मुंडा, बरवादाग पंचायत की मुखिया सारथी देवी, पंचायत समिति सदस्य सरनी देवी, शिरोमणि बांडो, सामाजिक कार्यकर्ता सत्यनारायण मुंडा एवं बीरेंद्र मुंडा सहित शिक्षक बलराम मुंडा, सुशांति सुरीन और प्रभा मगदली तिर्की उपस्थित रहे। वहीं टीआरआई एवं चेंजमेकर के स्टाफ, सीएलएफ एचआर रामबृक्ष महतो, बीरेंद्र अहीर, अफसरी खातून, फील्ड कोऑर्डिनेटर सुकर मनी देवी, बागवानी सखी पूनम देवी और पशु चिकित्सा मित्र हरदयाल मुंडा ने भी अभियान में भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन वॉव हब जोन्हा के हब कोऑर्डिनेटर राजेश महतो के नेतृत्व में किया गया। इसमें हब सारथी रेखा देवी एवं हर्षनाथ भोगता की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं की रुचि और जरूरतों के अनुसार उन्हें रोजगार, उच्च शिक्षा, कौशल विकास एवं स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ना है। आयोजकों ने बताया कि डिजिटल बस के माध्यम से गांव स्तर पर लोगों को जागरूक कर उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए उचित मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा।

दुलमी पार्षद प्रीति के पति स्व. अरुण दिवान पंचतत्व में हुए विलीन



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रजरप्पा (रामगढ़) : रामगढ़ जिला के दुलमी प्रखंड अंतर्गत चटाग गाँव निवासी दुलमी के जिला परिषद सदस्या प्रीति दीवान के पति स्वर्गीय अरुण दीवान (40 वर्ष) का अचानक तबीयत खराब होने के कारण असामयिक निधन हो गया। रामगढ़ सदर अस्पताल में रविवार को देर शाम बेहतर इलाज के लिए भर्ती कराया गया था, जहां पर चिकित्सकों द्वारा इलाज किया जा रहा था इसी क्रम में ईलाज के दौरान चिकित्सकों ने बताया कि दीवान का रक्तचाप बहुत अधिक बढ़ जाने के कारण स्थिति काफी नाजुक हो गई थी। इलाज के दौरान सोमवार सुबह हालत काफी बिगड़ी और दम तोड़ दिया। युवा सामाजिक व्यक्ति का अस्पताल में असमय निधन हो गया। अरुण दीवान बहुत ही कम उम्र में दुनिया से अलविदा हो गए। वे अपने पीछे एक पुत्री व पार्षद पत्नी सहित भरापुरा परिवार छोड़ गए। कम उम्र में अचानक मृत्यु हो जाने से ग्रामीणों में शोक की लहर है। अरुण दीवान एक शिक्षित और सामाजिक व्यक्ति के धनी थे। दुलमी क्षेत्र मे समाज के उत्थान के लिए कई महत्वपूर्ण काम किया साथ ही विभिन्न समुदाय से मिलकर विकास के कार्यों में हमेशा जुटे रहते थे। एक दूसरे से मिलकर समाज में अपनी बेहतर पहचान थी अचानक युवा उम्र में ही तबीयत बिगड़ने के बाद निधन होने से पूरे परिजनों में काफी दुख है पूरा पंचायत क्षेत्र में शोक व और मातम का लहर है।

एक झलक

रविवार बाजार में सब्जी खरीदने गये व्यक्ति की बाइक चोरी, प्राथमिकी दर्ज

रातू : रातू के रविवार बाजार में मोटरसाइकिल चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। रविवार को सब्जी खरीदने पहुंचे एक व्यक्ति की मोटरसाइकिल अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। घटना शाम चार से पांच बजे के बीच की बताई जा रही है। इस संबंध में पीड़ित संजय कॉलोनी निवासी बलराम राम ने रातू थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। मिली जानकारी के अनुसार, बलराम राम रविवार को अपनी मोटरसाइकिल (जेएच 01बीजे 9653) से सब्जी खरीदने के लिए रविवार बाजार पहुंचे थे। उन्होंने अपनी बाइक बाजार में एक स्थान पर खड़ी कर दी और सब्जी खरीदने चले गए। इसी दौरान मौका पाकर अज्ञात चोरों ने उनकी मोटरसाइकिल चुरा ली। कुछ देर बाद जब वह सब्जी खरीदकर वापस लौटे तो निर्धारित स्थान से बाइक गायब मिली। पहले तो उन्होंने आसपास बाइक की तलाश की। इसके बाद बाजार में मौजूद लोगों से भी पूछताछ की, लेकिन मोटरसाइकिल का कोई पता नहीं चल सका।काफी खोजबीन के बाद भी बाइक नहीं मिलने पर उन्होंने रातू थाना पहुंचकर घटना की जानकारी दी और प्राथमिकी दर्ज कराई। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के तहत भाजपा ने रांची में निकाली पदयात्रा

रांची : भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के तहत सोमवार को राजधानी रांची में पदयात्रा निकाली। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के समर्थन और इसे लेकर कांग्रेस एवं इंडी गठबंधन की ओर से कथित तौर पर फैलाए जा रहे भ्रम के विरोध में आयोजित इस पदयात्रा में केंद्रीय मंत्री एवं कार्यक्रम प्रभारी जुएल उरांव, भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सह झारखंड प्रदेश प्रभारी गजेंद्र सिंह पटेल, प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी और पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। पदयात्रा में हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने भी हिस्सा लिया। इस दौरान कांग्रेस और इंडी गठबंधन के खिलाफ नारेबाजी की गई। पदयात्रा मोरहाबादी मैदान स्थित बापू वाटिका से शुरू हुई। यहां से कार्यकताओं का समूह कचहरी चौक होते हुए जेल मोड़ स्थित भगवान बिरसा मुंडा स्मृति संग्रहालय पहुंचा। कार्यक्रम का समापन संग्रहालय परिसर में धरती आबा की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुआ।

ईडी अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी मामले में राज्य सरकार पर आठ हजार रुपये का जुर्माना

रांची : झारखंड उच्च न्यायालय ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट के तहत दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने की मांग वाली याचिका पर सोमवार को सुनवाई करते हुए राज्य सरकार पर आठ हजार रुपये का जुमार्ना लगाया। न्यायमूर्ति अनिल कुमार चौधरी की अदालत ने राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए अतिरिक्त समय मांगे जाने पर यह जुमार्ना लगाया। अदालत ने जुमार्ने की राशि झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) में जमा करने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई नौ दिसंबर को होगी। इस मामले की पिछली सुनवाई के दौरान अदालत ने प्रतिवादी संख्या दो यानी मुख्यमंत्री को जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया था। उस दौरान भी समय मांगे जाने पर अदालत ने 10 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया था। ईडी की ओर से वरीय अधिवक्ता अमित कुमार दास और अधिवक्ता सौरभ कुमार ने अदालत में पक्ष रखा। दरअसल, यह मामला मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से दर्ज कराई गई प्राथमिकी से जुड़ा है। मुख्यमंत्री ने ईडी के तत्कालीन अधिकारियों कपिल राज, देवव्रत झा और अन्य पर पूछताछ एवं कार्रवाई के दौरान कथित रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था। उन्होंने केंद्रीय जांच एजेंसी पर मीडिया के माध्यम से भ्रम फैलाकर उनकी छवि खराब करने का आरोप भी लगाया था।

अपर बाजार के जालान रोड की दुकानों का लीज रद्द करने का आदेश हाई कोर्ट ने किया निरस्त

12 सप्ताह में नये सिरे से निर्णय लेने के निर्देश

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : झारखंड उच्च न्यायालय ने रांची के अपर बाजार स्थित जालान रोड की जमीन और दुकानों का लीज रद्द करने तथा उन्हें खाली कराने के रांची नगर निगम के आदेशों को निरस्त कर दिया है। न्यायमूर्ति संजय कुमार द्विवेदी की पीठ ने निगम के आदेशों को बिना पर्याप्त कारण दर्ज किए पारित माना। अदालत के इस फैसले से किरण देवी मोदी समेत आठ याचिकाकर्ताओं को राहत मिली है। अदालत ने सभी आठ याचिकाकर्ताओं की रिट याचिकाएं स्वीकार करते हुए मामले को नए सिरे से निर्णय के लिए नगर निगम के पास वापस भेज दिया है। साथ ही निगम को निर्देश दिया है कि वह सभी



याचिकाकर्ताओं को सुनवाई का उचित अवसर दे और उनके तर्कों तथा प्रस्तुत दस्तावेजों पर विचार करने के बाद तर्कसंगत आदेश पारित करे। यह प्रक्रिया आदेश की प्रति प्राप्त होने के 12 सप्ताह के भीतर पूरी करनी होगी। तब तक याचिकाकर्ताओं को संबंधित दुकानों और जमीन से बेदखल नहीं किया जाएगा। हालांकि, उन्हें नगर निगम के समक्ष उपस्थित होकर कार्यवाही में सहयोग करना होगा। मामले के अनुसार, वर्ष 1966-67 में तत्कालीन रांची नगरपालिका ने वार्ड संख्या पांच के सर्वे प्लॉट संख्या 732 में स्थित 5100 वर्गफुट जमीन मोहन लाल कतची को आवंटित की थी। इस जमीन पर वह टेंट हाउस का कारोबार करते थे। उनके निधन के बाद उनके पुत्र महेंद्र कुमार कतची ने वर्ष 2000 में मोदी परिवार के सुरेश कुमार मोदी और रमेश कुमार मोदी के साथ साझेदारी में कारोबार शुरू किया। बाद में यह साझेदारी समाप्त हो गई और जमीन मोदी बंधुओं के पक्ष में सरेंडर कर दी गई। इसके बाद नगर निगम ने नौ दिसंबर 2003 को उक्त जमीन मोदी बंधुओं के नाम आवंटित की। पांच जून 2004 को इस संबंध में समझौता हुआ। निगम ने छह अगस्त 2004 को जमीन पर पक्का निर्माण करने की अनुमति भी दे दी। इसके बाद वहां दुकानों का निर्माण कराया गया। मोदी परिवार ने बाद में नगर निगम से अनुरोध किया कि इन दुकानों का आवंटन शेष सात याचिकाकताओं के नाम पर भी कर दिया जाए। इस बीच, नौ सितंबर 2014 को नगर निगम ने संबंधित पक्षों को कारण बताओ नोटिस जारी किया। इसके बाद 14 अक्टूबर 2014 को जमीन का लीज रद्द कर दिया गया। चार दिसंबर 2014 को दुकानों को खाली करने का आदेश भी जारी कर दिया गया। याचिकाकताओं ने नगर निगम की इस कार्रवाई को उच्च न्यायालय में चुनौती दी। अदालत के निर्देश के बाद उन्होंने नगर निगम के समक्ष आवेदन दिया, लेकिन तत्कालीन सीईओ ने 13 फरवरी 2015 को उसे खारिज कर दिया। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता सुमित गाड़ोदिया ने दलील दी कि नगर निगम ने लीज रद्द करने और दुकानें खाली कराने के आदेश में कोई ठोस कारण नहीं बताया। संबंधित पक्षों की ओर से पेश तथ्यों और दस्तावेजों पर भी समुचित विचार नहीं किया गया।

रांची में जरूरतमन्द परिवारों के बीच 300 प्रेशर कुकर वितरित

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : सामाजिक सरोकार के तहत रांची समारिटन राउंडटेबल-244 और लेडीज सर्कल-169 की ओर से सोमवार को रतन लाल जैन स्मृति भवन में जरूरतमंद परिवारों के बीच 300 प्रेशर कुकर वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में समृद्धि सेल्स ने सहयोग किया। इस अवसर पर संस्था के सिटी चैप्टर प्रचार-प्रसार समन्वयक पौरुष जैन ने बताया कि राउंडटेबल इंडिया और लेडीज सर्कल इंडिया शिक्षा एवं सामुदायिक विकास के क्षेत्र में लगातार काम कर रही हैं। संस्था ने हटिया की हजाम बस्ती में पारसनाथ पब्लिक स्कूल और खूंटी में एनडी ग्रोवर स्कूल की स्थापना में योगदान दिया है। उन्होंने बताया कि संस्था देशभर में अब तक 10 हजार से अधिक क्लासरूम का निर्माण करा चुकी है। पौरुष जैन ने बताया कि करमटोली चौक पर ट्रैफिक पुलिस के लिए अत्याधुनिक स्मार्ट मॉड्यूलर ट्रैफिक पोस्ट का निर्माण भी कराया जा रहा है, जिसका काम अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य 'फ्रीडम थ्रू एजुकेशन' के तहत वंचित बच्चों को शिक्षा के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना और जरूरतमंद समुदायों की सहायता करना है। कार्यक्रम में राउंडटेबल रांची-244 के चेयरमैन संदीप खेमका, वाइस चेयरमैन पौरुष जैन, सचिव अविराज अग्रवाल, अविनाश जैन, लेडीज सर्कल-169 की चेयरपर्सन अंशु गुप्ता, निखिल जैन और स्नेहा जैन सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

झारखंड में दवाओं की कीमतों पर निगरानी के लक्ष्य का 97 प्रतिशत हासिल



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : झारखंड में दवाओं की कीमतों पर निगरानी और उचित मूल्य पर उनकी उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में फार्मास्यूटिकल प्राइस मॉनिटरिंग एंड रिसोर्स यूनिट (पीएमआरयू) ने 97 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिया है। शेष लक्ष्य पूरा कर शत-प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने अधिकारियों को काम में तेजी लाने का निर्देश दिया है। यह निर्देश सोमवार को स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित पीएमआरयू की शासी निकाय की बैठक में दिया गया। बैठक में अपर मुख्य सचिव ने बताया कि भारत सरकार ने पीएमआरयू कार्यक्रम को वित्तीय वर्ष 2030-31 तक विस्तारित करने की स्वीकृति दी है। उन्होंने सभी गतिविधियों की समीक्षा करते हुए निर्धारित लक्ष्यों को तय समयसीमा में पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक में दवाओं के अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) से अधिक कीमत वसूलने, दवाओं के दाम में अनियमित वृद्धि और बाजार में उनकी उपलब्धता की नियमित निगरानी पर जोर दिया गया। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत वसूलने और नियमों का उल्लंघन करने के मामलों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। अपर मुख्य सचिव ने आम लोगों को जागरूक करने के लिए ह्यफार्मा सही दामह्ल मोबाइल ऐप का प्रचार-प्रसार करने का भी निर्देश दिया। इस ऐप के माध्यम से उपभोक्ता दवाओं की कीमत, संरचना और उपलब्धता की जानकारी प्राप्त करने के साथ ही अधिक कीमत वसूले जाने की शिकायत भी दर्ज करा सकते हैं।

झारखंड आन्दोलनकारियों के अधिकारों के लिए 15 नवम्बर से शुरू होगा 'उलगुलान एक क्रांति' कार्यक्रम

- 45 आन्दोलनकारी अनिश्चितकालीन आमरण अनशन पर बैठेंगे, बिरसा चौक से आन्दोलन का होगा आगाज



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : झारखंड आंदोलनकारियों के हक-अधिकार, सम्मानजनक पेंशन और उनके बच्चों को शत-प्रतिशत नौकरी देने की मांग को लेकर झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा 15 नवंबर 2026 से 'उलगुलान एक क्रांति' कार्यक्रम शुरू करेगा। इसकी घोषणा रविवार को कांके के सुंदर नगर में आयोजित रांची जिला स्तरीय बैठक में मोर्चा के संस्थापक प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने की। इस मौके पर पुष्कर महतो ने कहा कि कार्यक्रम के तहत 45 आंदोलनकारी अनिश्चितकालीन आमरण अनशन पर बैठेंगे। झारखंड आंदोलनकारियों और झारखंडियों के अस्तित्व, अस्मिता एवं पहचान को मिटने नहीं दिया जाएगा। अबुआ राज की परिकल्पना को साकार करना सभी झारखंडियों की जिम्मेदारी है। इसी संकल्प के साथ 15 नवंबर को पारंपरिक वाद्ययंत्रों और शस्त्रों के साथ आंदोलनकारी रांची के बिरसा चौक पहुंचकर आंदोलन का आगाज करेंगे। बैठक में दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के प्रभारी अनथन लकड़ा ने कहा कि आंदोलनकारी अपने बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए अंतिम सांस तक संघर्ष करेंगे। बैठक की अध्यक्षता कर रहे विनीत लकड़ा ने कहा कि झारखंड के मूल्यों और पहचान की रक्षा के लिए 15 नवंबर से आंदोलन तेज किया जाएगा। बैठक में शीला कच्छप, हर्षनाथ साहू, अपर्णा बाडा, करुणा बाडा, हरि नाथ साहू, रंथु उरांव, मोतीलाल उरांव, एतवा मुंडा, अनिल पॉल, सुनीता एक्का, प्रवीणा, प्रभु नाथ मासी, हिरनाथ साहू, प्रवीण गुड़िया, मुकुल नायक, प्रशांत बैठा, फलिंदर मुंडा, सहदेव मुंडा और संजय पाहन सहित अन्य लोग मौजूद थे।

अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय में 2027 के दाखिले शुरू, तीन परिसरों में उपलब्ध होंगे विभिन्न पाठ्यक्रम

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2027 के लिए स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश की आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। विश्वविद्यालय के बेंगलुरु, भोपाल और रांची परिसरों में पूर्णकालिक पाठ्यक्रम संचालित किए जाएंगे। स्नातक स्तर पर चार वर्षीय पाठ्यक्रमों के तहत मानविकी, समाज विज्ञान और विज्ञान के विषयों में पढ़ाई का अवसर मिलेगा। वहीं, स्नातकोत्तर स्तर पर शिक्षा, विकास, अर्थशास्त्र, जन स्वास्थ्य, प्रारंभिक बाल शिक्षा एवं देखभाल तथा जलवायु परिवर्तन और सतत विकास जैसे विषय शामिल हैं। रांची परिसर में एमए डेवलपमेंट और एमए एप्लाइड इकोनॉमिक्स की पढ़ाई कराई जाएगी। विश्वविद्यालय की शिक्षण व्यवस्था में नियमित पाठ्यक्रमों के साथ प्रयोगशाला कार्य, इंटर्नशिप, क्षेत्रीय परियोजनाओं, कार्यशालाओं और संगोष्ठियों को भी शामिल किया गया है। विद्यार्थियों को भाषा विकास, व्यावसायिक कौशल, करियर मार्गदर्शन और प्लेसमेंट की सुविधा भी मिलेगी। इसके अलावा, आर्थिक रूप से जरूरतमंद चुनिंदा विद्यार्थियों को पारिवारिक आर्थिक स्थिति और निर्धारित मानदंडों के आधार पर वित्तीय सहायता दी जाएगी।

रिम्स में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 'पैलेस्ट्रा' का शुभारम्भ



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : झारखंड की राजधानी रांची स्थित राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में सोमवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता पैलेस्ट्रा का उत्साहपूर्ण माहौल में शुभारंभ हुआ। रिम्स के निदेशक डीके सिन्हा ने दीप प्रज्ज्वलित कर प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रोफेसर इंचार्ज स्टूडेंट सेक्शन, सब-डीन, विभिन्न विभागों के फैकल्टी सदस्य और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस मौके पर निदेशक डीके सिन्हा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि चिकित्सा शिक्षा केवल अकादमिक उत्कृष्टता तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों का शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहना भी उतना ही जरूरी है। खेलकूद से अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना, आत्मविश्वास और धैर्य जैसे गुणों का विकास होता है। साथ ही, इससे विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना भी मजबूत होती है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लेने और खेल भावना को सर्वोपरि रखने की अपील की। पैलेस्ट्रा रिम्स की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता है, जिसके तहत विभिन्न खेलों और एथलेटिक्स स्पधाओं का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य चिकित्सा विद्यार्थियों में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ शारीरिक फिटनेस के प्रति जागरूकता पैदा करना और सामूहिक सहभागिता की भावना विकसित करना है। रिम्स के जनसंपर्क पदाधिकारी (पीआरओ) शिशिर कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता के शुभारंभ के साथ ही संस्थान परिसर में उत्साह और उमंग का माहौल रहा। विद्यार्थियों ने आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

अमित किशोर को झारखण्ड चैम्बर की सिविक एमेनिटीज (आरएमसी) उपसमिति का चेयरमैन बनाया गया



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा चैम्बर के कार्यकारिणी सदस्य अमित किशोर को सिविक एमेनिटीज (आरएमसी) उप समिति का चेयरमैन मनोनीत किया गया है। उल्लेखनीय है कि अमित किशोर इससे पूर्व भी लगातार दो वर्षों तक इस उप समिति का दायित्व संभाल चुके हैं। उनके पूर्व के अनुभव को देखते हुए उन्हें पुनः यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। अमित किशोर ने इस ज़िम्मेदारी के लिए चैम्बर अध्यक्ष तुलसी पटेल और समस्त कार्यसमिति के प्रति आभार जताया। यह कहा कि पिछले दो वर्षों में इस उप समिति के माध्यम से हमने व्यापारियों एवं शहरवासियों से जुड़े नागरिक सुविधाओं के विभिन्न मुद्दों को निगम के समक्ष उठाकर समाधान का प्रयास किया है। मेरा प्रयास रहेगा कि इस सत्र में रांची नगर निगम से संबंधित समस्याओं के समाधान के साथ-साथ शहर की नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए निरंतर सक्रियता से कार्य करूं।

वनरक्षियों को सर्पदंश और आपात चिकित्सा से निपटने का दिया गया प्रशिक्षण



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

- रिम्स के चिकित्सकों ने महिलौंग स्थित प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित कार्यशाला में 100 से अधिक वनरक्षियों को सिखाये जीवनरक्षक उपाय

रांची : झारखंड राज्य वनरक्षी प्रशिक्षण संस्थान, महिलौंग में सोमवार को वनरक्षियों के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स के एनेस्थीसियोलॉजी विभाग के चिकित्सकों ने प्रशिक्षक के रूप में भाग लिया। कार्यशाला में राज्य के 100 से अधिक वनरक्षियों ने हिस्सा लिया। विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) शिव प्रिये के नेतृत्व में रिम्स की टीम ने संवादात्मक व्याख्यान और व्यावहारिक प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों को आपात स्थितियों से निपटने के तरीके सिखाए। व्याख्यान के दौरान वनरक्षियों को सवाल पूछने और अपनी शंकाओं का समाधान करने का अवसर भी दिया गया। वन क्षेत्रों में ड्यूटी के दौरान वनरक्षियों को अक्सर वन्यजीवों से जुड़ी आपात स्थितियों का सामना करना पड़ता है। इसे ध्यान में रखते हुए एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. तुषार कुमार ने वन्यजीवों के हमले से होने वाली चोटों की स्थिति में तत्काल उठाए जाने वाले जरूरी कदमों की जानकारी दी। डॉ. सौरभ सुमन ने सर्पदंश के उपचार और ऐसी स्थिति में समय पर उठाए जाने वाले कदमों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि वन क्षेत्रों में सर्पदंश की घटनाएं आम हैं। ऐसे मामलों में सही प्राथमिक कदम उठाने के साथ पीड़ित को जल्द से जल्द अस्पताल पहुंचाना जीवन बचाने के लिए बेहद जरूरी है। डॉ. मेजर सौरभ कुमार ने प्रतिभागियों को बेसिक लाइफ सपोर्ट (बीएलएस) का प्रशिक्षण दिया।

डॉ. ख्याति मुंजाल के नेतृत्व में चैरिटेबल चार्म्स की टीम ने मारवाड़ी कॉलेज, रांची का किया दौरा



रांची : चैरिटेबल चार्म्स की चेयरपर्सन डॉ. ख्याति मुंजाल के नेतृत्व में चैरिटेबल चार्म्स की टीम ने मारवाड़ी कॉलेज, रांची का दौरा किया। इस दौरान फैशन डिजाइनिंग डिपार्टमेंट की विभागाध्यक्ष डॉ. डेजी सिन्हा से मुलाकात कर आगामी आयोजन के लिए वॉलंटियर्स के चयन को लेकर चर्चा की गई। इस पहल के प्रति कॉलेज के कई प्रतिभाशाली जेन-जी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक रुचि दिखाई। चयनित वॉलंटियर्स को उनकी सक्रिय सहभागिता और योगदान के लिए चैरिटेबल चार्म्स संस्था की ओर से सर्टिफिकेट प्रदान किए जाएंगे। संस्था द्वारा पूर्व में भी इंटर्नशिप करने वाले विद्यार्थियों, जिनमें अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थी भी शामिल रहे हैं, को उनके कार्य एवं सहभागिता के लिए सर्टिफिकेट प्रदान किए जाते रहे हैं। यह सर्टिफिकेट विद्यार्थियों के अनुभव और प्रोफेशनल प्रोफाइल को मजबूत करने में सहायक होंगे। इस अवसर पर प्रियंका जायसवाल, ब्यूटी पाठक एवं नीलम लकड़ा ने संयुक्त रूप से कहा कि युवाओं को ऐसे मंच और अवसर प्रदान करना उनकी प्रतिभा, आत्मविश्वास एवं लीडरशिप क्षमता को निखारने का एक बेहतरीन माध्यम है।

डीएवी हेहल में तीन दिवसीय साहित्योत्सव 'वाग्मी' का शुभारम्भ

सफल विद्यार्थियों की संरचना ज्ञान के विविध आयामों से ही सम्भव : प्राचार्य

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल में तीन दिवसीय साहित्य उत्सव 'वाग्मी' का आयोजन किया गया। इस तीन दिवसीय कार्यशाला के मुख्य अतिथि डॉ राज कुमार शर्मा, रजिस्ट्रार राँची विश्वविद्यालय रांची ' गेस्ट ऑफ ऑनर डॉ राम किशोर शर्मा फॉर्मर प्रोफेसर अलाहाबाद विश्वविद्यालय एवं डॉ वी एन भलेराव फॉर्मर प्रोफेसर पुणे विश्वविद्यालय थे। विद्यालय के प्राचार्य सह ए आर ओ श्री बिपिन राय ने सभी आगत अतिथियों का स्वागत सैपलिंग व शॉल प्रदान कर किया। कार्यक्रम की शुरूआत गायत्री मंत्र के साथ दीप प्रज्वलन और स्वागत गीत के साथ हुआ। इस तीन दिवसीय समारोह में हिंदी साहित्य और अंग्रेजी साहित्य से जुड़े भाषण प्रतियोगिता, वाद -विवाद, कहानी लेखन, कविता लेखन, आशु भाषण एवं प्रश्नोत्तरी जैसे विषयों का चयन किया गया है। इस



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज कुमार शर्मा ने सभागार को सम्बोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को उद्यमशील व लगनशील होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें विद्यार्थी जीवन को सफल बनाने के लिए अपने ज्ञान का विस्तार करना चाहिए। उन्होंने वाग्मी जैसे कार्यक्रम की सराहना की। विशिष्ट अतिथि डॉ राम किशोर शर्मा ने कहा कि विद्यार्थी, शब्द की साधना करें। बौद्धिक ज्ञान का मंथन करें। विशिष्ट अतिथि डॉ वी एन भालेराव ने अपने सम्बोधन में कहा कि शिक्षा परिवर्तन का नाम है। विचारों का मंथन है।

दूरदर्शन केन्द्र, रांची में कृषि प्रसार कार्यक्रमों के पुनर्रूपण को लेकर कार्यशाला सम्पन्न

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की 'मास मीडिया सपोर्ट टू एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन' (Mass Media Support to Agricultural Extension) योजना के अंतर्गत कृषि प्रसार से जुड़े पुनर्गठित कार्यक्रमों के प्रभावी संचालन एवं क्रियान्वयन को लेकर सोमवार को दूरदर्शन केंद्र, रांची में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में कृषि आधारित कार्यक्रमों के निर्माण, प्रसारण, प्रबंधन एवं डिजिटल माध्यमों पर उनके प्रभावी संचालन से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के तौर पर संजय प्रसाद (DDG Sales) उपस्थित थे। कार्यक्रम प्रमुख सुधीर कुमार ने कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश



डालते हुए कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य कृषि प्रसार कार्यक्रमों की गुणवत्ता में सुधार लाना, कार्यक्रम निर्माण एवं प्रसारण की प्रक्रियाओं को अधिक प्रभावी बनाना तथा विभिन्न दूरदर्शन केंद्रों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है। कार्यशाला के दौरान कार्यक्रमों के निर्माण एवं प्रसारण, सोशल मीडिया संचालन, वित्तीय प्रबंधन, कार्यक्रमों एवं रॉ फुटेज के आदान-प्रदान, संगीत एवं अन्य सामग्री के संग्रहण तथा अभिलेखीकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी साझा की गई। इसके अलावा उपलब्ध संसाधनों के बेहतर उपयोग और भविष्य में कार्यक्रम सामग्री के पारस्परिक उपयोग को लेकर भी चर्चा हुई। कार्यशाला में कृषि प्रसार से संबंधित कार्यक्रमों को अधिक उपयोगी, गुणवत्तापूर्ण एवं किसान हितैषी बनाने पर विशेष जोर दिया गया। प्रतिभागियों को कार्यक्रम निर्माण से लेकर प्रसारण और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सामग्री के प्रचार-प्रसार तक की विभिन्न प्रक्रियाओं की व्यावहारिक जानकारी दी गई। इस कार्यशाला में अश्वनी कुमार, गौतम कुमार वर्मा, अनूप खजूरिया (सलाहकार, डीडी किसान), शालिनी कुशवाह, नीलेश रघुवंशी, सुरेश चंद मीणा, वीरेंद्र कुमार परिहार, श्याम नारायण चौधरी, शम्स हैदर नकवी, विवेक आजाद, देबाशीष हलदर, बिस्वा कुमार दास, नीलम सोना, मुकेश के. चंद्राकर, सुरजीत नस्कर, अब्दुल शकूर हुसैनी एवं सायन चटर्जी सहित विभिन्न दूरदर्शन केंद्रों के अधिकारी एवं कार्यक्रम निर्माण से जुड़े कर्मी उपस्थित रहे। रांची दूरदर्शन केंद्र से कार्यालय प्रमुख के साहू, कार्यक्रम अधिशासी सुशील कुमार, पूर्णिमा कुमारी , सुबाष कुमार, गोविन्द झा, अमन कुमार, अमन गुप्ता एवं प्रभात रंजन उपस्थित थे। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि दूरदर्शन कृषि संबंधी नवीन तकनीकों, वैज्ञानिक पद्धतियों, सरकारी योजनाओं एवं किसानों के लिए उपयोगी जानकारियों को जन-जन तक पहुंचाने का एक प्रभावी माध्यम है। इस प्रकार की कार्यशालाएं कार्यक्रमों की गुणवत्ता बढ़ाने के साथ-साथ कृषि क्षेत्र में जनसंचार की भूमिका को और मजबूत बनाने में सहायक सिद्ध होंगी। कार्यशाला का समापन कृषि प्रसार कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन, बेहतर समन्वय, पारदर्शिता एवं उपलब्ध संसाधनों के अधिकतम उपयोग के संकल्प के साथ हुआ।

हाईकोर्ट के फैसले से व्यापारियों को मिली बड़ी राहत : मुकेश अग्रवाल



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : झारखंड हाईकोर्ट ने रांची के अपर बाजार स्थित जालान रोड की जमीन और दुकानों का लीज रद्द करने तथा उन्हें खाली कराने के रांची नगर निगम के आदेशों को निरस्त कर दिया है। न्यायमूर्ति संजय कुमार द्विवेदी की पीठ ने निगम की कार्रवाई को पर्याप्त कारणों के अभाव में पारित मानते हुए सभी आठ याचिकाकताओं की रिट याचिकाएं स्वीकार कर लीं। अदालत के इस फैसले से किरण देवी मोदी समेत आठ याचिकाकताओं को बड़ी राहत मिली है। अदालत ने मामले को नए सिरे से निर्णय लेने के लिए रांची नगर निगम के पास वापस भेज दिया है। निगम को निर्देश दिया गया है कि सभी संबंधित पक्षों को सुनवाई का उचित अवसर दिया जाए। उनके तर्कों और प्रस्तुत दस्तावेजों पर विचार करने के बाद तर्कसंगत आदेश पारित किया जाए। यह पूरी प्रक्रिया अदालत के आदेश की प्रति प्राप्त होने के 12 सप्ताह के भीतर पूरी करनी होगी। इस फैसले पर झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के लैड रिफॉर्म उपसमिति के चेयरमैन सह रांची नगर निगम किरायेदार संघ के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ने खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट के फैसले से जालान रोड के दुकानदारों और किरायेदारों को बड़ी राहत मिली है। किसी भी व्यापारी या किरायेदार के खिलाफ कार्रवाई करने से पहले उसे अपना पक्ष रखने का उचित अवसर मिलना चाहिए। न्यायालय ने भी निष्पक्ष सुनवाई और दस्तावेजों के आधार पर नए सिरे से निर्णय लेने का निर्देश दिया है।

एक झलक

छठ पूजा से पहले सड़क के गड्ढों की हो मरम्मत, नहीं तो होगा जनआन्दोलन : प्रयाग प्रसाद

बरही : लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को देखते हुए बरही प्रखंड के युवा कांग्रेस नेता प्रयाग प्रसाद ने सड़क की बदहाल स्थिति को लेकर प्रशासन एवं संबंधित विभाग का ध्यान आकृष्ट कराया है। उन्होंने मांग की है कि छठ पूजा से पहले सड़क पर बने गड्ढों की अविलंब मरम्मत कराई जाए, ताकि व्रतियों और श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। प्रयाग प्रसाद ने कहा कि छठ महापर्व के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु विभिन्न छठ घाटों तक पहुंचते हैं। ऐसे में सड़कों पर बने गहरे गड्ढे दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहे हैं। सड़क की जर्जर स्थिति से आम लोगों को भी रोजाना परेशानी झेलनी पड़ रही है। इसके बावजूद संबंधित विभाग की ओर से अब तक ठोस पहल नहीं की गई है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि छठ पूजा से पहले सड़क के गड्ढों की मरम्मत नहीं कराई गई तो युवा कांग्रेस एवं स्थानीय लोगों के साथ मिलकर बाध्य होकर जनआंदोलन किया जाएगा। उन्होंने प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेते हुए अविलंब मरम्मत कार्य शुरू कराने की मांग की है।

बरही अनुमंडल कार्यालय में एसआईआर के नाम से कथित वसूली का सनसनीखेज आरोप

बरही : अनुमंडल कार्यालय से एक बड़ा मामला सामने आया है। प्रधान लिपिक तुलसी श्रीवास्तव पर कागजी प्रक्रिया पूरी करने के नाम पर पैसे मांगने का कथित आरोप लगा है। आरोप है कि आम लोगों से उनके जायज काम के बदले खुलेआम पैसों की मांग की जा रही है। जो वीडियो में पैसा लेते साफ देखा जा रहा है। सरकारी दफ्तर में लोगों का अपना हक का काम कराने के लिए खुले आम पैसे की मांग किया जाता है। लोगों ने इस सम्बंध में वरिय अधिकारीयों से कानूनी कार्रवाई करने की मांग किया है।

मुखिया के हाथों जल मीनार अधिष्ठान का शुभारम्भ



चरही/हजारीबाग : सोमवार को हजारीबाग जिला के मुखिया संघ उपाध्यक्ष सह चुरचू प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष सह बहेरा पंचायत मुखिया देवकी महतो के हाथों, बहेरा पंचायत अंतर्गत ग्राम बहेरा स्थित देवलाल महतो के घर के समीप मुखिया मद से मिले जलमिनर अधिष्ठान का शुभारंभ किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश रहती है की लोगों को शुद्ध पेयजल मिल सके। मौके पर मुखिया देवकी महतो, जाकिर अंसारी, मुकेश कुमार, ओमप्रकाश गिरी, सूरज कुमार, अभिषेक महतो सहित कई लोग मौजूद थे।

चोरों का आतंक, एक ही रात में करीब दर्जन भर दुकानों में चोरी

हजारीबाग : शहर में चोरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। ताजा मामला कोर्रा थाना क्षेत्र का है, जहां चोरों ने एक ही रात में करीब एक दर्जन दुकानों को निशाना बनाकर लाखों रुपये की संपत्ति चोरी कर ली। चोरों ने देवांगना चौक से नीलांबर-पीतांबर चौक तक सड़क किनारे स्थित दुकानों की एस्बेस्टस छत काटकर वारदात को अंजाम दिया। इस घटना से इलाके के छोटे कारोबारियों में भय और आक्रोश व्याप्त है। जानकारी के अनुसार, चोरों ने मोबाइल रिपेयरिंग, जूता-चप्पल मरम्मत, सब्जी और फल सहित कई छोटी दुकानों को निशाना बनाया। दुकानों से नकदी, मोबाइल फोन, कीमती उपकरण और अन्य सामान चोरी कर लिए गए। सुबह जब दुकानदार अपनी दुकान खोलने पहुंचे तो टूटी छत और बिखरे सामान देखकर उनके होश उड़ गए। एक साथ कई दुकानों में चोरी की घटना सामने आने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। पीड़ित दुकानदारों का कहना है कि छोटी दुकानों की कमाई से ही उनके परिवार का भरण-पोषण होता है। ऐसे में एक ही रात में हुई चोरी से उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है।

आवासीय बालिका बैडमिंटन प्रशिक्षण केन्द्र का उपायुक्त ने किया उद्घाटन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

हजारीबाग : हजारीबाग के कर्जन ग्राउंड स्थित आवासीय बालिका बैडमिंटन प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ सोमवार को उपायुक्त हेमन्त सती ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने संपूर्ण परिसर का निरीक्षण करते हुए हॉस्टल, किचेन, बेड, बिजली व्यवस्था सहित खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध आवासीय एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को खिलाड़ियों के लिए सुरक्षित एवं बेहतर वातावरण के साथ सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि इस केंद्र के माध्यम से राज्यभर की प्रतिभाशाली बालिका खिलाड़ियों को आधुनिक सुविधाओं के साथ गुणवत्तापूर्ण बैडमिंटन प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यहां प्रशिक्षण प्राप्त कर बालिका खिलाड़ी भविष्य में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए हजारीबाग जिला एवं झारखंड राज्य का नाम रोशन करेंगी। उल्लेखनीय है कि झारखंड सरकार के खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय के अंतर्गत संचालित इस आवासीय प्रशिक्षण केंद्र में 25 बालिका खिलाड़ियों के प्रशिक्षण एवं आवासन की व्यवस्था है। राज्यस्तरीय ट्रायल



एवं टैलेंट हंट के माध्यम से चयनित बालिकाओं को आवास, भोजन एवं खेल प्रशिक्षण सहित आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इस अवसर पर जिला खेल पदाधिकारी कैलाश राम सहित संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

डॉ. प्रदीप वर्मा के नेतृत्व में झारखंड फुटबॉल को नयी ऊर्जा मिलने की उम्मीद



हजारीबाग : राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री डॉ. प्रदीप वर्मा के झारखंड फुटबॉल संघ का अध्यक्ष बनने पर राज्यभर के फुटबॉल खिलाड़ियों, रेफरियों और खेल प्रेमियों में खुशी की लहर है। उनके अध्यक्ष बनने से झारखंड में फुटबॉल के विकास को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। वहीं, लंबे समय से संघ की कार्यप्रणाली से परेशान खिलाड़ियों, रेफरियों और फुटबॉल के विकास के लिए अपना बहुमूल्य समय देने वाले लोगों की उम्मीदें भी अब नए अध्यक्ष पर टिकी हैं। हजारीबाग जिला फुटबॉल संघ से जुड़े मुरारी सिन्हा, जो बिहार-झारखंड में फुटबॉल कोच और क्लास वन फुटबॉल रेफरी रह चुके हैं, ने डॉ. प्रदीप वर्मा को अध्यक्ष बनने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि डॉ. वर्मा के नेतृत्व में झारखंड फुटबॉल को नई ऊर्जा मिलेगी। राज्य के विभिन्न जिलों के फुटबॉल खिलाड़ियों और संघ से जुड़े सदस्यों को लंबे समय से कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें उम्मीद है कि नए अध्यक्ष के नेतृत्व में इन समस्याओं का समाधान होगा और योग्य खिलाड़ियों, रेफरियों तथा फुटबॉल के लिए समर्पित लोगों को उचित अवसर एवं सम्मान मिलेगा। उन्होंने आशा जताई कि नए नेतृत्व में झारखंड फुटबॉल संघ की कार्यप्रणाली में सुधार होगा और राज्य में फुटबॉल की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का बेहतर अवसर मिलेगा। लोगों ने दी बधाई डॉ. प्रदीप वर्मा को बधाई देने वालों में हजारीबाग जिला फुटबॉल संघ से जुड़े नजरुल हसन, अशोक भट्टाचार्य, लाल किशोर प्रसाद, राजेश श्रीवास्तव, बहादुर राम, सरफराज अहमद, प्रमोद राम, भोला राणा, धनेश्वर गोप, जितेंद्र कुमार, सिटी गोप, सुरेंद्र शुक्ला, उमेश कुमार, पंकज पटेल, संतोष महतो, रंजीत अग्रवाल, अंतिम कुमार, चंदेश्वर यादव, अभिषेक कुमार उर्फ गुड्डू, पवन कुमार, सुभाष दांगी, शशि यादव, सरोज कुमार, परमेश्वर कुमार, सिकंदर यादव, ओंकार राय भट्ट, सफीउल्लाह, कार्तिक कुमार, परमेश्वर महतो और मनोज कुमार सहित अन्य फुटबॉल प्रेमी शामिल हैं।

ईसाई धर्मावलंबियों ने श्रद्धा से सजायीं पूर्वजों की कब्रें

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

कटकमसांडी (हजारीबाग) : कब्र पर्व के अवसर पर हजारीबाग के ईसाई धर्मावलंबियों ने श्रद्धा और आस्था के साथ अपने पूर्वजों को याद किया। इस अवसर पर शहर के कब्रिस्तान में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और अपने दिवंगत पूर्वजों की कब्रों को फूलों, मोमबत्तियों और अन्य सजावटी सामग्री से सुंदर ढंग से सजाया। कब्रिस्तान में दिनभर श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। लोगों ने अपने पूर्वजों की कब्रों पर कैंडल जलाकर और अगरबत्ती अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। शाम होते ही कैंडल की रोशनी से पूरा कब्रिस्तान जगमगा उठा। इस दौरान श्रद्धा और भावुकता से भरा वातावरण बना रहा। कब्र पर्व के अवसर पर कब्रिस्तान में ही विशेष मिस्सा (प्रार्थना सभा) का



आयोजन किया गया। धर्मगुरुओं ने विशेष प्रार्थना कर दिवंगत पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। श्रद्धालुओं ने भी सामूहिक रूप से प्रार्थना में भाग लिया और अपने पूर्वजों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त की। इस अवसर पर परिवार के सदस्य अपने दिवंगत परिजनों की कब्रों पर पहुंचे। कई लोगों ने कब्रों की साफ-सफाई कर उन्हें फूलों से सजाया और मोमबत्ती जलाकर अपने पूर्वजों को श्रद्धापूर्वक याद किया। बुजुर्गों के साथ बड़ी संख्या में बच्चे और युवा भी कब्रिस्तान पहुंचे। कब्र पर्व ईसाई समुदाय के लिए अपने दिवंगत पूर्वजों को स्मरण करने, उनके प्रति सम्मान व्यक्त करने और उनके लिए प्रार्थना करने का महत्वपूर्ण अवसर माना जाता है। हजारीबाग में भी लोगों ने पूरे श्रद्धाभाव के साथ इस परंपरा का निर्वहन किया।

21वीं सदी में भी चुआं के पानी पर निर्भर शाहपुर का दोबुला टोला

कटकमसांडी (हजारीबाग) : एक ओर जहां देश विकास और आधुनिक सुविधाओं के नए आयाम छू रहा है, वहीं कटकमसांडी प्रखंड के शाहपुर गांव स्थित पाहीपर दोबुला टोला के लोग आज भी पीने के पानी के लिए चुआं पर निर्भर हैं। टोला में रहने वाले अनुसूचित जाति के परिवारों के सामने स्वच्छ पेयजल की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। ग्रामीणों के अनुसार, टोला के आगे और पीछे दोनों ओर जलमीनार स्थापित की गई है। इसके बावजूद दोबुला टोला के किसी भी परिवार के घर तक नल का कनेक्शन नहीं पहुंचाया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि जलमीनार के पास पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध है, लेकिन योजना का लाभ उनके घरों तक नहीं पहुंचने के कारण उन्हें मजबूरी में चुआं का पानी इस्तेमाल करना पड़ रहा है।

हजारीबाग के वुशु खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय सीनियर चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन, एक स्वर्ण सहित छह पदक जीते

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

हजारीबाग : खूंटी में आयोजित 22वीं झारखंड राज्य स्तरीय सीनियर वुशु चैंपियनशिप में हजारीबाग के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा और दमखम का शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले को गौरवान्वित किया। झारखंड वुशु एसोसिएशन के तत्वावधान में 31 अक्टूबर से 1 नवंबर 2026 तक खूंटी स्थित बैडमिंटन इंडोर हॉल में आयोजित इस प्रतियोगिता में हजारीबाग के खिलाड़ियों ने एक स्वर्ण एवं पाँच कांस्य सहित कुल छह पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिता में हजारीबाग के विशाल राणा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं धनराज कुमार, मो. अमन अंसारी, दिव्या लक्ष्मी, छवि



कुमारी एवं सचिन कुमार यादव ने अपने-अपने भार वर्ग में कांस्य पदक जीतकर जिले की पदक तालिका में इजाफा किया। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हजारीबाग जिले से कुल 14 खिलाड़ियों ने सांडा (फाइट) स्पर्धा के विभिन्न भार वर्गों में हिस्सा लिया। खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा, तकनीकी कौशल एवं खेल भावना का शानदार प्रदर्शन किया। इस उपलब्धि पर हजारीबाग वुशु एसोसिएशन के संरक्षक आचार्य कौटिल्य एवं भैया मुरारी सिन्हा, अध्यक्ष पुष्पा शास्त्री, सचिव सरोज कुमार मालाकार तथा सिंग राय सुंडी, अंकिता कुजूर, पंकज गुप्ता एवं मनोज कुमार ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

चन्द्रगुप्त कोल परियोजना के खिलाफ जारी ग्रामीणों के धरने के समर्थन में पहुंचे विधायक



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

केरेडारी : सीसीएल की चन्द्रगुप्त कोल परियोजना प्रबंधन व एमडीओ कम्पनी सुशी इंफ्रा के खिलाफ रोजगार की मांग को लेकर पचड़ा पंचायत के युवावों व ग्रामीणों के द्वारा धरना प्रदर्शन दूसरे दिन सोमवार को भी जारी रहा! स्थानीय ग्रामीण युवा रोजगार की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन के दूसरे दिन भी डटे रहे व अपनी मांगों को कोल प्रबंधन कम्पनी के समक्ष जोरदार तरीके से रखा। इस दौरान सुशी इंफ्रा के जिएम आर एस यादव के खिलाफ ग्रामीणों की नाराजगी खुलकर सामने आई व लोग जिएम की कार्यशैली से बेहद नाराज दिखे। धरना प्रदर्शन की सुचना मिलने पर बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक रौशनलाल चौधरी भी धरना स्थल पर पहुंचे व ग्रामीणों के प्रदर्शन का समर्थन किया। लोगों को सम्बोधित करते हुए विधायक रौशनलाल चौधरी ने कहा की कोल कम्पनी को हर हाल में यहां के स्थानीय युवावों को रोजगार देना हीं होगा। मैं यहां के ग्रामीणों व स्थानीय युवावों की मांगो समर्थन में हूं! धरना स्थल में विधायक के शामिल होने की सुचना पर सीसीएल की चन्द्रगुप्त कोल परियोजना के एमडीओ सुशी इंफ्रा के जिएम आर एस यादव,प्रमुख सुनीता सेवी, केरेडारी सीओ बिपिन चंद्र विश्वास, केरेडारी थाना प्रभारी वेद प्रकाश पाण्डेय भी धरना स्थल पर पहुंचे व ग्रामीणों के साथ बैठ कर विस्तार से वार्ता किया।

आज हजारीबाग चलने का किया गया आह्वान

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

विष्णुगढ़ : विष्णुगढ़ गोमिया मार्ग स्थित झारखंड मैरेज हॉल में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल की मासिक संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रवि कुमार पांडेय ने की, जबकि संचालन मंडल महामंत्री राजेश सोनी ने किया। बैठक की शुरूआत में भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह की माता के निधन पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर मुख्य रूप से हजारीबाग जिला महामंत्री सर्वेश सिंह, पश्चिमी मंडल प्रभारी भुवनेश्वर पटेल उपस्थित रहे। इस दौरान लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ सहित संगठन की मजबूती पर



विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी। बैठक में आगामी 3 नवंबर 2026 को आयोजित होने वाली लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान पदयात्रा को सफल बनाने के लिए विस्तृत रणनीति तैयार की गई। जिला महामंत्री सर्वेश सिंह, मंडल प्रभारी भुवनेश्वर पटेल, मंडल अध्यक्ष रवि कुमार पांडे ने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से पदयात्रा की तैयारियों में पूरी तत्परता से जुटने तथा अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पार्टी के कार्यक्रमों की सफलता कार्यकर्ताओं की सक्रियता और सामूहिक प्रयास पर निर्भर करती है। जिला महामंत्री सर्वेश सिंह ने सभी कार्यकर्ताओं से आपसी मतभेदों को दूर रखकर पार्टी के कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने तथा हजारीबाग में आयोजित लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की। वही मंडल अध्यक्ष रवि कुमार पांडेय ने कहा कि अधिक से अधिक संख्या में लोग पहुंचकर लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान को सफल बनाएं।

नवादा पौधशाला में मजदूरी घोटाला, सरकारी दर से कम स्विच और फर्जी खातों से निकासी का आरोप

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

विष्णुगढ़ : हजारीबाग पूर्वी वन प्रमंडल के बगोदर वन प्रक्षेत्र के अंतर्गत आने वाली नवादा स्थायी पौधशाला वित्तीय अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों को लेकर सुर्खियों में है। यहाँ काम करने वाले पसीने की कमाई करने वाले मजदूरों ने वन विभाग के अधिकारियों पर गंभीर शोषण का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि उन्हें सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी से वंचित रखा जा रहा है और बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है।

प्रमुख खुलासे और अनियमितताएं

न्यूनतम मजदूरी की अनदेखी : मजदूरों के अनुसार, सरकार द्वारा निर्धारित वर्तमान न्यूनतम दैनिक मजदूरी 468 रुपये है। पहले बैंक खातों के जरिए 433 रुपये की दर से भुगतान होता था, लेकिन अब बैंक खातों के बजाय उन्हें मनमाने ढंग से नकद और निर्धारित दर से काफी कम राशि दी जा रही है।

फर्जी खातों से पैसों की निकासी

मामले का सबसे खतरनाक पहलू यह



है कि विभाग द्वारा उन लोगों के खातों में मजदूरी भेजी जा रही है जो पौधशाला में कभी काम करने आते ही नहीं हैं। बाद में उन बाहरी या फर्जी लोगों के खातों से पैसे निकालकर काम करने वाले मजदूरों को थमा दिए जाते हैं। जिन लोगों के नाम पर ये खेल चल रहा है उन्हें इसकी भनक तक नहीं है।

कड़ी मेहनत, पर हकों पर डाकाः मजदूरों का दर्द है कि वे भीषण गर्मी, कड़ाके की ठंड और मूसलाधार बारिश जैसी कठिन परिस्थितियों में हाड़तोड़ मेहनत करते हैं, लेकिन उनके हक की राशि में विभागीय मिलीभगत से कटौती की जा रही है।

अधिकारियों का पक्ष और तीखे सवाल जब इस पूरे मामले पर फॉरेस्टर संजीत दास से बात की गई, तो उन्होंने सफाई देते हुए कहा कि सभी स्थायी मजदूरों को सरकारी नियमों के अनुसार ही निर्धारित राशि का भुगतान किया जा रहा है।

'बहेरी पंचायत पैक्स चुनाव में अशोक कुमार महतो ने हासिल की जीत

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

दारू/हजारीबाग : हजारीबाग के बहेरी पंचायत में पैक्स (प्राथमिक कृषि साख समिति) का चुनाव शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। झारखंड सहकारिता विभाग के अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव जी, अनूप कुमार जी एवं गोपाल कुमार जी की उपस्थिति में चुनाव की पूरी प्रक्रिया संपन्न कराई गई। चुनाव में अशोक कुमार महतो जी ने 22 मतों के अंतर से जीत हासिल कर पैक्स अध्यक्ष पद पर विजय प्राप्त की। इस अवसर पर कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह जी ने नवनिर्वाचित पैक्स अध्यक्ष अशोक कुमार महतो जी को जीत की हार्दिक बधाई एवं



शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास जताया कि अशोक कुमार महतो जी अपने कार्यकाल में किसानों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए उनके विकास एवं कल्याण के लिए समर्पित भाव से कार्य करेंगे। इस दौरान मुखिया पवन कुमार यादव जी, उप प्रमुख रविकांत सिंह जी, पूर्व पैक्स अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार जी, पूर्व जिला परिषद अशोक कुमार महतो जी, राजकिशोर दास जी, इलियास अंसारी जी, शंकर राम जी, उमेश ठाकुर जी, रविंद्र कुशवाहा जी, अमन साव जी, अरुण सिंह जी, श्याम प्रसाद जी, दिलचंद राम जी, रोशन राम जी, अमित सिन्हा जी, रॉकी सिन्हा जी, प्रीतम कुमार जी, प्रमोद पासवान जी, विक्की कुमार जी, जितेंद्र कुमार राम जी, सुधीर कुमार दास जी, गौतम कुमार जी एवं मनोज पासवान जी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

जन्म, मृत्यु व विवाह निबंधन की सुगम व्यवस्था सुनिश्चित करने की नगर निगम की पहल

हजारीबाग : नगर निगम हजारीबाग द्वारा आम नागरिकों को जन्म, मृत्यु एवं विवाह निबंधन प्रमाण पत्र बनवाने में होने वाली समस्याओंऊ के त्वरित समाधान के लिए पहल की गई है। इस संबंध में नगर आयुक्त की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्देश दिया गया कि आम नागरिकों को जन्म, मृत्यु एवं विवाह निबंधन प्रमाण पत्र प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की असुविधा या कठिनाई नहीं होनी चाहिए। पूरी प्रक्रिया को सरल, सुगम एवं पारदर्शी बनाया जाये। नगर निगम की ओर से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जन्म, मृत्यु अथवा विवाह निबंधन से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या, शिकायत या कठिनाई होने पर नागरिक सीधे अपर नगर आयुक्त प्रदीप कुमार से संपर्क कर सकते हैं।

किसानों को मृदा स्वास्थ्य संरक्षण के प्रति किया गया जागरूक

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

इचाक : प्रखंड के परासी पंचायत अंतर्गत ग्राम परासी में सोमवार को 'खेत बचाओ अभियान' के तहत ग्रामीणों, महिलाओं एवं किसानों की सहभागिता से जागरूकता बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य किसानों को मिट्टी के स्वास्थ्य संरक्षण, उर्वरकों के संतुलित उपयोग तथा टिकाऊ कृषि पद्धतियों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में कृषि विभाग के प्रतिनिधियों, पंचायत जनप्रतिनिधियों, किसान मित्रों एवं ग्रामीणों ने भाग लेकर कृषि भूमि की उर्वरता बनाए रखने और खेती को अधिक लाभकारी बनाने पर विचार-विमर्श किया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रखंड तकनीकी प्रबंधक (बीटीएम) पुष्पा कुमारी ने किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग की जानकारी



दी। उन्होंने कहा कि किसानों को मिट्टी की आवश्यकता और फसल के अनुसार ही उर्वरकों का उचित मात्रा में प्रयोग करना चाहिए। अनावश्यक रूप से रासायनिक खादों का इस्तेमाल करने से बचना जरूरी है। सहायक तकनीकी प्रबंधक (एटीएम) रमा कुमारी ने मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेतों की उर्वरता एवं उत्पादकता को लंबे समय तक बनाए रखने के लिए जैविक खाद, हरी खाद तथा अन्य वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों को अपनाना चाहिए ' इस अवसर पर मुखिया नंदकिशोर कुमार मेहता ने कहा कि कृषि भूमि किसानों की सबसे बड़ी पूंजी है। किसान मित्र संघ के प्रखंड अध्यक्ष दिगंबर कुमार मेहता ने कहा कि खेत बचाओ अभियान का उद्देश्य किसानों एवं ग्रामीण समुदाय को जागरूक कर मिट्टी के स्वास्थ्य का संरक्षण, उर्वरकों का विवेकपूर्ण उपयोग और टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देना है।

विनोबा भावे विश्वविद्यालय के UCET में संस्कृत अध्ययन केन्द्र के सत्र 2026-27 के प्रमाणपत्रीय पाठ्यक्रम का शुभारम्भ

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

हजारीबाग : विनोबा भावे विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (वउएळ) में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा संचालित संस्कृत अध्ययन केन्द्र के सत्र 2026-27 के प्रमाणपत्रीय पाठ्यक्रम का शुभारम्भ कर दिया गया है। इसकी जानकारी देते हुए यूसेट के प्राध्यापक डॉ अरुण कुमार मिश्रा ने सोमवार को बताया कि शुभारम्भ समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में वउएळ के निदेशक डॉ. आशीष कुमार साहा उपस्थित थे। साथ ही संस्कृत अध्ययन केन्द्र के पाठ्यक्रम समन्वयक सुवीर



कुमार, केन्द्र के शिक्षक राजदीप घोष, वउएळ के अन्य प्राध्यापकगण तथा संस्कृत अध्ययन केन्द्र के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। मङ्गलाचरण के साथ समारोह का शुभारम्भ हुआ। कार्यक्रम का संचालन संस्कृत अध्ययन केन्द्र के शिक्षक राजदीप घोष ने किया। सर्वप्रथम संस्कृत अध्ययन केन्द्र के पाठ्यक्रम समन्वयक माननीय सुवीर कुमार ने पाठ्यक्रम के उद्देश्य, स्वरूप एवं महत्त्व के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। तत्पश्चात उरए विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अरुण कुमार मिश्रा ने संस्कृत भाषा की महत्ता पर संस्कृत भाषा में संक्षिप्त उद्बोधन प्रस्तुत किया। उन्होंने UCET परिसर में संस्कृत अध्ययन केन्द्र के संचालन हेतु केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के प्रति आभार व्यक्त किया। इसके पश्चात वउएळ के निदेशक डॉ. आशीष कुमार साहा ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारा उद्देश्य केवल संस्कृत भाषा में उपाधि अथवा प्रमाणपत्र प्राप्त करना ही नहीं होना चाहिए, अपितु संस्कृत भाषा का दैनिक जीवन में प्रयोग करना भी हमारा प्रमुख लक्ष्य होना चाहिए। तत्पश्चात गणित विभाग के प्राध्यापक डॉ खेमलाल महतो ने गत वर्ष संस्कृत अध्ययन केन्द्र के पाठ्यक्रम में अपने अध्ययन-अनुभवों को सभी के समक्ष साझा किया। शान्तिमन्त्र के पाठ के साथ उद्घाटन सत्र का विधिवत समापन हुआ।

महाविद्यालय में अवलोकन कार्य एवं पाठ योजना निर्माण पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

विष्णुगढ़ : प्रखंड के बनासो स्थित दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में बी.एड. प्रशिक्षुओं के शैक्षणिक एवं व्यावसायिक कौशल के विकास के उद्देश्य से 'अवलोकन कार्य एवं पाठ योजना निर्माण' विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन दीपप्रज्वलन कर किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य प्रशिक्षु शिक्षकों को विद्यालयी परिवेश, शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया, कक्षा प्रबंधन, शिक्षक एवं विद्यार्थियों के व्यवहार तथा शिक्षण विधियों के व्यवस्थित अवलोकन के प्रति जागरूक करना था। इसके साथ ही प्रशिक्षुओं को प्रभावशाली पाठ योजना तैयार करने की प्रक्रिया, उसके विभिन्न चरणों, शिक्षण उद्देश्यों के निर्धारण, शिक्षण-अधिगम सामग्री के उपयोग तथा मूल्यांकन की विधियों की व्यावहारिक जानकारी विशेषज्ञों द्वारा प्रदान की गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० सुनील कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि शिक्षक प्रशिक्षण में सैद्धांतिक ज्ञान के साथ व्यावहारिक अनुभव का विशेष महत्व है। ऐसी कार्यशालाएं प्रशिक्षुओं में आत्मविश्वास, रचनात्मकता एवं प्रभावी शिक्षण कौशल



विकसित करने में सहायक होती हैं। इस मौके पर आईक्यूऐसी कॉर्डिनेटर एवं एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ कुमारी स्वर्णा मिश्र, एच ओ डी डॉ. बबली कुमारी, डॉ. ओमकार नाथ शर्मा, वीरेंद्र देव, राघवेंद्र प्रताप, डॉ. सतीश चंद यादव, अशोक कुमार झा, सरोज श्रीवास्तव, राजेश कुमार बर्मा, प्रवीण कुमार जायसवाल, विपिन कुमार, जितेंद्र कुमार, अदृश मुखर्जी, जयपाल राणा, डॉ० अम्बरीश कुमार दुबे, डॉ० विजयकांत चक्रवर्ती, सीमा, अजीत कुमार,भुवनेश्वर कुमार महतो, डॉङ्क कुमारी मेधा, संतोष कुमार, विनोद कुमार, धर्मनाथ महतो, सौरभ सुमन, प्रीती, पुनम हेमब्रम, आजाद , नाजरा, सुनीता, बीङ्कएडङ्क एवं डी एल एड संकाय के प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

एक झलक

प्रभारी प्रधानाध्यापक सुबोध महतो का निधन, शिक्षकों व जनप्रतिनिधियों ने जताया शोक

धनबाद : उत्क्रमित मध्य विद्यालय भुइयां पहाड़पुर के प्रभारी प्रधानाध्यापक सुबोध महतो (48) का सोमवार को रांची के सेमफोर्ड अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। वह लाठाटांड़ गांव के निवासी थे। पिछले तीन माह से विभिन्न अस्पतालों में उनका इलाज चल रहा था। सोमवार पूर्वाह्न उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके असामयिक निधन की खबर से शिक्षकों, परिजनों और क्षेत्र के लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। सुबोध महतो के निधन पर विद्यालय के शिक्षकों एवं शिक्षक संघ ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। शिक्षकों ने उनके निधन को शिक्षा जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए कहा कि उनके योगदान और कार्यशैली को हमेशा याद किया जाएगा। शोक व्यक्त करने वालों में राजेश मंडल, रेवती रमण, विजय कुमार महतो, मनोज महतो, जगन्नाथ लाल कुंदन सहित अन्य शिक्षक शामिल हैं। इधर, निधन की सूचना मिलने पर जिला परिषद सदस्य वाणी देवी, सांसद प्रतिनिधि गिरधारी महतो, झारखंड आंदोलनकारी शंकर किशोर महतो, मुखिया बाबूलाल महतो, राजेंद्र महतो, पंचायत समिति सदस्य धनंजय प्रसाद महतो, अजीत महतो और गायत्री देवी सहित कई लोगों ने शोक व्यक्त किया। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

बीबीएमकेयू प्रशासन के खिलाफ आजसू छात्र संघ की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल

धनबाद : बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय (बीबीएमकेयू) प्रशासन की नीतियों के खिलाफ आजसू छात्र संघ के कार्यकर्ता सोमवार को विश्वविद्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठ गए। छात्र संघ ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर वित्तीय गड़बड़ी सहित कई गंभीर आरोप लगाते हुए विभिन्न मांगों के समाधान की मांग की है। आजसू छात्र संघ के प्रदेश सचिव विशाल महतो ने मीडिया से बातचीत में कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन की कार्यशैली से छात्र और अभ्यर्थी परेशान हैं। पीएचडी प्रवेश परीक्षा का नोटिफिकेशन जारी नहीं होने से अभ्यर्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, सीनेट की बैठक और दीक्षांत समारोह से संबंधित पूर्व में सौंपे गए आवेदनों पर भी प्रशासन ने कोई लिखित जवाब नहीं दिया है। छात्र संघ ने पूर्व में जारी आउटसोर्सिंग निविदा को निरस्त कर झारखंड सरकार की नवीनतम न्यूनतम मजदूरी एवं संशोधित वीडीए दरों के आधार पर नई निविदा आमंत्रित करने की मांग की है। इसके अलावा केंद्र एवं राज्य सरकार की नीतियों और जेम के प्रावधानों के अनुरूप पात्र एमएसएमई इकाइयों तथा श्रम सहकारी समितियों को टर्नओवर, कार्यानुभव एवं ईएमडी में नियमानुसार छूट देने की मांग उठाई गई है। विशाल महतो ने कहा कि मांगों पर विश्वविद्यालय प्रशासन सकारात्मक निर्णय नहीं लेता है, तो भूख हड़ताल जारी रहेगी।

सेवानिवृत्ति सेवा का अंत नहीं, जीवन की नयी पारी की शुरुआत : एसएसपी

धनबाद : धनबाद पुलिस केंद्र में सोमवार को पांच पुलिसकर्मियों को उनकी लंबी और समर्पित सेवाओं के बाद सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। सेवानिवृत्ति सह विदाई समारोह में पुलिस विभाग के अधिकारियों और जवानों ने सेवानिवृत्त कर्मियों के योगदान को याद करते हुए उनके सुखद भविष्य की कामना की। सेवानिवृत्त होने वालों में पुलिस अवर निरीक्षक मुन्ना चौधरी, बन्ने उरांव और बाजुन हेम्ब्रम तथा हवलदार निरंजन कालिंदी और गिरेंद्र मांझी शामिल हैं। वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने सभी को अंगवस्त्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। एसएसपी ने कहा कि पुलिस की नौकरी केवल पेशा नहीं, बल्कि समाज और आम नागरिकों की सुरक्षा के प्रति समर्पण का दायित्व है। सभी सेवानिवृत्त कर्मियों ने अपने सेवाकाल में कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और ईमानदारी के साथ जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। पुलिस विभाग में उनका योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति सेवा का अंत नहीं, बल्कि जीवन की नई पारी की शुरुआत है। एसएसपी ने सभी कर्मियों को परिवार के साथ समय बिताने, स्वास्थ्य का ध्यान रखने और नई जिंदगी को उत्साह के साथ जीने की शुभकामनाएं दीं। समारोह में डीएसपी प्रकाश सोय, प्रदीप साव, कुमार विनोद, रोहित साव, सर्जेंट मेजर अवधेश कुमार समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं जवान उपस्थित थे।

मनईटांड़ में सरकारी जमीन पर कब्जे का प्रयास विफल, प्रशासन ने हटायी अवैध बाउंड्री

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद : सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे के प्रयास के खिलाफ जिला प्रशासन और पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। धनसार थाना क्षेत्र के मनईटांड़ में बीती रात सरकारी भूमि पर सीमेंटेड शीट की बाउंड्री खड़ी कर कब्जा करने की कोशिश को प्रशासन ने विफल कर दिया। मामले में गणेश यादव की संलिप्तता सामने आई है। कार्रवाई के दौरान मौके से एक स्कूटी जब्त की गई है। इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन और वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के निर्देश पर प्रशासन एवं पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माण को तत्काल हटवाया। सोमवार को सदर अंचल अधिकारी राम प्रवेश कुमार और धनसार थाना प्रभारी मनोहर करमाली ने घटनास्थल का संयुक्त निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया।



निरीक्षण के दौरान अंचल अधिकारी ने सरकारी जमीन की जल्द मापी कराने की बात कही। उन्होंने बताया कि भूमि का सीमांकन कर सरकारी योजनाओं के लिए उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा। सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों को चिह्नित कर अतिक्रमण वाद के तहत नोटिस जारी किया जाएगा तथा जमीन को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अतिक्रमणकारियों को स्वयं कब्जा हटाने की चेतावनी दी गई है। ऐसा नहीं करने पर प्रशासन और पुलिस द्वारा अतिक्रमण हटाने के साथ कानूनी कार्रवाई भी की जायेगी।

उर्दू प्राथमिक विद्यालय की 10 डिसमिल जमीन पर कब्जे का आरोप, डीसी से गुहार

बाघमारा (धनबाद) : निचितपुर-1 पंचायत के श्यामडीह गांव स्थित उर्दू प्राथमिक विद्यालय की जमीन पर कथित अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने इस संबंध में उपायुक्त धनबाद को आवेदन देकर विद्यालय की जमीन कब्जामुक्त कराने की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ लोगों ने विद्यालय की संयुक्त जमीन में से करीब 10 डिसमिल पर जबरन कब्जा कर बाउंड्रीवाल खड़ी कर दी है। उक्त जमीन मौजा गोपालपुर, मौजा नंबर 248, खाता नंबर 43 एवं प्लॉट नंबर 223 में स्थित है। कुल 22 डिसमिल जमीन में से 10 डिसमिल पर कब्जा किए जाने का दावा किया गया है। ग्रामीणों के अनुसार, विद्यालय में चारदीवारी नहीं होने के कारण बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी रहती है। वहीं, जमीन का पर्याप्त हिस्सा उपलब्ध नहीं होने से विद्यार्थियों के खेलकूद पर भी असर पड़ रहा है। विद्यालय में शौचालय निर्माण सहित अन्य जरूरी सुविधाएं विकसित करने में भी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की जांच कराकर विद्यालय की जमीन पर निर्मित बाउंड्रीवाल हटाने और भूमि को कब्जामुक्त कराने की मांग की है, ताकि बच्चों को सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। आवेदन की प्रतिलिपि बाघमारा अंचलाधिकारी, धनबाद के उप विकास आयुक्त एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी को भी भेजी गई है। आवेदन पर जावेद अंसारी, इस्लाम अंसारी, अताउल्लाह अंसारी समेत कई ग्रामीणों के हस्ताक्षर हैं।

बारामुड़ी खटाल के लोगों ने कागजात पेश करने के लिए मांगा समय, नहीं तो खाली करनी होगी जमीन



धनबाद : बारामुड़ी खटाल में सरकारी जमीन पर कथित अतिक्रमण के खिलाफ जिला प्रशासन की कार्रवाई तेज हो गई है। करीब 18 एकड़ जमीन की मापी और सर्वे के बाद 155 घरों व दुकानों को अनाधिकृत चिह्नित कर नोटिस जारी किया गया है। नोटिस का जवाब देने के लिए निर्धारित 2 नवंबर को बारामुड़ी खटाल के लोग धनबाद अंचल कार्यालय पहुंचे और जमीन से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए अतिरिक्त समय मांगा। खटालवासियों का कहना है कि जमीन के कागजात जुटाने के लिए उन्हें और समय दिया जाना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि करीब 20-22 वर्ष पूर्व तत्कालीन उपायुक्त ने बेकार बांध से हटाकर उन्हें बारामुड़ी में बसाया था। ऐसे में उन्हें किसी भी परिस्थिति में यहां से हटाया नहीं जाना चाहिए। वहीं धनबाद अंचल अधिकारी ने स्पष्ट किया कि सरकारी जमीन पर अतिक्रमण के खिलाफ अतिक्रमणवाद की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। मापी के बाद प्रथम नोटिस जारी कर सभी संबंधित लोगों से जमीन के दस्तावेज मांगे गए हैं। लोगों के अनुरोध पर जवाब देने के लिए समय दिया जा रहा है। निर्धारित अवधि में वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर जमीन खाली करने का नोटिस जारी किया जाएगा। इसके बाद भी जमीन खाली नहीं करने पर प्रशासन बलपूर्वक अतिक्रमण हटायेगा।

सुरक्षा और उत्कृष्ट खनन कार्यों के लिए टाटा स्टील झरिया डिवीजन को फाइव स्टार रेटिंग

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

जोड़ापोखर (धनबाद) : सुरक्षित और उत्कृष्ट खनन कार्यों के लिए टाटा स्टील के झरिया डिवीजन को बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। कोयला मंत्रालय की ओर से वर्ष 2024-25 के स्टार रेटिंग आकलन में झरिया डिवीजन की भेलाटांड़ अमलगैमेटेड कोलियरी और सिजुआ कोलियरी को प्रतिष्ठित फाइव स्टार रेटिंग से सम्मानित किया गया। 2 नवंबर को रायपुर में आयोजित स्टार रेटिंग अवॉर्ड्स फॉर कोल एंड लिग्नाइट माइंस समारोह में यह सम्मान प्रदान किया गया। झरिया डिवीजन के अधिकारियों की टीम ने कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे से पुरस्कार प्राप्त किया। इस दौरान नरेंद्र कुमार गुप्ता, जनरल मैनेजर झरिया डिवीजन, संजीव कुमार ठाकुर, हेड सिजुआ कोलियरी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

भूमिगत खदानों में बेहतर प्रदर्शन

इस वर्ष देशभर की 382 खदानों ने स्टार रेटिंग के लिए भाग लिया, जिनमें केवल 50 खदानें ही फाइव स्टार रेटिंग हासिल कर सकीं। भूमिगत खदानों की श्रेणी में 140 खदानों में से महज 15 को यह प्रतिष्ठित सम्मान मिला। झरिया डिवीजन की दोनों खदानों का इस सूची में शामिल होना सुरक्षित और वैज्ञानिक खनन के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस उपलब्धि पर नरेंद्र कुमार गुप्ता ने सभी कर्मचारियों एवं अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सुरक्षा टाटा स्टील झरिया डिवीजन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। यह सम्मान कर्मचारियों की सामूहिक प्रतिबद्धता, अनुशासन और टीमवर्क का परिणाम है। उन्होंने इसे सुरक्षित एवं टिकाऊ खनन कार्यों के प्रति डिवीजन की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण बताया। कोयला मंत्रालय की स्टार रेटिंग प्रणाली सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण, वैज्ञानिक खनन, तकनीकी उपयोग और सतत विकास के आधार पर खदानों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करती है।



कृषि सांख्यिकी के सटीक आंकड़ों पर जोर, 270 कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

धनबाद : कृषि उत्पादन से जुड़े आंकड़ों के सटीक संकलन और डिजिटल तकनीक के प्रभावी इस्तेमाल को लेकर सोमवार को बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय में जिलास्तरीय प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला सांख्यिकी कार्यालय के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यशाला में जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं अंचलों के लगभग 270 पदाधिकारी और कर्मी शामिल हुए। कार्यशाला में कृषि सांख्यिकी, फसल कटनी प्रयोग (सीसीई) और डिजिटल माध्यम से आंकड़ों के संकलन एवं प्रबंधन की प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी दी गई। विशेष रूप से Agri CC Agri ऐप के माध्यम से फसल कटनी प्रयोग के संचालन, आवश्यक आंकड़ों के संग्रह और डिजिटल प्रविष्टि की तकनीकी जानकारी प्रतिभागियों को उपलब्ध कराई गई। कृषि एवं राजस्व विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा आंकड़ों के संकलन को पारदर्शी और प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया।

नौवीं सदी के बूढ़ा बाबा शिव मंदिर के संरक्षण की पहल तेज, एएसआई टीम ने किया निरीक्षण

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बाघमारा (धनबाद) : झींझीपहाड़ी स्थित नौवीं सदी के ऐतिहासिक श्री बुढ़ा बाबा शिव मंदिर को संरक्षित कर राष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर पहचान दिलाने की पहल तेज हो गई है। सांसद ढुल्लू महतो के प्रयास के बाद भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की टीम ने मंदिर का निरीक्षण कर इसकी ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक महत्ता से संबंधित जानकारी जुटाई। सांसद ढुल्लू महतो ने बीते आठ सितंबर को भारत सरकार को पत्र लिखकर मंदिर के संरक्षण तथा इसे राष्ट्रीय स्तर के पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की मांग की थी। इसके आलोक में एएसआई निदेशक (स्मारक-वन) डॉ. एएमवी सुब्रमण्यम ने रांची मंडल के अधीक्षण पुरातत्वविद से मंदिर की प्राचीनता, ऐतिहासिक महत्व, वर्तमान स्थिति, उपलब्ध अभिलेख और संरक्षण संबंधी विस्तृत तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी है। इस संबंध में 13 अक्टूबर को बाघमारा अंचलाधिकारी को पत्र भेजकर मंदिर की भूमि का नक्शा एवं अनुसूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया था। इसके बाद एएसआई रांची मंडल के संरक्षक सहायक नौशाद आलम ने मंदिर पहुंचकर स्थल का निरीक्षण किया तथा अंचल कार्यालय से आवश्यक दस्तावेज और प्रतिवेदन शीघ्र उपलब्ध कराने को कहा। निरीक्षण के दौरान मंदिर ट्रस्ट के लखन प्रसाद महतो, विशाल कुमार महतो, शंकर महतो, महेंद्र स्वर्णकार एवं योगेश्वर महतो सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। उन्होंने मंदिर के इतिहास, धार्मिक महत्ता और संरक्षण की जरूरतों से अधिकारी को अवगत कराया। एएसआई की पहल से स्थानीय लोगों में उम्मीद जगी है कि ऐतिहासिक मंदिर को सरकारी संरक्षण मिलने के साथ राष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर पहचान हासिल हो सकेगी।



भूखे को भोजन कराना ही सच्ची मानव सेवा व ईश्वर की आराधना : मनीष गुप्ता



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद : मानव सेवा ट्रस्ट की ओर से रविवार की संध्या रणधीर वर्मा चौक स्थित बड़ा हनुमान मंदिर परिसर में जरूरतमंदों और असहाय लोगों के बीच नियमित साप्ताहिक भोजन वितरण अभियान चलाया गया। इस दौरान जरूरतमंदों को पूरी-सब्जी और बूंदी वितरित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पिंकी रावत ने स्वयं अपने हाथों से लोगों को भोजन परोसकर सेवा कार्य में सहभागिता निभाई। ट्रस्ट की ओर से उन्हें अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित भी किया गया। भोजन वितरण कार्यक्रम की शुरूआत हनुमान जी की पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके बाद जरूरतमंदों के बीच भोजन वितरण किया गया। जरूरतमंदों के साथ श्रद्धालुओं ने भी प्रसाद स्वरूप भोजन ग्रहण किया। पूरे आयोजन में सेवा, सहयोग और सामाजिक संवेदना का वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनीष गुप्ता ने कहा कि भूखे को भोजन कराना ही सच्ची मानव सेवा और ईश्वर की आराधना है। गरीबों और असहायों की सेवा करना मानवता का सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट का उद्देश्य नियमित सेवा अभियानों के माध्यम से समाज के जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुंचाना और उनके जीवन में खुशियां लाना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मनीष गुप्ता, रंजीत जायसवाल, वरुण गुप्ता, अरविंद सिंह, राजकिशोर सिंह, पिंकी रावत और तान्या कुमारी सहित ट्रस्ट के अन्य सदस्यों की सक्रिय भूमिका रही।

विधानसभा में उठे सवालों के निष्पादन में तेजी लायें विभाग : सुरेश पासवान

धनबाद : झारखंड विधानसभा की अनागत प्रश्न क्रियान्वयन समिति ने सोमवार को धनबाद में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की। परिसदन में समिति के सभापति सुरेश पासवान की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विधानसभा में उठाए गए प्रश्नों, उनके अनुपालन, लंबित मामलों और विभागीय कार्रवाई की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। समीक्षा के दौरान सभापति सुरेश पासवान ने जिला स्तरीय पदाधिकारियों को विधानसभा में जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए प्रश्नों को गंभीरता से लेने तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर उनका निष्पादन सुनिश्चत करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विधानसभा में उठाये जाने वाले प्रश्न आम जनता की समस्याओं और अपेक्षाओं से जुड़े होते हैं।

राजा तालाब में पहली बार हुई बनारस की तर्ज पर गंगा आरती, हजारों दीपों से जगमगायी झरिया

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद/झरिया : सौंदर्यीकरण के बाद ऐतिहासिक राजा तालाब रविवार की शाम एक नए धार्मिक और सांस्कृतिक अध्याय का साक्षी बना। झरिया विधायक रागिनी सिंह एवं धनबाद नगर निगम के महापौर संजीव सिंह की पहल पर तालाब परिसर में बनारस की तर्ज पर भव्य गंगा आरती एवं दीपोत्सव का आयोजन किया गया। हजारों दीपों की रोशनी, शंखनाद, घंटियों की गूंज और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूरा राजा तालाब भक्तिमय वातावरण में डूब गया। इस ऐतिहासिक आयोजन में झरिया सहित पूरे कोयलांचल से हजारों श्रद्धालु पहुंचे और आध्यात्मिक अनुभूति के साथ गंगा आरती के साक्षी बने। कार्यक्रम का शुभारंभ जमशेदपुर के प्रसिद्ध भजन गायक अभिषेक पाठक एवं उनकी टीम की भक्तिमय प्रस्तुतियों से हुआ। भजनों की मधुर धुनों के बीच श्रद्धालु भक्ति में लीन नजर आए। आरती के दौरान एक साथ प्रज्वलित दीपों, शंखनाद और मंत्रोच्चार ने वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। तालाब के चारों ओर जगमगाते दीपों का दृश्य आकर्षण का केंद्र रहा। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो काशी की दिव्यता कोयलांचल की धरती पर उतर आई हो।



राजमाता सुजाता सिंह का हुआ सम्मान

आयोजन के दौरान झरिया राजघराने की राजमाता सुजाता सिंह को तालाब के मध्य बने भव्य मंच पर विधायक रागिनी सिंह एवं महापौर संजीव सिंह ने अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। सम्मान के दौरान राजमाता भावुक नजर आईं। उन्होंने ऐतिहासिक राजा तालाब में इस तरह के धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे झरिया के लिए गौरव का विषय बताया।

राजा तालाब को धार्मिक-सांस्कृतिक केन्द्र बनाने का संकल्प

विधायक रागिनी सिंह ने कहा कि ऐतिहासिक राजा तालाब झरिया की धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा है। गंगा आरती का आयोजन धार्मिक परंपराओं को जीवंत बनाए रखने तथा ऐतिहासिक धरोहर को नई पहचान देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि राजा तालाब को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित स्वरूप में विकसित कर धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनाने के प्रयास जारी रहेंगे। झरिया की जनता का उत्साह और सहभागिता आयोजन की सबसे बड़ी सफलता है। महापौर संजीव सिंह ने कहा कि राजा तालाब केवल जलाशय नहीं, बल्कि झरिया की ऐतिहासिक विरासत और जनभावनाओं से जुड़ा महत्वपूर्ण स्थल है। इसका नया स्वरूप झरिया की पहचान को नई ऊंचाई देगा। धनबाद और झरिया की ऐतिहासिक एवं धार्मिक धरोहरों को संरक्षित कर स्वच्छ और आकर्षक बनाना प्राथमिकता है। ऐसे आयोजन संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकता को मजबूती प्रदान करते हैं। धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक एकजुटता का संदेश कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह, पूर्व सांसद पीएन सिंह, निरसा की पूर्व विधायक अपर्णा सेनगुप्ता, भाजपा नेत्री तारा देवी समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। हजारों श्रद्धालुओं की सहभागिता ने आयोजन को यादगार बना दिया। दीपोत्सव और गंगा आरती ने राजा तालाब को धार्मिक आस्था के केंद्र के रूप में नई पहचान देने के साथ झरिया की सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक एकजुटता की शानदार तस्वीर भी पेश की।

अवैध खनन से भू-धंसान का खतरा, ग्रामीणों ने प्रशासन से लगायी गुहार

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बाघमारा (धनबाद) : कोयलांचल में कथित अवैध कोयला खनन को लेकर ग्रामीणों ने बीसीसीएल प्रबंधन, सीआईएसएफ और जिला प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं। ग्रामीण कन्हाई चौहान ने आरोप लगाया कि संबंधित एजेंसियों की कथित उदासीनता से कोयला चोरों का मनोबल बढ़ा हुआ है। उन्होंने दावा किया कि जोगीडीह कोलियरी के पीओ के निरीक्षण के दौरान कथित कोयला चोरों ने उनके साथ मारपीट की तथा निजी वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया। दोबारा निरीक्षण करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी गई। कन्हाई चौहान ने मंदरा पंचायत की मुखिया ललिता देवी, उनके पति और पुत्र पर भी कथित कोयला चोरी में संलिप्तता का आरोप लगाया है। हालांकि मुखिया ने इन आरोपों को पूरी तरह निराधार बताते हुए खारिज कर दिया। ग्रामीणों ने मंदरा, माथाबांध और बरोरा बस्ती में अवैध उत्खनन के कारण भू-धंसान की आशंका जताई है। उन्होंने छाताबाद, काजू बागान और काटा पहाड़ी सहित अन्य कोयलांचल क्षेत्रों में हुई घटनाओं का हवाला देते हुए जान-माल के नुकसान की चिंता व्यक्त की। ग्रामीणों का कहना है कि वे रैयत हैं और अपनी जमीन छोड़ कर कहीं नहीं जा सकते। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर अवैध खनन पर रोक लगाने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी कि कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन तेज किया जाएगा।



मुखिया ने बतायी पंचायत चुनाव की राजनीति

मुखिया ललिता देवी ने आरोपों को पंचायत चुनाव से जोड़ते हुए कहा कि चुनाव नजदीक आने के कारण विरोधी उनके खिलाफ गलत बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव में मंदरा की जनता ऐसे लोगों को जवाब देगी।

बीआईटी सिन्दरी के छात्रों ने छात्राओं को दी स्वच्छता की सीख, वितरित किये सैनिटरी पैड



सिन्दरी (धनबाद) : मासिक धर्म के प्रति जागरूकता और व्यक्तिगत स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बीआईटी सिंदरी रोट्रेक्ट क्लब की ओर से सोमवार को मदर टेरेसा उच्च विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यालय की 250 छात्राओं के बीच सैनिटरी पैड वितरित किये गये। कार्यक्रम में ऑडियो-वीडियो के माध्यम से मासिक धर्म से संबंधित जानकारी दी गयी। छात्राओं को मासिक धर्म के दौरान साफ-सफाई रखने, स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने और तनावमुक्त रहने के लिए प्रेरित किया गया। रोट्रेक्ट क्लब के सदस्यों ने बताया कि मासिक धर्म एक प्राकृतिक प्रक्रिया है। इसे लेकर किसी तरह की झिझक, शर्म या भय नहीं रखना चाहिए। सही जानकारी और स्वच्छता के प्रति जागरूकता से कई स्वास्थ्य समस्याओं से बचा जा सकता है। विद्यालय के प्राचार्य राधेश्याम प्रसाद ने इस पहल की सराहना करते हुए रोट्रेक्ट क्लब के सदस्यों के प्रयास को सराहनीय बताया। उन्होंने कहा कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम छात्राओं के स्वास्थ्य और आत्मविश्वास को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की शिक्षिकाओं शोभा प्रसाद, अंकिता कुमारी एवं प्रिया कुमारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

पीएम विश्वकर्मा लाभार्थियों को सिखाये ब्रांडिंग और मार्केटिंग के गुर

- 130 से अधिक कारीगरों ने लिया प्रशिक्षण, एआई और ई-कॉमर्स से उत्पादों की बिक्री बढ़ाने की मिली जानकारी



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद : पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों को आधुनिक बाजार से जोड़ने और उनके उत्पादों की बिक्री बढ़ाने के उद्देश्य से सोमवार को बलियापुर प्रखंड कार्यालय में ब्रांडिंग एवं मार्केटिंग पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। एमएसएमई-विकास कार्यालय, धनबाद की ओर से आयोजित कार्यक्रम में 130 से अधिक कारीगरों एवं शिल्पकारों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ प्रभाष चंद्र दास, प्रखंड प्रमुख पिंकी देवी, एलडीएम अमित कुमार एवं आईपीपीबी के वरिष्ठ प्रबंधक प्रीतम कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। सहायक निदेशक सुजीत कुमार ने बताया कि पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत 18 पारंपरिक व्यवसायों से जुड़े कारीगरों को ब्रांडिंग, पैकेजिंग और मार्केटिंग के माध्यम से बड़े बाजारों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। तकनीकी सत्र में कारीगरों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ई-कॉमर्स, डिजिटल भुगतान और ऑनलाइन बिक्री की जानकारी दी गई। अमेजन और मीशो के विशेषज्ञों ने ऑनलाइन उत्पाद प्रस्तुतिकरण एवं डिजिटल कैटलॉगिंग के तरीके बताये। वहीं सरकारी ई-मार्केटप्लेस पर पंजीकरण और सरकारी खरीद में भागीदारी की प्रक्रिया समझाई गई। कार्यक्रम में लाभार्थियों को मौके पर यूपीआई क्यूआर कोड भी उपलब्ध कराया गया। एलडीएम ने रियायती ऋण योजनाओं की जानकारी दी। अधिकारियों ने कारीगरों को आधुनिक तकनीक अपनाकर स्वरोजगार और व्यवसाय विस्तार के लिए प्रेरित किया। जिला उद्योग केंद्र की समन्वयक नीलू ने उद्यम पंजीकरण एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी साझा की।


कुमारधुबी में पिकलबॉल के दो नये कोर्ट का उद्घाटन, खेल को मिलेगा बढ़ावा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद : कुमारधुबी में पिकलबॉल को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। कुमारधुबी क्लब की ओर से नवनिर्मित पिकलबॉल के दो कोर्ट का भव्य उद्घाटन किया गया। नए कोर्ट के निर्माण से क्षेत्र के खिलाड़ियों को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध होंगी और युवाओं में इस खेल के प्रति आकर्षण बढ़ने की उम्मीद है। उद्घाटन समारोह में झारखंड पिकलबॉल एसोसिएशन के सचिव प्रभात कुमार और वरिष्ठ उपाध्यक्ष बी. सुधीर विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि कुमारधुबी में दो नए कोर्ट का निर्माण राज्य में पिकलबॉल के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे स्थानीय प्रतिभाओं को अपनी खेल क्षमता विकसित करने का अवसर मिलेगा। साथ ही पिकलबॉल को नई पहचान और लोकप्रियता हासिल करने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर कुमारधुबी क्लब के सदस्यों ने झारखंड पिकलबॉल एसोसिएशन से जुड़कर खेल के प्रचार-प्रसार और विकास में सक्रिय योगदान देने की इच्छा जताई। एसोसिएशन के सचिव प्रभात कुमार ने क्लब के सदस्यों को इस पहल के लिए बधाई देते हुए कहा कि स्थानीय स्तर पर खेल सुविधाओं का विकास पिकलबॉल के मजबूत आधार तैयार करने में सहायक होगा। कार्यक्रम में कुमारधुबी क्लब के विकास पोद्दार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बी. सुधीर, टेक्निकल हेड धीरेश पारिख, ओंकार मिश्र सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।




डीएवी अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले खिलाड़ी सम्मानित



सिन्दरी (धनबाद) : डीएवी पब्लिक स्कूल सिंदरी में सोमवार को सम्मान समारोह आयोजित कर राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य द्विवेंदु त्रिपाठी ने खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और खेल के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। 24 से 28 अक्टूबर 2026 तक नई दिल्ली में आयोजित डीएवी राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में विद्यालय के कुल 38 खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर अपनी खेल प्रतिभा, कौशल और अनुशासन का शानदार प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों ने वुशु, हॉकी, भारोत्तोलन, बॉक्सिंग और ताइक्वांडो जैसी प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल सिंदरी के खिलाड़ियों ने दो स्वर्ण, तीन रजत और 15 कांस्य पदक सहित कुल 20 पदक अपने नाम किए। इस उपलब्धि से विद्यालय में खुशी का माहौल रहा। प्राचार्य द्विवेंदु त्रिपाठी ने खिलाड़ियों की सफलता की सराहना करते हुए कहा कि उनके दृढ़ संकल्प, कठिन परिश्रम और बेहतर प्रदर्शन करने की इच्छाशक्ति ने उन्हें चैंपियन खिलाड़ियों की श्रेणी में खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की इस उपलब्धि में खेल शिक्षकों अमित कुमार सिंह और शिवानी सिंह का विशेष योगदान रहा।

लिम्का बुक रिकॉर्ड धारक अनिल बांसफोर ने शिवेश कुमार से की मुलाकात

धनबाद : अम्बेडकर स्कूल ऑफ मार्शल आर्ट्स के अध्यक्ष सह मुख्य प्रशिक्षक, लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज दर्जनों उपलब्धियों के धारक एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अनिल बाँसफोर ने नई दिल्ली स्थित भाजपा के राष्ट्रीय कार्यालय में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद शिवेश कुमार से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने खेल क्षेत्र में अपनी उपलब्धियों और संस्थान की गतिविधियों से उन्हें अवगत कराया। मुलाकात के दौरान अनिल बाँसफोर ने अंगवस्त्र भेंटकर शिवेश कुमार को सम्मानित किया। उन्होंने लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज अपने विभिन्न रिकॉर्ड क्रमवार प्रस्तुत किए। साथ ही हांगकांग में आयोजित अंतरराष्ट्रीय शटलकॉक चैंपियनशिप में प्राप्त प्रमाणपत्र भी दिखाया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। अनिल बांसफोर ने अम्बेडकर स्कूल ऑफ मार्शल आर्ट्स के खिलाड़ियों की उपलब्धियों, प्रशिक्षण गतिविधियों और खेल के माध्यम से युवाओं को आगे बढ़ाने के प्रयासों की जानकारी भी साझा की। शिवेश कुमार ने अनिल बांसफोर की उपलब्धियों और संस्थान के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि अम्बेडकर स्कूल ऑफ मार्शल आर्ट्स खेल के क्षेत्र में सराहनीय योगदान दे रहा है।



सम्पादकीय.....

समाधान का मार्ग तलाशें

भारत-चीन के सम्बन्धों में सुधार के प्रयासों के बीच अरुणाचल प्रदेश में एलएसी पर दोनों देशों के सैनिकों के आमने-सामने होने की जानकारी सामने आयी है। आईटीबीपी के महानिदेशक शत्रुजीत सिंह कपूर के वक्तव्य से सीमा पर तनाव की स्थिति प्रकाश में आयी है। ऐसे घटनाक्रम कूटनीतिक प्रयासों को कमजोर कर सकते हैं। यद्यपि, हाल के दिनों में भारत और चीन के सम्बन्धों में सुधार के कई संकेत देखने को मिले, तथापि अरुणाचल प्रदेश में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर दोनों देशों की सेनाओं का कुछ अवसरों पर आमने-सामने आना इन प्रयासों पर सवाल जरूर खड़े करता है। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के महानिदेशक शत्रुजीत सिंह कपूर ने एक आयोजन में बताया कि यह स्थिति अब भी कायम है। अरुणाचल के संदर्भ में पहली बार सार्वजनिक रूप से यह जानकारी सामने आयी है। अरुणाचल प्रदेश पर चीन का एकतरफा दावा पुराना है। वह अपनी तरफ से इलाकों के नाम बदलने की चाल भी चलता रहता है। लेकिन, इस वर्ष जुलाई में ऐसी खबरें आयी थीं कि राज्य के ऊपरी सुबनसिरी जिले के ताक्सिंग क्षेत्र में भारतीय और चीनी सेनाएं आमने-सामने आ गयी हैं। हालांकि, तब इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई थी। अगस्त में एनएसए अजीत डोभाल सीमा विवाद को लेकर होनेवाली बातचीत में हिस्सा लेने के लिए चीन गये, जबकि सितम्बर में चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए भारत का दौरा किया। जून 2020 में गलवान की झड़प के बाद दोनों देशों में जो दूरी आयी थी, वह हालिया संवादों से थोड़ी कम हुई है। लेकिन, अरुणाचल जैसी घटनाएं भरोसे को कम करने वाली हैं। इसकी वजह से कूटनीतिक प्रयास कमजोर पड़ सकते हैं। दरअसल, दोनों देशों के बीच बातचीत का निर्धारित मैकेनिज्म है और मुद्दों को सुलझाने का पहले से तय प्रोटोकॉल। लिहाजा, यह प्रयास होना चाहिए कि मामला आगे नहीं बढ़े। गलवान जैसा टकराव दोनों में से कोई पक्ष नहीं चाहेगा। उसके बाद बड़ी संख्या में सैनिकों की तैनाती करनी पड़ी थी और बात शुरू करने में फिर करीब 05 वर्ष लग गये। अब भी दोनों तरफ के सैनिक पीस लोकेशन पर वापस नहीं आ पाये हैं और इस बारे में लगातार बातचीत भी चल रही है। किसी नये मोर्चे पर हजारों सैनिक तैनात करना, साजो-सामान पहुंचाना बेहद खर्चीला और दुरूह कार्य होता है। इससे इकोनॉमी पर भी दबाव बढ़ता है, जो मौजूदा भू-राजनीति के कारण पहले ही मुश्किलों में है। वहीं, आईटीबीपी महानिदेशक के वक्तव्य का एक सबक यह भी है कि भारत को सेना के आधुनिकीकरण का काम तेजी से करना होगा। सैन्य ताकत केवल लड़ने के लिए नहीं, वार्ता की मेज पर अपना पक्ष मजबूती से रखने के लिए भी आवश्यक है। बहरहाल, आईटीबीपी के महानिदेशक शत्रुजीत सिंह कपूर के वक्तव्य को गम्भीरता से लेने की आवश्यकता है। इस पर चिन्तन-मनन करते हुए समाधान का मार्ग तलाशा जाना चाहिए।

रामलीला मैदान से लोकतंत्र का हुंकार

विशेष | कुमार कृष्णन



राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर कथित वोट चोरी के मुद्दे को लेकर तीखा हमला किया। उनका आरोप था कि मतदाता सूची में गड़बड़ियों के माध्यम से लोकतांत्रिक अधिकारों को कमजोर किया जा रहा है। राहुल गांधी का कहना था कि यदि योग्य नागरिकों के नाम मतदाता सूची से हटाये जाते हैं, तो चुनाव की निष्पक्षता पर गम्भीर सवाल खड़े होंगे। उनके भाषण का राजनीतिक संदेश स्पष्ट था। कांग्रेस इस मुद्दे को केवल निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली तक सीमित नहीं रखना चाहती, बल्कि इसे संविधान, नागरिक अधिकार और सत्ता की जवाबदेही से जोड़ रही है।

दिल्ली का रामलीला मैदान 1 नवंबर 2026 को एक बार फिर भारतीय राजनीति के केंद्र में था। इंडिया गठबंधन की महारैली केवल विपक्षी दलों का शक्ति प्रदर्शन नहीं थी, बल्कि मतदाता सूची, चुनावी पारदर्शिता, निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता और नागरिकों के लोकतांत्रिक अधिकारों को लेकर उठे सवालों का राष्ट्रीय मंच भी थी। वोट बचाओ, देश बचाओ के नारे के साथ आयोजित इस रैली में उमड़ी भीड़ ने यह संकेत दिया कि विपक्ष चुनावी प्रक्रिया से जुड़े विवाद को संसद और राजनीतिक बयानबाजी से आगे ले जाकर जनांदोलन का रूप देना चाहता है। रैली में राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रियंका गांधी, अखिलेश यादव, ममता बनर्जी, तेजस्वी यादव सहित विभिन्न राज्यों के नेताओं की मौजूदगी ने इसे व्यापक राजनीतिक स्वरूप दिया। अलग-अलग विचारधाराओं और क्षेत्रीय हितों वाले दलों का एक मंच पर आना अपने आप में महत्वपूर्ण था। इस आयोजन में बिहार कांग्रेस के नेताओं और पिछड़ा वर्ग विभाग के पदाधिकारियों की भागीदारी भी उल्लेखनीय रही।

रैली की प्रमुख तस्वीर राहुल गांधी की रही। भारी भीड़ के कारण पदयात्रा के बजाय वे खुले वाहन से रामलीला मैदान पहुंचे। उनके साथ प्रियंका गांधी और दूसरे विपक्षी नेता भी थे। सड़कों पर उमड़े कार्यकताओं और समर्थकों के बीच खुले वाहन से नेताओं का आगे बढ़ना जनसंपर्क और शक्ति प्रदर्शन का प्रतीक बना। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर कथित वोट चोरी के मुद्दे को लेकर तीखा हमला किया। उनका आरोप था कि मतदाता सूची में गड़बड़ियों के माध्यम से लोकतांत्रिक अधिकारों को कमजोर किया जा रहा है। राहुल गांधी का कहना था कि यदि योग्य नागरिकों के नाम मतदाता सूची से हटाए जाते हैं तो चुनाव की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े होंगे। उनके भाषण का राजनीतिक संदेश स्पष्ट था। कांग्रेस इस मुद्दे को केवल निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली तक सीमित नहीं रखना चाहती, बल्कि इसे संविधान, नागरिक अधिकार और सत्ता की जवाबदेही से जोड़ रही है। हालांकि विपक्ष के आरोपों को प्रमाणित तथ्य मानने के बजाय उनकी स्वतंत्र जांच और आयोग के जवाब के संदर्भ में देखना जरूरी है। इस महारैली का एक अलग और आकर्षक दृश्य पूर्णिया के निर्दलीय सांसद पप्पू यादव (राजेश रंजन) का तिरंगा मार्च रहा। वे हजारों साधु-संतों और समर्थकों के साथ रामलीला मैदान पहुंचे। हिमाचल भवन और कनॉट प्लेस से मिंटो ब्रिज होते हुए आगे बढ़े इस काफिले में साधु-संतों और कार्यकताओं के हाथों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा था। पप्पू यादव ने आंदोलन को लोकतंत्र, संविधान और आम नागरिकों के अधिकारों की रक्षा से जोड़ते हुए केंद्र सरकार और भाजपा पर तीखे राजनीतिक हमले किए। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई किसी एक राजनीतिक दल या व्यक्ति के लिए नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था और आम लोगों के अधिकारों को बचाने के लिए है।

इस मार्च का महत्व केवल उसमें शामिल लोगों की संख्या में नहीं था। साधु-संतों की भागीदारी ने राजनीतिक विरोध को व्यापक सामाजिक स्वरूप देने का प्रयास किया। भारतीय राजनीति में धार्मिक-सामाजिक समूहों की सार्वजनिक भागीदारी का अपना इतिहास है। इस अवसर पर तिरंगा लेकर उनका मताधिकार और संविधान से जुड़े सवालों पर मार्च करना एक अलग संदेश दे रहा था। पप्पू यादव की इस पहल ने रैली में सामाजिक भागीदारी का एक नया पक्ष जोड़ा। रामलीला मैदान की महारैली के संदर्भ में बिहार कांग्रेस की भागीदारी को विशेष महत्व देना चाहिए। बिहार की राजनीति में सामाजिक न्याय, पिछड़े वर्गों का प्रतिनिधित्व और राजनीतिक हिस्सेदारी हमेशा महत्वपूर्ण मुद्दे रहे हैं। ऐसे में बिहार प्रदेश कांग्रेस के ओबीसी विभाग के पदाधिकारियों की सक्रियता को केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम में भागीदारी के रूप में नहीं देखा जा सकता। बिहार प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग की उपाध्यक्ष सोनी कुमारी, विभाग के अध्यक्ष अनुराग चंदन और मुंगेर जिला कांग्रेस कमेटी के ओबीसी प्रकोष्ठ अध्यक्ष राकेश कुमार मंडल की भूमिका इस संदर्भ में उल्लेखनीय है। इन पदाधिकारियों के सामने चुनौती है कि राष्ट्रीय स्तर पर उठाए जा रहे लोकतांत्रिक अधिकारों और सामाजिक न्याय के सवालों को बिहार के गांवों, कस्बों और जिला मुख्यालयों तक पहुंचाएं। सोनी कुमारी की भूमिका महिला प्रतिनिधित्व के सवाल से भी जुड़ती है। पिछड़े वर्ग की महिलाओं के सामने शिक्षा, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा और राजनीतिक भागीदारी की अनेक चुनौतियां हैं। संगठन में महिलाओं की मौजूदगी तभी सार्थक होगी जब उन्हें निर्णय लेने और जनसंपर्क अभियान संचालित करने में वास्तविक भूमिका मिले। राजनीति में महिला प्रतिनिधित्व केवल पदों की संख्या नहीं, बल्कि नेतृत्व और अधिकार की भागीदारी भी है। अनुराग चंदन के नेतृत्व में ओबीसी विभाग के सामने सामाजिक न्याय के मुद्दों को व्यापक राजनीतिक कार्यक्रम से जोड़ने की जिम्मेदारी है। जातीय जनगणना, आरक्षण, शिक्षा, रोजगार और आर्थिक अवसरों की समानता जैसे प्रश्नों पर संगठन को लगातार संवाद करना होगा।

तलवारों के नाके पर लोकतंत्र की धार

गौरतलब | डॉ. निर्मल सुवासिया



आदेश हाथ में आया, तो सीना 56 इंच का हो गया - 10 कर्मचारियों और 10 पुलिस जवानों की पूरी टीम का मैं मुखिया, पंचायत का रिटर्निंग ऑफिसर। चुनाव स्थल का सर्वोच्च अधिकारी। कागज पर तो ऐसा लग रहा था; जैसे मैं कोई कलेक्टर हूं। मगर जब पंचायत का नाम पढ़ा, तो 56 इंच का सीना 26 इंच का रह गया। नाम था - तलवारों का नाका।

लोकतंत्र पर बड़े-बड़े लेख लिखे जाते हैं। दिल्ली की सड़कों पर बहस होती है। पर लोकतंत्र का असली अर्थ समझना है तो एक बार पंचायत चुनाव में ड्यूटी करनी चाहिए। वो भी ऐसी जगह जहाँ सड़क खत्म होती है और जंगल शुरू होता है। मेरी कहानी भी वहीं से शुरू होती है। पिछले पाँच दिन तक मैं लोकतंत्र का एक सिपाही था। पहली बार पंचायत चुनाव में ड्यूटी और किस्मत ऐसी कि सीधे पूरी पंचायत का मुखिया बना दिया गया। आदेश हाथ में आया तो सीना 56 इंच का हो गया - 10 कर्मचारियों और 10 पुलिस जवानों की पूरी टीम का मैं मुखिया, पंचायत का रिटर्निंग ऑफिसर। चुनाव स्थल का सर्वोच्च अधिकारी। कागज पर तो ऐसा लग रहा था जैसे मैं कोई कलेक्टर हूँ। पर जब पंचायत का नाम पढ़ा, तो 56 इंच का सीना 26 इंच का रह गया। नाम था - तलवारों का नाका। सच कहूँ तो नाम सुनते ही ऐसा लगा जैसे प्रशासन ने प्यार से नहीं, तलवार की नोक पर ही भेज दिया हो। मैंने मन में सोचा, ये पंचायत है या किसी ऐतिहासिक युद्ध का मैदान? और वहाँ पहुँच कर लगा कि नाम बिल्कुल सही रखा गया है। दिन में तो सब ठीक था, पर रात... रात में तलवारों का नाका वाकई खतरे से कम नहीं था। चारों तरफ घुप्प अंधेरा, झाड़ियों में से आती अजीब आवाजें और मोबाइल का नेटवर्क तो जैसे वहाँ जाने से ही डरता हो। ये क्षेत्र गरासिया जनजाति का गढ़ है। भोले-भाले लोग, पर गुस्सा आए तो पत्थर भी बोलते हैं। वहाँ गाड़ियों पर पथराव होना आम बात है। हमारी चुनावी गाड़ी जब खतरनाक रास्तों से गुजर रही थी, तो हर मोड़ पर लगता था कि अभी कोई पत्थर स्वागत में आएगा। ड्राइवर ने धीरे से कहा - 'साहब, यहाँ हेडलाइट बंद करके चलनी पड़ती है कभी-कभी।' मैं समझ गया, यहाँ चुनाव कराना सिर्फ ड्यूटी नहीं, एडवेंचर है। इसी एडवेंचर के बीच लोकतंत्र का सबसे सुंदर चेहरा भी दिखा। जो जनजाति आज भी शिक्षा की मुख्यधारा से कोसों दूर है, जिनके बच्चों ने कभी स्कूल की घंटी ठीक से नहीं सुनी, वो मतदान के दिन सबसे पहले घंटी बजाने आ गए। सुबह 7 बजे मतदान शुरू होना था, पर बूथ के बाहर लाइन पहले से लगी थी। न चप्पल की परवाह, न धूप की। एक 80 साल की दादी को मैंने देखा, आँखों से कम दिखता था, लाठी के सहारे चल रही थी, पर जब मैंने कहा - अम्मा, आप आराम से बैठ जाओ, आपका नंबर आने पर बुला लेंगे, तो बोली - 'ना साहब, लाइन में ही खड़ी रहूंगी। वोट तो लाइन में लग के ही देना है।' उस दिन समझ आया, हम शहरों में वोट को छुट्टी समझते हैं, ये लोग इसे पूजा समझते हैं।

आज का इतिहास

- क्रिस्टोफर कोलम्बस ने 1493 में डोमिनिका द्वीप की खोज की।
- इंग्लैंड और फ्रांस ने 1655 में सैन्य और आर्थिक समझौतों पर हस्ताक्षर किये।
- ब्रिटेन और स्पेन के बीच 1762 में पेरिस की संधि हुई।
- जॉन एडम्स 1796 में अमेरिका के राष्ट्रपति चुने गये।
- नानाराव की मथुरा स्थित सम्पति को ध्वस्त करने के लिये 1857 में आदेश।
- कनाडा में 1869 में हैमिल्टन फुटबॉल क्लब अस्तित्व में आया।
- पनामा को 1903 में कोलंबिया से आजादी मिली।
- 'असम हिन्दी प्रचार समिति' नामक एक संस्था 1938 में कायम की गयी।
- भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने 1948 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपना पहला भाषण दिया।
- सोवियत संघ ने 1957 में लाइका नाम के कुत्ते को अंतरिक्ष में भेजा था। वह पहला कुत्ता जानवर था, जिसने अंतरिक्ष यान में सवार होकर आसमान में पहुंचा और पृथ्वी के चक्कर लगाये।
- तत्कालीन सोवियत संघ ने 1958 में परमाणु परीक्षण किया।
- चीन के हमले के मद्देनजर भारत में 1962 में गोल्ड बॉन्ड स्कीम की घोषणा की गयी।
- भारत में 1984 में हुए सिख विरोधी दंगों में तीन हजार से ज्यादा लोग मारे गये।
- वायु सेना ने 1988 में आगरा से एक पैराशूट बटालियन समूह को लिया।
- जी-15 समूह का सातवां शिखर सम्मेलन 1997 में कुआलालम्पुर में प्रारम्भ।
- भारत सरकार द्वारा 2000 में डायरेक्ट टू होम प्रसारण सेवा सभी के लिए शुरू की गयी।
- अमेरिका ने 2001 में लश्कर व जैश-ए-मोहम्मद पर प्रतिबंध लगाया।
- नखोम पाथोम की बैठक में लिट्टे ने 2002 में राजनीति की मुख्य धारा में शामिल होने की इच्छा व्यक्त की।
- पाकिस्तान और चीन के बीच 2003 में बीजिंग में आठ समझौतों पर हस्ताक्षर।

किसने क्या कहा



असहमति का भी सम्मान होना चाहिए, साझा प्रयासों से आगे बढ़ेगा देश

ओम बिरला
लोकसभा अध्यक्ष



कांग्रेस संवैधानिक संस्थाओं के प्रति अविश्वास पैदा कर रही है

सुधांशु त्रिवेदी
भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता

अंकजाल - 8438

खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.

	12	13	35	30		12	16	22	
24		6		9		7		5	14
20	5		9				8		20
25		3		2				7	11
			5		8		2		34
35		5		7		6			
7	2				4		8		30
19		8				6		7	25
14	3		6		7		2		19
	18	23	12		33	31	18	22	

अंकजाल 8437 का हल

	13	6	30	13	19		28	33	
21	5	2	5	6	3		7	8	15
30	8	4	9	2	7		5	8	13
			7	5	3	8	2	7	32
9	3	4	2		6	7	9	3	25
21	7	2	5	7		2	5	7	14
35	8	9	2	3	8	5			
13	6	7		6	4	5	5	8	28
10	6	4		6	8	7	3	5	29
	30	26		22	20	34	8	13	

Jagrutidaur.com, Bangalore

कोई भी परिस्थिति हो, ये काम कभी बंद ना करें...

अपने विचारों का मूल्यांकन करना कभी भी बंद न करें, क्योंकि विचारों का प्रवाह अनवरत और कभी-कभी अत्यधिक भी हो जाता है। हर नया विचार पुराने को चुनौती देता है। यहीं से भ्रम भी पैदा होता है और कभी-कभी अधिक विचार आने से निर्णय भी गलत हो जाते हैं। रावण के साथ यही हुआ। वह बहुत विद्वान था। लिहाजा उसके भीतर विचारों की भरमार थी। सुंदरकांड का दृश्य है। रावण के दरबार में हनुमानजी निर्भीक खड़े थे। दोनों का वार्तालाप शुरू होता है।

कह लंकेस कवन तैं कीसा। केहि कें बल घालेहि बन खीसा।।
की धौं श्रवन सुनेहि नहिं मोही। देखउं अति असंक सठ तोही।।

लंकापति रावण ने कहा - रे वानर! तू कौन है? किसके बल पर तूने वन को उजाड़कर नष्ट कर डाला? क्या तूने कभी मेरा नाम और यश नहीं सुना? रे शठ! मैं तुझे अत्यंत निरूशंक देख रहा हूं। मारे निसिचर केहिं अपराधा। कहु सठ तोहि न प्रान कइ बाधा।। तूने किस अपराध से राक्षसों को मारा? बता, क्या तुझे प्राण जाने का भय नहीं है? यहां रावण ने हनुमानजी से पांच प्रश्न पूछे। इन शब्दों में अहंकार भरा हुआ था। रावण ने अपने ही विचारों को शब्दों से जोड़ने के लिए अहंकार का सेतु बनाया, जबकि विश्लेषण के साथ शब्द प्रस्तुत करने थे, क्योंकि सामने हनुमानजी खड़े थे।

सुविचार

उत्तम पुरुषों की सम्पत्ति का मुख्य प्रयोजन यही है कि औरों की विपत्ति का नाश हो।
रहीम

वृक्ष अपने सिर पर गरमी सहता है, मगर अपनी छाया में दूसरों का ताप दूर करता है।
तुलसीदास

आजम की कैद में अखिलेश की सियासत, ओवैसी के लिए खुला मैदान



संजय सक्सेना

रामपुर जेल का दरवाजा खुला तो आजम खान ने बाहर की हवा में सांस लेने की उम्मीद की होगी, लेकिन आजादी की यह सुबह महज कुछ मिनटों की मेहमान निकली। जेल से बाहर आते ही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। जिस नेता की रिहाई को समाजवादी पार्टी 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले अपने मुस्लिम नेतृत्व की ताकत दिखाने के अवसर के रूप में देख सकती थी, वह फिर सलाखों के पीछे पहुंच गया। एक ही घटनाक्रम में सपा के सामने तीन सवाल खड़े हो गए हैं। आजम खान की गैरमौजूदगी में रामपुर की राजनीति किसके इर्द-गिर्द घूमेगी? मुस्लिम नेतृत्व के सवाल पर अखिलेश यादव ओवैसी को क्या जवाब देंगे? और क्या सपा अपने सबसे पुराने मुस्लिम राजनीतिक चेहरों में से एक के साथ खड़े होने का भरोसा कायम रख पाएगी? आजम खान की गिरफ्तारी को केवल एक कानूनी घटनाक्रम मानकर छोड़ देना उत्तर प्रदेश की राजनीति के एक महत्वपूर्ण पहलू को नजरअंदाज करना होगा। 31 अक्टूबर 2026 को दो पैन कार्ड मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम रामपुर जेल से बाहर आए। लेकिन आजम की रिहाई के तुरंत बाद ईडी ने जौहर ट्रस्ट से जुड़े धनशोधन मामले में उन्हें गिरफ्तार कर लिया। एक नवंबर को गाजियाबाद की विशेष अदालत ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। यानी जिस रिहाई को राजनीतिक वापसी की शुरूआत माना जा रहा था, वह फिर कानूनी लड़ाई में बदल गई।

इस मामले में 494.46 करोड़ रुपये और 78.32 करोड़ रुपये के बीच का अंतर सबसे महत्वपूर्ण है। जिला मूल्यांकन अधिकारी की रिपोर्ट के मुताबिक, जौहर विश्वविद्यालय की 59 इमारतों के निर्माण की लागत 494.46 करोड़ रुपये आंकी गई। दूसरी तरफ जौहर ट्रस्ट ने आयकर रिकॉर्ड में वित्त वर्ष 2013-14 से 2024-25 के दौरान 78.32 करोड़ रुपये का पूंजीगत खर्च दिखाया। ईडी के मुताबिक, दोनों आंकड़ों के बीच 416.14 करोड़ रुपये का अंतर है, जिसका संतोषजनक हिसाब नहीं मिला। एजेंसी ने सरकारी धन के कथित इस्तेमाल और वित्तीय लेनदेन की भी जांच की है। हालांकि, यह जांच एजेंसी के आरोप हैं, इन्हें अदालत में साबित होना बाकी है। आरोपों को ही अंतिम फैसला मान लेना न्यायिक प्रक्रिया के साथ अन्याय होगा। आजम खान का राजनीतिक महत्व समझने के लिए उनके चुनावी सफर पर नजर डालना जरूरी है। वह रामपुर से दस बार विधायक चुने गए। चार बार मंत्री रहे और दो बार लोकसभा पहुंचे। 1980 में पहली बार विधानसभा पहुंचे आजम खान ने चार दशक से अधिक समय तक रामपुर की राजनीति में अपनी मौजूदगी बनाए रखी। मुलायम सिंह यादव के दौर में उनकी हैसियत इतनी बड़ी थी कि सपा के भीतर उनके राजनीतिक वजन को नजरअंदाज करना आसान नहीं था। अखिलेश यादव के कार्यकाल में भी वह सरकार के सबसे प्रभावशाली मंत्रियों में शामिल रहे। इसलिए आजम की अनुपस्थिति केवल एक वरिष्ठ नेता की गैरमौजूदगी नहीं है, बल्कि उस राजनीतिक व्यवस्था में खाली हुई जगह है जिसमें मुस्लिम नेतृत्व का एक बड़ा चेहरा लंबे समय तक मौजूद रहा।

त्योहारों पर उमड़ती प्रवासियों की भीड़

गौरतलब | कांतिलाल मांडोत



रेलवे, रेलवे सुरक्षा बल तथा राजकीय रेलवे पुलिस के जवानों ने यात्रियों को कतारों में लगवाया। करीब 40 करोड़ रुपये की लागत से 13 हजार वर्गमीटर में बने यात्री होल्डिंग एरिया को भी खोल दिया गया। बैरिकेडिंग कर प्रवेश की व्यवस्था की गयी। भीड़ का दबाव इतना था कि कुछ समय बाद फिर कतारें बनवानी पड़ीं। यात्रियों की सुविधा के लिए उधना से छह अनारक्षित विशेष ट्रेनें चलायी गयीं। इनके साथ तीन नियमित ट्रेनों से भी यात्रियों को रवाना किया गया।

औद्योगिक नगरी सूरत में रोजगार के लिए उत्तर भारत और राजस्थान के लाखों लोग बसे हैं। कपड़ा, हीरा और निर्माण कारोबार में काम करने वाले परिवारों के लिए दीपावली और छठ पूजा अपनी मिट्टी और परिवार से जुड़ने का अवसर हैं। नवरात्रि से ही गांव लौटने का सिलसिला शुरू हो जाता है। त्योहारों के आसपास उत्तर भारत जाने वाली ट्रेनों में यात्रियों का दबाव बढ़ जाता है। इस वर्ष उधना स्टेशन पर उमड़ी भीड़ ने रेल सेवाओं और यात्रियों की जरूरत के बीच का अंतर फिर सामने रख दिया।

शनिवार देर शाम स्टेशन पर भीड़ बढ़ने लगी। स्थिति संभालने के लिए मंडल रेल प्रबंधक सहित वरिष्ठ अधिकारी रात में पहुंचे। रेलवे, रेलवे सुरक्षा बल तथा राजकीय रेलवे पुलिस के जवानों ने यात्रियों को कतारों में लगवाया। करीब 40 करोड़ रुपये की लागत से 13 हजार वर्गमीटर में बने यात्री होल्डिंग एरिया को भी खोल दिया गया। बैरिकेडिंग कर प्रवेश की व्यवस्था की गई। भीड़ का दबाव इतना था कि कुछ समय बाद फिर कतारें बनवानी पड़ीं। यात्रियों की सुविधा के लिए उधना से छह अनारक्षित विशेष ट्रेनें चलाई गईं। इनके साथ तीन नियमित ट्रेनों से भी यात्रियों को रवाना किया गया। तड़के करीब 3.30 बजे अतिरिक्त विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार इन सेवाओं से 25 हजार से अधिक यात्री रवाना हुए। यह संख्या बताती है कि त्योहारों में सूरत से घर जाने वालों की जरूरत कितनी बड़ी है। अतिरिक्त ट्रेनों से राहत मिली, लेकिन हर साल लौटने वाली भीड़ के लिए स्थायी रेल योजना जरूरी है। उधना-जयनगर सहित उत्तर भारत की ट्रेनों में जगह की कमी से यात्रियों को परेशानी हुई। कई परिवारों ने भीड़ देखकर ट्रेन में चढ़ने के बजाय प्लेटफॉर्म पर इंतजार किया। बच्चों और सामान के साथ सफर करने वालों के लिए स्थिति कठिन रही। जयनगर, मुगलसराय और अन्य गंतव्यों के यात्रियों को जगह पाने के लिए जूझना पड़ा। विशेष ट्रेनें तत्काल राहत देती हैं, लेकिन पर्याप्त डिब्बे और नियमित सेवाएं उपलब्ध कराना भी जरूरी है। होल्डिंग एरिया का निर्माण और उसका उपयोग स्वागतयोग्य कदम है। अब यात्रियों को स्टेशन में प्रवेश से पहले कतारबद्ध करने की सुविधा बनी है। पत्रिका ने पहले भी यात्रियों की संख्या और उपलब्ध व्यवस्था के अंतर को उजागर किया था। इसके बाद रेलवे ने सुधार के निर्देश दिए। समस्याओं को सामने लाने से बदलाव संभव है। हालांकि स्टेशन परिसर व्यवस्थित करना ही पर्याप्त नहीं। मूल समाधान पर्याप्त ट्रेनें, अतिरिक्त कोच और समयबद्ध संचालन है। इस समस्या का अहम पक्ष राजस्थान के प्रवासी यात्रियों से जुड़ा है। सूरत, मुंबई और गुजरात के अन्य शहरों में मेवाड़ सहित राजस्थान के लाखों लोग रहते हैं। उदयपुर, चित्तौड़गढ़ और राजसमंद जाने वालों को कई बार सीधी रेल सुविधा नहीं मिलती। उन्हें दूसरे शहरों में उतरकर बस या निजी वाहन से यात्रा करनी पड़ती है।

राशिफल

मेष निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवा कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

वृष अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा।

मिथुन अपने काम को प्राथमिकता से करें। बुरी संगति से बचें। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं।

कर्क दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जायेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

सिंह चिन्तनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

कन्या निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ानेवाला होगा। संतोषजनक सफलता मिलेगी। मेहमानों का आगमन होगा।

तुला परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

वृश्चिक संतान पक्ष से थोड़ी चिन्ता रहेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

धनु शत्रुभय, चिन्ता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। सचेत रहें।

मकर मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। नौकरी क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। सचेत रहें।

कुंभ महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा।

मीन प्रतिष्ठा बढ़ानेवाले कुछ सामाजिक कार्य सम्पन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे। सचेत रहें।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर्स, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं **एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड**, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : **JHAHIN2009/32423, प्रबंध सम्पादक** : नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड)** : विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 8863906660
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने चंदवा के मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

घर-घर पहुंच कर मतदाताओं से की बातचीत

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लातेहार : होम-टू-रोल विजिट कार्यक्रम के तहत झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने सोमवार को चंदवा प्रखंड के विभिन्न मतदान केन्द्रों का दौरा कर निर्वाचन संबंधी कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्रों का निरीक्षण करने के साथ गांवों में घर-घर जाकर मतदाताओं से सीधा संवाद भी किया। इससे पहले चंदवा प्रखंड कार्यालय पहुंचने पर उपायुक्त संदीप कुमार ने पुष्पगुच्छ भेंट कर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी का स्वागत किया। इसके बाद के. रवि कुमार ने राजकीय बालिका मध्य विद्यालय, चंदवा



स्थित मतदान केंद्र संख्या 328 और प्राथमिक विद्यालय, जमीरा स्थित मतदान केंद्र संख्या 347 का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां चल रहे निर्वाचन कार्यों की जानकारी ली और मौके पर मौजूद अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कार्यों की प्रगति के बारे में पूछताछ की। निरीक्षण के दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी

मतदाता सूची में नाम जोड़ने और फॉर्म-6 भरने की प्रक्रिया की ली जानकारी

गांव के कई घरों में पहुंचे और ग्रामीणों से बातचीत कर मतदाता सूची से जुड़ी तैयारियों की वास्तविक स्थिति जानी। उन्होंने मतदाताओं से पूछा कि उनका मतदाता पहचान पत्र (ईपीआईसी) बना है या नहीं। साथ ही यह भी जानकारी ली कि बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) घर पहुंचकर उन्हें फॉर्म-6 उपलब्ध करा रहे हैं या नहीं और फॉर्म भरने तथा जमा करने की प्रक्रिया पूरी हो रही है अथवा नहीं। उन्होंने अधिकारियों और बीएलओ को निर्वाचन संबंधी कार्यों को गंभीरता से पूरा करने पर जोर दिया। साथ ही कहा कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने लोगों से भी मतदाता सूची में अपना नाम सुनिश्चित करने और निर्वाचन प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, लातेहार अनुमंडल पदाधिकारी दिनेश कुमार, चंदवा प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद, अंचल अधिकारी सुमित झा, बीएलओ सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

महुआडांड़ में सब्जियों के दाम आसमान पर, महंगाई ने तोड़ी आम आदमी की कमर

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

महुआडांड़ (लातेहार) : महंगाई की मार अब सीधे आम आदमी की रसोई पर पड़ रही है। महुआडांड़ बाजार में इन दिनों सब्जियों की बढ़ती कीमतों ने लोगों का घरेलू बजट पूरी तरह बिगाड़ दिया है। बाजार में सब्जियों के भाव आसमान छू रहे हैं। स्थिति ऐसी हो गई है कि गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए रोजाना हरी सब्जियां खरीदना भी मुश्किल होता जा रहा है। सब्जी बाजार पहुंच रहे ग्राहकों को कीमत सुनकर अपनी जरूरतों में कटौती करनी पड़ रही है।सब्जियों की महंगाई का असर सबसे अधिक रोज कमाने-खाने वाले मजदूरों, छोटे दुकानदारों और सीमित आमदनी वाले परिवारों पर पड़ रहा है। पहले जो परिवार जरूरत के अनुसार एक से दो किलो सब्जियां खरीदते थे, अब उन्हें आधा किलो और पाव भर से ही काम चलाना पड़



रहा है। कई परिवार तो महंगी सब्जियों के विकल्प तलाशने को मजबूर हैं। रसोई में सब्जियों की मात्रा कम हो रही है और घरेलू खर्च का हिसाब लगातार बिगड़ता जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आमदनी सीमित है, लेकिन बाजार में जरूरी सामानों की कीमतें लगातार परेशानी बढ़ा रही हैं। सब्जियां कोई विलासिता की वस्तु नहीं, बल्कि हर परिवार की रोजमर्रा की जरूरत हैं। इसके बावजूद इनके बढ़ते दाम ने आम लोगों की थाली से पोषण और स्वाद दोनों छीनने की स्थिति पैदा कर दी है।

एक झलक

सड़क चौड़ीकरण में एकतरफा भूमि अधिग्रहण का विरोध

पलामू : विश्रामपुर-इटको सड़क चौड़ीकरण में एकतरफा भूमि अधिग्रहण के विरोध में नावाडीह कला, छिपादोहर खुर्द, छिपादोहर कला और विश्रामपुर के ग्रामीणों ने सोमवार को सीओ को आवेदन सौंपा। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रभावशाली लोगों की संपत्ति बचाने के लिए सड़क की एक तरफ से ही जमीन ली जा रही है, जबकि पूर्व में दोनों ओर से 15-15 फीट जमीन लेने की बात कही गई थी। बसपा प्रदेश महासचिव अभिमन्यु सिंह बबलू ने ग्रामीणों की मांग का समर्थन करते हुए नियमानुसार अधिग्रहण की मांग की। वहीं, बसपा मीडिया प्रभारी राहुल कुमार दुबे ने आरोप लगाया कि एक निजी कॉलेज का गेट बचाने के लिए सड़क का सेंटर प्वाइंट बदला जा रहा है, जिससे नावाडीह के देवी धाम को नुकसान पहुंचने की आशंका है। उन्होंने मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन और विश्रामपुर बंद की चेतावनी दी।

जेटेट में प्रश्नपत्र लेकर भागने की कोशिश, परीक्षार्थी गिरफ्तार

पलामू : झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा (जेटेट) के दौरान रविवार को पलामू के एक परीक्षा केंद्र से प्रश्नपत्र लेकर भागने की कोशिश करने वाले परीक्षार्थी सुशील कुमार पाठक (57) को गिरफ्तार कर सोमवार को पुलिस ने जेल भेज दिया। सुशील जिले के गढ़वा के पाचाडुमर के सहायक अध्यापक हैं। घटना जिले के पाटन प्रखंड के आरके मिडिल स्कूल स्थित परीक्षा केंद्र पर हुई थी। परीक्षार्थी को प्रश्नपत्र मिलने के महज छह मिनट बाद ही भागने की कोशिश करते हुए पकड़ा गया। पकड़े गए परीक्षार्थी की पहचान सुशील कुमार पाठक के रूप में हुई है। जेल भेजे जाने की पुष्टि पाटन थाना प्रभारी आशीष विद्यार्थी ने की है। उल्लेखनीय है कि इस संबंध में प्रतिनियुक्त स्टैटिक मजिस्ट्रेट नीतीश कुमार ने पाटन थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। आवेदन के अनुसार एक नवंबर को आरके मीडिल स्कूल पाटन में जेटेट की परीक्षा आयोजित की जा रही थी। सुबह करीब 9.36 बजे कक्षा संख्या छह में एक परीक्षार्थी प्रश्नपत्र मिलने के तुरंत बाद उसे लेकर परीक्षा केंद्र से बाहर भागने का प्रयास करने लगा। वहां मौजूद पुलिस और प्रशासन की टीम ने तत्परता दिखाते हुए उसे मौके पर ही पकड़ लिया।

दीपावली पर 10 और 20 रुपये के नये नोट उपलब्ध कराने की मांग

गुमला : दीपावली के मद्देनजर चैंबर के पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश चीनी ने भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक से बाजार में 10 और 20 रुपये के छोटे नोटों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान आम जनता और व्यापारियों को नकद लेनदेन में परेशानी न हो, इसके लिए जल्द छोटे नोटों की आपूर्ति की जाए। उन्होंने बताया कि पूर्व के वर्षों में भी त्योहारों पर बैंक की ओर से छोटे नोट उपलब्ध कराए जाते रहे हैं। इस पर शाखा प्रबंधक ने जल्द व्यवस्था कराने का प्रयास करने का आश्वासन दिया।

नेशनल कराटे चैम्पियनशिप में संत मरियम स्कूल के रौनक ने जीता गोल्ड मेडल



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

मेदिनीनगर : संत मरियम स्कूल के बाल कराटे खिलाड़ी रौनक कुमार ने छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आयोजित ऑल इंडिया नेशनल कराटे चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। रौनक ने फाइट इवेंट के 25 किलोग्राम भार वर्ग में प्रतिद्वंद्वियों को पराजित कर गोल्ड मेडल हासिल किया। यह प्रतियोगिता 1 नवंबर को रायपुर के चांदखोरी स्थित श्री राम राजा माता कौशल्या धाम के हॉल में शोतो-कान स्पोर्ट्स कराटे डू इंडिया एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित की गई थी। इसमें छत्तीसगढ़ और झारखंड सहित देश के 18 राज्यों के कराटे खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। रौनक की इस उपलब्धि पर संत मरियम स्कूल परिवार ने शुभकामनाएं दी।

महुआडांड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ओआरएस उपलब्ध नहीं

दवाओं की आपूर्ति पर उठे सवाल

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

महुआडांड़ (लातेहार) : महुआडांड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ओआरएस उपलब्ध नहीं होने का मामला सामने आया है। प्रखंड के प्रमुख सरकारी अस्पताल में आवश्यक स्वास्थ्य सामग्री की कमी से दवाओं की आपूर्ति व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं।अस्पताल में ओआरएस की उपलब्धता के संबंध में पूछे जाने पर स्वास्थ्य विभाग के एक कर्मचारी ने बताया कि ऊपर से इसकी आपूर्ति नहीं हो रही है। इसी कारण अस्पताल में ओआरएस उपलब्ध नहीं है। इस स्थिति से अस्पताल आने वाले मरीजों को परेशानी हो सकती है। दस्त और उल्टी की स्थिति में शरीर में पानी



और जरूरी लवणों की कमी को पूरा करने के लिए ओआरएस का उपयोग किया जाता है। ऐसे में सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में इसकी उपलब्धता जरूरी है। स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी, स्वास्थ्य विभाग के सचिव और सिविल सर्जन से मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है। उन्होंने अस्पताल में आवश्यक दवाओं और स्वास्थ्य सामग्री की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित कराने के साथ जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में दवाओं की उपलब्धता की जांच कराने की मांग भी की है।इस मामले पर भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही ने राज्य सरकार की स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पताल में ओआरएस जैसी जरूरी सामग्री उपलब्ध नहीं होना गंभीर विषय है। महुआडांड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थिति से सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता को लेकर सवाल खड़े होते हैं। उन्होंने सरकार से अस्पतालों में बुनियादी सुविधाएं और आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराने की मांग की। साथ ही कहा कि सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में आने वाले मरीजों को जरूरी दवाएं समय पर मिलनी चाहिए।

मेदिनीनगर में ट्रैफिक थाना और डीएसपी की नियुक्ति की मांग

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

मेदिनीनगर : शहर में लगातार बढ़ रही यातायात अव्यवस्था और जाम की समस्या को देखते हुए अलग ट्रैफिक थाना स्थापित करने और ट्रैफिक डीएसपी की पदस्थापना की मांग उठी है। इस संबंध में छतरपुर-पूर्वी के जिला पार्षद सह फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पलामू प्रमंडलीय क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित कुमार जायसवाल ने पलामू रेंज के डीआईजी को मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में उन्होंने कहा कि शहर की आबादी और वाहनों की संख्या लगातार बढ़ रही है। अव्यवस्थित पार्किंग, अतिक्रमण और यातायात प्रबंधन की कमी के कारण मुख्य बाजार, छह मुहान चौक, बैरिया चौक, बस स्टैंड, अस्पताल चौक और कचहरी सहित कई इलाकों में रोजाना जाम लग रहा है। इससे आम नागरिकों,



■ जिला पार्षद अमित जायसवाल ने डीआईजी को सौंपा मांग पत्र, जाम से निजात दिलाने की अपील

स्कूली बच्चों, मरीजों और व्यवसायियों को परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि यातायात व्यवस्था सुचारू करने, सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने, नियमों का पालन कराने और नो पार्किंग में खड़े वाहनों पर कार्रवाई के लिए अलग ट्रैफिक थाना जरूरी है। उन्होंने डीआईजी से जल्द ट्रैफिक थाना स्थापित करने और ट्रैफिक डीएसपी नियुक्त करने की पहल करने का आग्रह किया।

गीता देवी हत्याकांड के दोषियों को मिले कठोरतम सजा : अविनाश देव

पीड़ित परिवार से मिले झामुमो के युवा नेता, बच्चों की शिक्षा की जिम्मेदारी उठाने का दिया भरोसा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

मेदिनीनगर : पलामू जिले के नावाबाजार प्रखंड के बसना गांव में दलित महिला गीता देवी की हत्या की घटना पर झामुमो युवा नेता अविनाश देव ने गहरा दुख जताया है। उन्होंने दोषियों को कठोरतम सजा देने की मांग की है। सोमवार को अविनाश देव बसना गांव पहुंचे और गीता देवी के पति शशि समेत परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने पीड़ित परिवार को आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया। अविनाश देव ने कहा कि दशहरे के दिन हुई इस जघन्य घटना ने मानवता को शर्मसार किया है। महिलाओं के सम्मान और दलित समाज की सुरक्षा से जुड़ी ऐसी



घटनाएं गंभीर चिंता का विषय हैं। उन्होंने जिला प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि अपराध में शामिल कोई भी दोषी बचना नहीं चाहिए और किसी निर्दोष को बेवजह फंसाया भी नहीं जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना समाज और प्रशासन की सामूहिक जिम्मेदारी है। केवल संवेदना व्यक्त करने से काम नहीं चलेगा, बल्कि दोषियों को कानून के तहत कठोरतम सजा दिलाने के लिए गंभीरता से कार्रवाई करनी होगी।

बच्चों की शिक्षा में करेंगे सहयोग

अविनाश देव ने कहा कि गीता देवी के बच्चों की पढ़ाई बाधित नहीं होनी चाहिए। श्राद्ध कर्म संपन्न होने के बाद परिवार और गांव के लोगों से विचार-विमर्श कर उनके एक बच्चे को संत मरियम आवासीय विद्यालय में निःशुल्क शिक्षा देने की जिम्मेदारी लेने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि मां को खोने का दुख बच्चों के जीवन में कभी न भरने वाला खालीपन छोड़ गया है। ऐसे कठिन समय में पीड़ित परिवार को अकेला नहीं छोड़ा जाएगा। मौके पर झामुमो क्रीड़ा मोर्चा जिला अध्यक्ष सुमित वर्मन, संगीत शिक्षक श्याम किशोर पांडेय, पंडवा प्रखंड अध्यक्ष चंदेश्वर मेहता, रवि मेहता समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

टोरी रेलवे क्रॉसिंग पर आरओबी निर्माण की मांग माकपा ने किया मानव शृंखला बना कर प्रदर्शन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लातेहार : टोरी रेलवे क्रॉसिंग पर रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) का निर्माण शुरू नहीं होने से नाराज माकपा ने केंद्र सरकार के खिलाफ



मोर्चा खोल दिया है। पार्टी कार्यकर्ता चंदवा प्रखंड के कामता चौक पर लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। रविवार की रात कार्यकर्ताओं ने मानव शृंखला बनाकर अपना विरोध जताया और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी तथा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के इस्तीफे की मांग की।माकपा राज्य कमेटी के सदस्य अयूब खान ने कहा कि टोरी रेलवे क्रॉसिंग पर आरओबी निर्माण का शिलान्यास करीब चार साल पहले ऑनलाइन माध्यम से किया गया था। इस दौरान तत्कालीन सांसद सुनील सिंह और विधायक बैद्यनाथ राम भी मौजूद थे। शिलान्यास के बाद लोगों को जल्द निर्माण शुरू होने की उम्मीद थी, लेकिन इतने साल बीत जाने के बावजूद काम आगे नहीं बढ़ा। उन्होंने कहा कि रेलवे क्रॉसिंग पर आरओबी नहीं बनने से क्षेत्र के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके लिए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जिम्मेदार हैं। अयूब खान ने कहा कि दोनों मंत्रियों को नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देना चाहिए।उन्होंने बताया कि माकपा इस मुद्दे को लेकर लंबे समय से आंदोलन कर रही है। कई बार पत्राचार के जरिए भी संबंधित विभागों और जनप्रतिनिधियों का ध्यान आकृष्ट कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई। इसी के विरोध में पिछले शनिवार से कामता चौक पर प्रतिदिन शाम छह बजे से रात नौ बजे तक प्रदर्शन किया जा रहा है। रविवार के प्रदर्शन में जिला सचिव रसीद मियां, ग्राम प्रधान पचु गंझू, मोफील खान, टिंकू खान, अशोक गंझू, साजिद खान, सज्जेबुल खान, रियाज खान, इमरान खान, अजमुल खान, अमरूल खान, हुसैन खान, एजाज खान, नौशाद खान और सलमान खान समेत अन्य लोग शामिल थे।

आधार सेवा नहीं मिलने से परेशान हुए ग्रामीण, डाक घर से लौटे सैकड़ों लोग

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

महुआडांड़ (लातेहार) : महुआडांड़ डाकघर में आधार से जुड़ी सेवाएं नहीं मिलने के कारण सोमवार को लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। आधार कार्ड बनवाने और उसमें सुधार कराने के लिए सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग डाकघर पहुंचे थे। लेकिन सेवा उपलब्ध नहीं होने के कारण किसी का काम नहीं हो सका। घंटों इंतजार करने के बाद लोगों को खाली हाथ वापस लौटना पड़ा। डाकघर पहुंचे लोगों में आसपास के ग्रामीण इलाकों से आए बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे। कई लोग किराया खर्च कर लंबी दूरी तय करके पहुंचे थे। उन्हें उम्मीद थी कि एक ही दिन में आधार से संबंधित काम पूरा हो जाएगा, लेकिन सेवा बंद रहने से उनकी उम्मीदों पर पानी फिर गया।आधार कार्ड के बिना बैंकिंग, राशन, पेंशन और कई सरकारी योजनाओं से जुड़े काम प्रभावित होते हैं। ऐसे में आधार सेवा का बाधित रहना लोगों के लिए बड़ी परेशानी बन गया है। ग्रामीणों का कहना है कि डाकघर में आधार का काम नियमित नहीं होने से उन्हें बार-बार आना पड़ता है। इससे समय और पैसे दोनों की बबार्दी हो रही है। लोगों ने संबंधित अधिकारियों से यह स्पष्ट करने की मांग की है कि आधार सेवा बंद रहने का कारण क्या है और इसे कब तक नियमित किया जाएगा। ग्रामीणों ने डाकघर में आधार से जुड़ी सभी सेवाएं जल्द शुरू कराने की मांग की है, ताकि लोगों को छोटी-छोटी जरूरतों के लिए परेशान न होना पड़े।

सनातन परम्परा में लौटे उमेश उरांव दम्पती, ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत

भाजपा नेता छोटू राजा ने अंगवस्त्र देकर किया सम्मानित

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लातेहार : जिले के मनिका प्रखंड अंतर्गत केरवाकरम गांव में उमेश उरांव और उनकी पत्नी के सनातन धर्म एवं अपनी मूल सांस्कृतिक परंपराओं में लौटने पर स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री सह सांसद प्रतिनिधि छोटू राजा की अगुवाई में दंपती का पारंपरिक तरीके से स्वागत और सम्मान किया गया। उन्हें अंगवस्त्र भेंट कर उनके सुखद एवं मंगलमय भविष्य की कामना की गई।समारोह में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण शामिल हुए। लोगों ने उमेश उरांव और उनकी पत्नी को फूल-मालाएं पहनाकर उनका




अभिनंदन किया।मौके पर छोटू राजा ने कहा कि अपनी संस्कृति, परंपरा और पूर्वजों की विरासत से जुड़ना हर व्यक्ति के लिए गर्व की बात है। हमारी सांस्कृतिक पहचान हमारी जड़ों से जुड़ी होती है। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति सदियों से मानवता, सेवा, प्रेम, सद्भाव और आपसी सम्मान का संदेश देती आई है। किसी भी व्यक्ति की धार्मिक आस्था और व्यक्तिगत निर्णय का सम्मान किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज जरूरत इस बात की है कि नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति, रीति-रिवाजों और पूर्वजों की परंपराओं से अवगत कराया जाए। जब युवा अपनी सांस्कृतिक विरासत को समझेंगे, तभी समाज अपनी पहचान और परंपराओं को मजबूती के साथ आगे बढ़ा सकेगा। छोटू राजा ने सामाजिक समरसता और आपसी एकता पर जोर देते हुए कहा कि समाज में प्रेम, सहयोग और भाईचारे का वातावरण बनाए रखना हम सभी का दायित्व है।

सरकारी बीज के इंतजार में प्रखंड कार्यालय के चक्कर लगा रहे किसान

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

डंडई (गढ़वा) : धान की कटाई के बाद रबी फसल की खेती की तैयारी में जुटे डंडई प्रखंड के किसानों को अब तक सरकारी बीज नहीं मिल पाया है। बीज के इंतजार में किसान पिछले दो-तीन सप्ताह से प्रखंड कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। किसानों ने बताया कि वे गेहूं, चना, मसूर और सरसों सहित अन्य रबी फसलों की खेती के लिए खेतों की जुताई और तैयारी कर चुके हैं। इसके बावजूद बीज उपलब्ध नहीं होने से उनकी चिंता बढ़ रही है। प्रखंड कार्यालय से भी उन्हें अब तक स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पा रही है। इस संबंध में जिला कृषि



■ रबी फसल की तैयारी में जुटे किसानों को गेहूं, चना, मसूर और सरसों के बीज का इंतजार

पदाधिकारी खुशबू पासवान ने बताया कि रबी फसल के बीज का आवंटन आ चुका है और सभी प्रखंडों को इसकी जानकारी दे दी गई है। एक सप्ताह के अंदर प्रखंडों को बीज उपलब्ध करा दिया जाएगा। इसके बाद किसानों के बीच वितरण शुरू होगा।

जनजातीय गांवों में योजनाओं की जानकारी लेकर पहुंचेगा गौरव रथ

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लातेहार : जिले में जनजातीय समुदायों को सरकारी योजनाओं और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए सोमवार को जनजातीय गौरव रथ रवाना किया गया। समाहरणालय परिसर में उपायुक्त संदीप कुमार ने परियोजना निदेशक और अपर समाहर्ता के साथ हरी झंडी दिखा कर रथ को रवाना किया। जनजातीय गौरव दिवस पखवाड़ा के तहत निकाला गया यह रथ जिले के सभी प्रखंडों के जनजातीय बहुल गांवों में पहुंचेगा। यहां ग्रामीणों को केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। साथ ही पात्र परिवारों को योजनाओं

■ उपायुक्त ने हरी झंडी दिखा कर किया रवाना, सभी प्रखंडों में चलेगा जागरूकता अभियान



का लाभ दिलाने के लिए जागरूक किया जाएगा।अभियान के दौरान प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम-जनमन) सहित जनजातीय क्षेत्रों के विकास से जुड़ी योजनाओं पर विशेष जोर रहेगा। ग्रामीणों को सड़क, बिजली, पेयजल, आवास, स्वास्थ्य और संचार जैसी बुनियादी सुविधाओं के साथ कौशल विकास, स्वरोजगार और उद्यमिता के अवसरों की जानकारी भी दी जाएगी। उपायुक्त संदीप कुमार ने कहा कि जनजातीय समुदायों का सर्वांगीण विकास जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना और जनजातीय परिवारों को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार तथा बुनियादी सुविधाओं से जोड़ना ही इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने ग्रामीणों से अभियान में भाग लेने और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। गौरतलब है कि जनजातीय गौरव दिवस पखवाड़ा एक से 15 नवंबर तक आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर

मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना के तहत उपायुक्त ने किया ट्रैक्टर व कृषि यंत्रों का वितरण



लातेहार : जिले में महिला स्वयं सहायता समूहों और सहकारी समितियों को कृषि के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना के तहत सोमवार को उपायुक्त संदीप कुमार ने लाभुक समूहों और समिति के बीच ट्रैक्टर एवं सहायक कृषि यंत्रों का वितरण किया। इस योजना का लाभ हेरहंज प्रखंड के शांति महिला सखी मंडल, कसमार स्थित रोशनी महिला सखी मंडल और गारू प्रखंड की मत्स्यजीवी सहयोग समिति लिमिटेड को मिला। दोनों महिला समूह झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी से जुड़े हैं।योजना के तहत 10 लाख रुपये के पैकेज में ट्रैक्टर की खरीद पर 50 प्रतिशत और रोटावेटर, कल्टीवेटर तथा केज व्हील जैसे सहायक कृषि यंत्रों पर 80 प्रतिशत तक अनुदान का प्रावधान है। पूरे पैकेज पर लाभुक समूहों और समिति को 50 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। इस पहल से ग्रामीण क्षेत्रों में खेती के लिए आधुनिक मशीनों की उपलब्धता बढ़ेगी। साथ ही किसानों को कृषि कार्यों में सहूलियत मिलेगी और खेती की लागत कम करने में मदद मिलेगी। महिला समूहों को ट्रैक्टर और कृषि यंत्र मिलने से वे सामूहिक रूप से कृषि कार्यों से जुड़कर अपनी आय बढ़ाने के साथ आर्थिक रूप से मजबूत हो सकेंगी। ट्रैक्टर वितरण के मौके पर आईटीडीए निदेशक सरोजनी ऐनी तिर्की, अपर समाहर्ता सलमान जफर खिजरी, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी चंद्र किशोर कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, जिला खेल पदाधिकारी अविनेश कुमार त्रिपाठी समेत कई जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

एक झलक

डीसी ने फार्मटांड़ स्थित मनरेगा पार्क का किया निरीक्षण

बोकारो : सोमवार को उपायुक्त अजय नाथ झा ने कसमार प्रखंड अंतर्गत फार्मटांड स्थित मनरेगा पार्क का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कसमार अंचल के संसाधन केंद्र की दीदियों एवं पंचायत की मुखिया से संवाद कर क्षेत्र में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। उपायुक्त ने पार्क परिसर में आम बागवानी, मडुआ एवं अन्य फसलों की खेती का अवलोकन किया। उन्होंने कृषि गतिविधियों एवं ग्रामीण आजीविका से जुड़ी योजनाओं की जमीनी स्थिति की जानकारी प्राप्त की। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

32 वर्षों की सेवा पर आशा देवी को किया सम्मानित

झुमरी तिलैया : कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर में 32 वर्षों तक सेवा देने वाली विद्यालय की सेविका आशा देवी के सम्मान में स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की ओर से उन्हें वाशिंग मशीन सहित अन्य उपहार भेंट किए गए। विद्यालय के उपाध्यक्ष अरविंद चौधरी, सदस्य मुंशी यादव और प्राचार्य आनंद मोहन ने उन्हें सम्मानित किया। प्राचार्य ने उनके समर्पण और सेवा भाव की सराहना की। वहीं, विद्यार्थियों ने भी अपनी-अपनी कक्षाओं की ओर से उन्हें उपहार दिए। समारोह में विद्यालय के सभी आचार्य एवं दीदी जी उपस्थित रहे। सभी ने आशा देवी के स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना की।

किसान मोर्चा को मजबूत करने की रणनीति पर चर्चा

चतरा : भाजपा चतरा जिला कार्यालय में रविवार को किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन सिंह का स्वागत किया गया। जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोगता की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकताओं ने माला पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया। बैठक में किसान मोर्चा को जिले में मजबूत बनाने और किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने की रणनीति पर चर्चा हुई। अर्जुन सिंह ने कार्यकताओं से गांव-गांव जाकर किसानों से संवाद करने, उनकी समस्याएं जानने और अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसानों के अधिकारों की रक्षा और उनकी मांगों को लेकर लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष करना किसान मोर्चा की प्राथमिकता होनी चाहिए। कार्यकर्ताओं ने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने और किसान हितों के लिए एकजुट होकर काम करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री कपिल पासवान ने किया।

विकसित भारत-जी राम जी एवं प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की उपायुक्त ने की समीक्षा

कार्यों में तेजी लाने के दिये निर्देश

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

चतरा : समाहरणालय सभागार में उपायुक्त रवि आनंद की अध्यक्षता में विकसित भारत-जी राम जी और प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की समीक्षा बैठक हुई। इसमें प्रखंडवार योजनाओं की प्रगति, मजदूरी व सामग्री भुगतान, मानव दिवस सृजन, आवास निर्माण और जियो टैगिंग की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने लंबित मजदूरी और सामग्री भुगतान शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रत्येक पंचायत में प्रतिदिन कम से कम 150 मजदूरों को काम उपलब्ध कराने तथा एक सप्ताह में प्रगति सुधारने को कहा। 15 नवंबर तक निर्धारित योजनाओं पर काम शुरू

लम्बित मजदूरी एवं सामग्री भुगतान शीघ्र पूरा करने की हिदायत, आवास निर्माण और जियो टैगिंग में लापरवाही पर होगी कार्रवाई

करने और लंबित दायित्वों का सत्यापन कर रिपोर्ट देने का निर्देश भी दिया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लंबित किस्तों का भुगतान जल्द करने और अधूरे आवासों का निर्माण पूरा कराने को कहा गया। उपायुक्त ने लाभुकों के बैंक खातों को आधार



से जोड़ने तथा आवासों की जियो टैगिंग में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यों में लापरवाही बरतने वाले कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। बैठक में अपर समाहर्ता, डीआरडीए के पदाधिकारी, सभी बीडीओ, अभियंता और संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

कसमार के समग्र विकास के लिए प्रखंड प्रमुख व बीडीओ मिल कर करें कार्य : उपायुक्त

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बोकारो : सोमवार को उपायुक्त अजय नाथ झा ने कसमार प्रखंड सह अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रखंड प्रमुख, पंचायत समिति सदस्यों, प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचल अधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक कर क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों एवं जनहित से जुड़े विषयों पर चर्चा की। बैठक के दौरान उपायुक्त ने प्रखंड प्रमुख से पंचायत समिति सदस्यों एवं मुखियाओं की कुल संख्या की जानकारी ली। उन्होंने बीडीओ को निर्देश दिया कि प्रखंड प्रमुख के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए प्रत्येक माह कम से कम दो बैठक आयोजित करें। उन्होंने कहा कि प्रखंड प्रमुख एवं बीडीओ आपसी तालमेल और सामूहिक प्रयास से क्षेत्र के विकास को नयी गति दे सकते हैं। उपायुक्त ने बैठक की कार्यशैली को लेकर स्पष्ट निर्देश दिया कि बैठकें टू-द-पॉइंट, व्यावहारिक एवं एजेंडावार होनी चाहिए। बैठक में केवल उन्हीं विषयों पर चर्चा हो, जिनका सीधा संबंध क्षेत्र के विकास एवं आमजनों की समस्याओं के समाधान से हो।

शपथ पत्र

मैं, शांति मिंज, पति - सेलेम प्रेम मिंज, उम्र- लगभग 44 वर्ष, पेशा-गृहणी, निवासी - ग्राम- फुसरी, पंचायत-मनातू, थाना- केरेडारी, जिला हजारीबाग शपथ पत्र संख्या 1076 दिनांक 6. 5. 2026 के माध्यम से ब्यान करती हूँ कि मेरा आधार कार्ड संख्या 9008 4070 6301 है।
अलेक्स प्रित मिंज मेरा पुत्र है जिसका जन्म प्रमाण पत्र ग्राम-पंचायत-मनातू, थाना केरेडारी, जिला हजारीबाग के पंजियन सं०-01, दिनांक 12-04-2010 ई० के द्वारा दिनांक 18.04.2010 को निर्गत है जिसमें मेरे पुत्र का नाम 'अलेक्स प्रित मिंज दर्ज है जो सही एवम सत्य है। पिता का नाम सेलेम प्रेम मिंज दर्ज है जो सही है। यह कि मेरा पुत्र का आधार कार्ड संख्या-7578 8380 4058 है जिसमें मेरे पुत्र का नाम अली मेहसन दर्ज है जो गलत है तथा पिता का नाम आले अहमद दर्ज है जो गलत है।
अलेक्स प्रित मिंज एवम अली मेहसन एक हीं लड़का का नाम है जो,की मेरा पुत्र है । मैं अपने पुत्र के आधार कार्ड में अपने पुत्र का नाम अली मेहसन के स्थान पर सही नाम ₹अलेक्स प्रित मिंज₹ दर्ज कर सुधार कराने के लिए अपने पुत्र के नाम से सम्बन्धित शपथ पत्र बना रही हूं।
शपथ पत्र संख्या : 1076
दिनांक : 06. 05. 2026

'मेरा युवा भारत' चतरा की पहल पर सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में हुआ आयोजन

लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति किया गया जागरूक

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

चतरा : युवाओं में नेतृत्व क्षमता, लोकतांत्रिक समझ एवं राष्ट्र निर्माण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के उद्देश्य से मेरा युवा भारत, चतरा के तत्वावधान में सोमवार को सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, चतरा में विकसित भारत युवा संसद 2027 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में युवाओं ने अपने विचारों एवं अभिव्यक्ति के माध्यम से लोकतांत्रिक मूल्यों, राष्ट्रहित और विकसित भारत के संकल्प में युवाओं की भूमिका को रेखांकित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष बृज किशोर तिवारी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा देश का भविष्य ही नहीं, बल्कि वर्तमान की सबसे बड़ी शक्ति भी हैं। उन्होंने युवाओं से लोकतांत्रिक मूल्यों को आत्मसात



करने, राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने तथा अपनी ऊर्जा, प्रतिभा और विचारों का उपयोग समाज एवं देश के सकारात्मक परिवर्तन में करने का आह्वान किया। युवा संसद कार्यक्रम में निर्णायक मंडल के रूप में मॉडल कॉलेज, चतरा के प्राचार्य डॉ. मनीष दयाल, चतरा कॉलेज के सहायक प्राध्यापक डॉ. हेमंत कुमार मिश्रा, इटखोरी प्रखंड प्रमुख श्रीमती प्रिया कुमारी, सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के प्राचार्य श्री रविकांत राम तथा पिछले वर्ष की फाइनलिस्ट सुश्री राजश्री वीरा उपस्थित रहीं। पूर्व शिक्षक श्याम किशोर एवं शिक्षिका सीमा श्रीवास्तव ने भी युवाओं को संबोधित करते हुए अपने विचार साझा किए। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के प्रदर्शन के आधार पर राजनंदनी कुमारी ने प्रथम, मोहम्मद मासूम ने द्वितीय तथा अनीमेष पांडेय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में विकसित भारत युवा संवाद का आयोजन किया गया। इस सत्र में युवा आइकॉन सुश्री राजश्री वीरा ने युवाओं को मतदान के महत्व, चुनावी प्रक्रिया तथा जिम्मेदार नागरिक के रूप में उनकी भूमिका के प्रति जागरूक किया।

गरबा-डांडिया नृत्य प्रतियोगिता में रमन हाउस बना विजेता

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

झुमरी तिलैया : मॉडर्न पब्लिक स्कूल में सोमवार को गरबा-डांडिया थीम पर अंतर-सदनीय नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें रमन, आइंस्टीन, भाभा और न्यूटन हाउस के विद्यार्थियों ने पारंपरिक वेशभूषा में आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। प्रतियोगिता में रमन हाउस ने प्रथम, आइंस्टीन हाउस ने द्वितीय तथा भाभा और न्यूटन हाउस ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य जीसी वर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों को भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने के साथ उनके सर्वांगीण विकास में सहायक हैं। निर्देशिका संगीता शर्मा ने विद्यार्थियों के उत्साह, अनुशासन और टीम भावना की सराहना की। कार्यक्रम का



संचालन डिप्टी हेड गर्ल रिया राज ने किया। इस अवसर पर शिक्षक, विद्यार्थी और विद्यालय के कर्मचारी उपस्थित थे।

दूसरी बार कायस्थ महासभा युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष बने गौतम कर्ण

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

झुमरीतिलैया : अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने संगठन के प्रति सक्रियता, समर्पण एवं कार्यक्षमता को देखते हुए गौतम कर्ण पर एक बार फिर भरोसा जताया है। उन्हें दूसरी बार कायस्थ महासभा के युवा प्रकोष्ठ का कोडरमा जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उनके पुनः मनोनयन से कायस्थ समाज एवं संगठन के युवाओं में उत्साह का माहौल है। इस संबंध में महासभा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सी.बी. सहाय एवं प्रदेश महामंत्री सुशील कुमार लाल द्वारा संयुक्त रूप से कार्यालय ज्ञापांक जारी किया गया। पत्र के अनुसार झारखंड प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में प्रस्तावित सदस्यों से प्रतिपुष्टि प्राप्त होने के बाद गौतम कर्ण के नाम की अनुशंसा की गई थी। तत्पश्चात राष्ट्र कार्यवाहक अध्यक्ष सह प्रदेश प्रभारी की सहमति एवं सर्वसम्मति से उन्हें पुनः यह



जिम्मेदारी सौंपी गई। प्रदेश नेतृत्व ने विश्वास व्यक्त किया है कि गौतम कर्ण अपने पद एवं दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं लगन के साथ करते हुए झारखंड प्रदेश में महासभा की गतिविधियों, कार्यक्रमों एवं आयोजनों को गति प्रदान करेंगे। साथ ही महासभा के लक्ष्य, उद्देश्य, सिद्धांत एवं नीतियों के प्रचार-प्रसार, विस्तार एवं संगठन के सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। गौतम कर्ण के दूसरी बार जिला अध्यक्ष मनोनीत होने पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सी.बी. सहाय, युवा प्रदेश अध्यक्ष सजल सहाय सहित कायस्थ समाज के कोडरमा जिला अध्यक्ष गोपाल कुमार गुतुल, मनोज सहाय पिंकू, विनय कुमार बेलु, नीरज कर्ण, रणधीश कर्ण, राजा वर्मा, रिनकेश सिन्हा एवं रांची की निर्मला कर्ण समेत हजारों शुभचिंतकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

ग्रिजली पब्लिक स्कूल के बच्चों ने गुरुद्वारा में टेका माथा, लिया गुरु का आशीर्वाद



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

झुमरी तिलैया (कोडरमा) : ग्रिजली पब्लिक स्कूल के बच्चों ने शैक्षणिक भ्रमण के दौरान गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में माथा टेककर गुरु का आशीर्वाद लिया।इस अवसर पर ज्ञानी निरंजन सिंह जी ने शब्द गायन एवं आनंद साहिब का पाठ किया तथा अरदास की और गुरु का हुक्मनामा लिया। बच्चों ने गुरुद्वारा की मयार्दा और सिख धर्म के इतिहास के बारे में जानकारी प्राप्त की।इस दौरान बीबी अमरजीत कौर ने दलजीत कौर मैडम को गुरु का आशीर्वाद स्वरूप शॉल भेंट किया, वहीं ग्रिजली पब्लिक स्कूल की ओर से भी गुरु घर में अरदास भेंट की गई।यशपाल सिंह गोल्डन ने बच्चों को सिख धर्म के बारे में बताया और कहा कि किस तरह हमारे गुरु ग्रंथ साहिब जी को सुप्रीम कोर्ट से जीवंत गुरु का दर्जा प्राप्त है। जिस किसी को भी गुरु के दर्शन करने हों, वह गुरु ग्रंथ साहिब जी के दर्शन करें, पाठ करें। उन्होंने सिख धर्म की महिमा का वृतांत बताया और गुरु महाराज से बच्चों के लिए विद्या, लंबी उम्र और देश के अच्छे नागरिक बनने की अरदास की।मौके पर दलजीत मैडम के नेतृत्व में पूनम मैडम, तनु मैडम, किरण मैडम, सिमरन कौर मैडम सहित टीचिंग एवं नॉन टीचिंग स्टाफ, बच्चे, यशपाल सिंह (गोल्डन), जोशी, कुमार अवतार सिंह, बॉबी लंबा, गुरमीत सलूजा (रिकी), अमरजीत कौर, मनजीत कौर, रिंकी कौर, अंजना कौर, पूनम कौर, जसबीर कौर, प्रिया सलूजा सहित अन्य उपस्थित थे।

दुर्गा पूजा पंडाल प्रतियोगिता में मड़वाटांड़ प्रथम, अड्डी बांग्ला द्वितीय और बेलाटांड़ तृतीय



नगर परिषद कार्यालय में अध्यक्ष रमेश हर्षधर, उपाध्यक्ष मनोहर राम ने विजेता समितियों को किया सम्मानित


झुमरी तिलैया (कोडरमा) : नगर परिषद की ओर से आयोजित दुर्गा पूजा पंडाल प्रतियोगिता के विजेताओं को सोमवार को नगर परिषद कार्यालय में सम्मानित किया गया। नगर परिषद अध्यक्ष रमेश हर्षधर, उपाध्यक्ष मनोहर राम ने विजेता पूजा समितियों के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया। प्रतियोगिता में सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति, मड़वाटांड़ को प्रथम, सार्वजनिन दुर्गा पूजा समिति, अड्डी बांग्ला को द्वितीय तथा सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति, बेलाटांड को तृतीय स्थान मिला। नगर परिषद की ओर से कुल 150 अंकों के 14 निर्धारित मानदंडों के आधार पर पंडालों का मूल्यांकन किया गया था। इसमें साफ-सफाई, गीले-सूखे कचरे का पृथक्करण, अग्निशमन, सीसीटीवी, बिजली सुरक्षा, पार्किंग, प्राथमिक उपचार, स्वयंसेवकों की व्यवस्था सहित प्रशासन द्वारा जारी मूर्ति विसर्जन के दिशा-निर्देशों का पालन शामिल था। नगर परिषद की इस पहल का उद्देश्य पूजा समितियों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के साथ शहर में स्वच्छता, सुरक्षा और बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करना है।

वीबी-जी राम जी व आवास योजनाओं की प्रगति की डीडीसी ने की समीक्षा

समयबद्ध लक्ष्य प्राप्ति के दिये निर्देश

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

गुमला : उप विकास आयुक्त, गुमला अनिमेष रंजन की अध्यक्षता में वीबीझजी राम जी एवं विभिन्न आवास योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा को लेकर सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारियों एवं प्रखंड आवास समन्वयकों के साथ वीडियो संवाद के माध्यम से बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजनाओं के अंतर्गत श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने, मानव दिवस सृजन, वित्तीय प्रबंधन तथा आवास निर्माण की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। वीबीझजी राम जी के अंतर्गत पंचायतवार श्रमिकों की कार्य में सहभागिता की समीक्षा करते हुए उप विकास आयुक्त ने प्रत्येक पंचायत में कम से कम 150 श्रमिकों को कार्य से 7जोड़ने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पंचायतों में संचालित सभी योजनाओं यथा बिरसा हरित ग्राम योजना, अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना,



तालाब निर्माण, मिट्टी एवं मुरुम सड़क निर्माण तथा कूप निर्माण सहित अन्य कार्यों में श्रमिकों की मांग सृजित करते हुए मानव दिवस सृजन के निर्धारित लक्ष्य को शत-प्रतिशत प्राप्त किया जाए। समीक्षा के दौरान घाघरा प्रखंड की एक पंचायत में श्रमिकों की सहभागिता शून्य पाए जाने पर संबंधित ग्राम रोजगार सेवक का वेतन अवरुद्ध करते हुए उनसे स्पष्टीकरण मांगने का निर्देश दिया गया। साथ ही संबंधित प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी से भी स्पष्टीकरण की मांग की गई। बिरसा सिंचाई कूप योजना के अंतर्गत राज्य मद से प्राप्त प्रति कूप 50 हजार रुपये की राशि का भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश सभी प्रखंडों को दिया गया। इसके अतिरिक्त वीबीझजी राम जी के अंतर्गत सभी सक्रिय श्रमिकों के जॉब कार्ड का ई-केवाईसी से संबंधित लंबित कार्य आगामी 15 दिनों के भीतर पूर्ण करने का निर्देश सभी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारियों को दिया गया।

एसडीओ ने विक्रेताओं के साथ की बैठक, सुरक्षा मानकों का पालन अनिवार्य

दीपावली पर पटाखों की बिक्री के लिए ब्लॉक मैदान चिह्नित

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

कोडरमा : दीपावली पर्व के अवसर पर पटाखों की सुरक्षित बिक्री एवं उपयोग सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन, कोडरमा द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इसके तहत पटाखों की बिक्री के लिए अस्थायी दुकानों के संचालन, सुरक्षा व्यवस्था एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित निर्धारित मानकों का अनुपालन अनिवार्य किया गया है। उपायुक्त, कोडरमा के निर्देशानुसार अनुमंडल पदाधिकारी



निर्मल सोरेन की अध्यक्षता में पटाखा विक्रेताओं के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि झुमरी तिलैया नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत ब्लॉक मैदान में पटाखों की बिक्री के लिए स्थल चिह्नित किया गया है। उन्होंने सभी पटाखा विक्रेताओं को निर्देश दिया कि वे केवल निर्धारित स्थल पर ही अपनी दुकानें लगाकर पटाखों की बिक्री करें। साथ ही, सभी अंचल अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में पटाखों की बिक्री के लिए उपयुक्त स्थलों को चिह्नित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने पटाखा विक्रेताओं को निर्देश दिया कि ब्लॉक मैदान में स्टॉल लगाकर पटाखों का भंडारण सुरक्षित एवं अज्वलनशील सामग्री से निर्मित शेड में ही करें। अस्थायी दुकानें एक-दूसरे से कम से कम 3 मीटर की दूरी पर तथा संरक्षित स्थलों से कम से कम 50 मीटर की दूरी पर स्थापित की जाएंगी। दुकानें आमने-सामने नहीं होंगी तथा किसी भी दुकान के 50 मीटर के दायरे में पटाखों का प्रदर्शन प्रतिबंधित रहेगा। दुकानों एवं सुरक्षा क्षेत्र में प्रकाश व्यवस्था के लिए तेल या गैस के लैंप तथा खुली बिजली की तारों का उपयोग नहीं किया जाएगा। विद्युत तारों को दीवार अथवा छत पर सुरक्षित तरीके से लगाया जाएगा। सभी दुकानों के लिए स्विच बोर्ड तथा प्रत्येक पंक्ति के लिए मास्टर स्विच की व्यवस्था अनिवार्य होगी। प्रत्येक मास्टर स्विच में फ्यूज अथवा सर्किट ब्रेकर लगाया जाएगा, ताकि शॉर्ट सर्किट होने की स्थिति में विद्युत प्रवाह स्वतः बंद हो सके।

कार्यालय उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, राँची।
(सामाजिक सुरक्षा कोषांग)
जिला बाल संरक्षण इकाई
–: आवश्यक सूचना :–

केन्द्र प्रायोजित मिशन वात्सल्य योजना अन्तर्गत जिले में किशोर न्याय (बालकों के देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 एवं झारखण्ड किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) नियम, 2017 में वर्णित प्रावधानों का प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिला स्तर पर रिक्त पदों यथा संरक्षण पदाधिकारी–गैर संस्थागत देखरेख एवं आंकड़ा विश्लेषक के विरूद्ध संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु कार्यालय ज्ञापांक–नियु०–DCPU/2026–27/1058/बा०सं०, राँची/दिनांक–30.07.2026 द्वारा विज्ञापन प्रकाशित किया गया था। प्रकाशित विज्ञापन के आलोक में प्राप्त आवेदनों की जाँच (Scrutiny) उपरांत सूची तैयार कर कार्यालय सूचना पट्ट एवं जिले के वेबसाईट www.ranchi.nic.in पर दिनांक–05.11.2026 को अपराह्न 05:00 बजे तक प्रदर्शित रहेगी।
उक्त सूची के विरूद्ध दिनांक–06.11.2026 से 07.11.2026 तक कार्यालय अवधि में कार्यालय जिला बाल संरक्षण इकाई, समाहरणालय भवन, ब्लॉक–''बी'' कमरा संख्या–111, राँची (834001) में अभ्यर्थी अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर दावा आपत्ति हेतु आवेदन समर्पित कर सकते है, उक्त तिथि के बाद दावा आपत्ति हेतु प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

ह०/–
उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी,
राँची।

PR 393098 Ranchi(26-27)D

कार्यालय. जिला सहकारिता पदाधिकारी, हजारीबाग
बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के संबंध में
–: आवश्यक सूचना :–

वैसे किसान जिन्होने बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में आवेदन किया है और धान एवं मक्का फसल का बीमा उनके द्वारा कराया गया है उन सभी किसान भाईयों से अपील है कि वर्तमान में अर्नब तुफान आने के फलस्वरूप धान के फसल की जो भी क्षति हुई हो उसकी सूचना तुफान की प्रभाव की समाप्ति के 72 घंटे के भीतर कंपनी द्वारा उपलब्ध कराये गए Toll Free No. 14447 पर सूचित करेंगे, ताकि ससमय जाँच की कार्रवाई एवं क्षति का आकलन किया जा सकें। उक्त कार्य हेतु समय पर बीमा कंपनी को सूचना देना अनिवार्य है।
सुविधा के लिए जिले के सभी प्रखण्डों में कंपनी के द्वारा कर्मी नियुक्त किये गए है। जो नोडल पैक्सों में सक्रिय है। किसी भी प्रकार की कठिनाई होने पर उनका सहयोग लिया जा सकता है। प्रखण्डवार कंपनी के द्वारा प्रतिनियुक्त कर्मियों का सम्पर्क नम्बर नीचे दिया जा रहा है।

जिला–हजारीबाग

क्र०सं0	प्रखण्ड का नाम	बीमा कंपनी के प्रतिनिधि का नाम	मोबाईल न0
1	दारू	मनोज कुमार	9110097912
2	ईचाक	बिनोद कुमार	7481014789
3	बरही	तुसार कुमार	7070690191
4	बिष्णुगढ	कृत्यानन्द	7979810016
5	केरेडारी	गणेश कुमार	9608972870
6	बडकागांव	हिमांशु कुमार	9135844977
7	टाटीझरिया	प्रमोद कुमार	9708906826
8	कटकमसाण्डी	कामेश्वर दांगी	9262803994
9	चुरचू	बिनोद कुमार	8340111289
10	चलकुशा	टिकैत कु0 मडंल	9905235857
11	चौपारण	बब्लू कुमार	9122825950
12	कटकमदाग	प्रकाश कुमार	6201465388
13	बरकट्ठा	पियुष कुमार पाण्डेय	9709408271
14	डाडी	सदीप कुमार महतो	6204199979
15	सदर	रौशन कुमार	8757381291
16	पदमा	अजय कुमार	7903734698

जिला सहकारिता पदाधिकार
हजारीबाग

PR 393069 Co-opretive(26-27).D

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,राँची पूर्व,राँची
अति अल्पकालिन निविदा सूचना –62/2026–27

1) विभाग का नाम : पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, राँची ।
2) विज्ञापन दाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पूर्व राँची ।
3) परिमाण विपत्र की बिकी की अंतिम तिथि एवं समय : 9.11.2026 अपराह्न 5 बजे तक।
4) निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 10.11.2026 अपराहन 3:30 बजे तक।
5) निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 10.11.2026 अपराह्न 4 बजे।
6) परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : 1) कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,राँची पूर्व,राँची।
2) अधीक्षण अभियन्ता, का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता, राँची अंचल, राँची।
7) निविदा प्राप्ति का स्थान : 1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,राँची पूर्व,राँची।
8) कार्य विवरणी :

क्र0	कार्य का नाम	प्रा० राशि (लाख में)	अग्रधन की राशि (रु० में)	परिमाण वि० का मूल्य	कार्य समाप्ति की अवधि
1	Supplying, fitting and fixing of chlorinator (capacity 2kg/hour), with injector, rotameter, booster pump, cylinder trolly, chlorine gas cylinder and its allied works such as pipe line at 56 set sump under D.W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi.	1516128.00	30400.00	5000.00	30 Days
2	Renovation of toilet cum bathroom (Residential Office cum Guest House) water supply and replacement of damaged sanitary fittings and other misc. works at Qtr.No. E-121 of Sector-II and others under D.W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi.	1245595.00	25000.00	2500.00	30 Days
3	Repairing and rewinding and replacement of 5 H.P., 1.5 H.P. 1 H.P. submersible Motor, 1 H.P. Water Pressure Motor, and other allied electrical works at Govt. residential building, Doranda , Hinoo, Sachiwalay colony and other Govt. quarters, Doranda, Ranchi under D.W and S. Division, Ranchi East, Ranchi.	1587189.00	31800.00	5000.00	30 Days
4	Improvement of water supply with replacement of old and damaged sanitary fittings and other allied works at Officers flat-D-8/28 Behind Nepal House, Doranda under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi.	821775.00	16500.00	1250.00	15 Days
5	Improvement of water supply with replacement of old and damaged sanitary fittings and other allied works at Honable residence quarter no:- 9/19, A.G. More Doranda under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi.	944609.00	18900.00	1250.00	15 Days
6	Repairing or replacement of sewage pipe connected from toilet & kitchen to septic tank & improvement of water supply and its allied works at quarter No.- A/3, A/7 & A/11, 48 Set, near seth sitaram school, Doranda,and other High court quarters, Ranchi under D.W. & S. ,Under D. W. & S. Division Ranchi East, Ranchi.	870549.00	17500.00	1250.00	15 Days

आवश्यक शर्तों के लिए देखें www.jharkhand.gov.in
Email ID- eedwsd.ranchieast@gmail.com

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्व० प्र० राँची पूर्व राँची

PR 393107 Drinking Water and Sanitation(26-27).D

एक झलक

झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष से पीए-पीएस एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात



रांची : पीए-पीएस एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष दीपेश निराला की अध्यक्षता में झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष विंद्रनाथ महतो जी से औपचारिक भेंट वार्ता कर शिष्टाचार मुलाकात कर उनको पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और संस्था का प्रतीक चिन्ह देते हुए उनको एसोसिएशन के संदर्भ में जानकारी दी। प्रतिनिधिमंडल द्वारा स्पीकर महोदय को बताया गया कि झारखंड के सभी माननीय विधायकों, मंत्रियों एवं सांसदों के कार्यरत निजी सहायक और आप्त सचिव हेतु एक कॉमन प्लेटफॉर्म का निर्माण किया गया है, जिसमें माननीय से जुड़े समस्त विधायी कार्यों और सदन के कार्यों को संपादित करने वाले निजी सहायकों और आप्त सचिवों जुड़े हुए हैं। अध्यक्ष रविंद्रनाथ महतो जी ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की और अपने विधायक जीवन से जुड़े विभिन्न अनुभवों को एसोसिएशन के साथ साझा किया। प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष दीपेश कुमार निराला, उपाध्यक्ष विजय श्री, महासचिव पवन कुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष संजीव कुमार गुप्ता, सचिव दिनेश चंद्र प्रमाणिक, निर्भय कुमार, आलोक कुमार झा, संयुक्त सचिव समीर महतो, सदस्य मनीष कुमार, कैलाश प्रसाद, इस्तेयाक आलम, आदित्य राज गोल्डी, इत्यादि मौजूद रहे।

डीएवी आनन्द स्वामी के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर लहराया परचम विद्यालय में हुआ भव्य स्वागत



रांची : नयी दिल्ली में पिछले महीने आयोजित हुए प्रतिष्ठित डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स (राष्ट्रीय स्तर) प्रतियोगिता में डीएवी आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल, हेहल के खिलाड़ियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से ना सिर्फ अपने विद्यालय का बल्कि पूरे राज्य का नाम रोशन किया है। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश भर के लगभग सभी राज्यों की टीमों ने हिस्सा लिया था, इस कड़ी प्रतिस्पर्धा में विद्यालय के 16 होनहार खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी जगह बनाई। इन 16 खिलाड़ियों में से 9 विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय पटल पर पदक जीतकर एक नया इतिहास रच दिया है। वेटलिफ्टिंग (भारोत्तोलन) में शानदार प्रदर्शन करते हुए आदित्य राज गुप्ता ने अंडर 14, -98 केजी में स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) पर कब्जा किया। वहीं, बॉक्सिंग (मुक्केबाजी) में अपने मुक्कों का दम दिखाते हुए आयुष भगत ने अंडर 14 में कांस्य पदक (ब्रोंज मेडल) जीता।

प्राचार्य के बिना चल रहा सिन्दरी कॉलेज, प्रशासनिक कार्य प्रभावित

सिंदरी (धनबाद) : सिंदरी कॉलेज सिंदरी में प्राचार्य का पद रिक्त होने से कॉलेज का प्रशासनिक कामकाज प्रभावित हो रहा है। प्रभारी प्राचार्य डॉ. केके पाठक के 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्त होने के बाद कॉलेज बिना प्राचार्य और बिना किसी वैकल्पिक प्रभार के संचालित हो रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने अब तक न तो किसी को प्राचार्य नियुक्त किया है और न ही किसी शिक्षक को प्रभारी प्राचार्य की जिम्मेदारी सौंपी है। प्राचार्य के अभाव में कॉलेज के विभिन्न प्रशासनिक कार्यों पर असर पड़ने की बात सामने आ रही है। कॉलेज में नेतृत्व और प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। कॉलेज के एक प्रोफेसर के अनुसार, प्रभारी प्राचार्य के चयन को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन असमंजस में है। कई नाम विश्वविद्यालय प्रशासन तक पहुंचे हैं। सभी दावेदारों के अपने-अपने तर्क और दावे हैं। साथ ही, इस पद को लेकर दबाव भी बनाया जा रहा है। इसी कारण अब तक किसी एक नाम पर निर्णय नहीं हो सका है। डॉ. केके पाठक की सेवानिवृत्ति के बाद पिछले तीन दिनों से कॉलेज बिना प्राचार्य के चल रहा है।

समाहरणालय में साप्ताहिक जनता दरबार का हुआ आयोजन

डीसी ने आम लोगों की सुनीं फरियादें

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई एवं जनता दरबार में आज जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी विभिन्न समस्याओं एवं शिकायतों को उपायुक्त के समक्ष रखा। जनसुनवाई में भूमि विवाद, पंजी-2 में सुधार, दाखिल-खारिज, दखल-कब्जा, एलपीजी गैस सिलेंडर की उपलब्धता तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन सहित विभिन्न विषयों से संबंधित मामले सामने आए। जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ



भजन्त्री ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान एलपीजी गैस कनेक्शन एवं घरेलू गैस सिलेंडर की उपलब्धता से जुड़ी समस्याएं भी सामने आईं। इस पर जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा आम नागरिकों को हो रही परेशानी को देखते हुए तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में बाजार से 5 किलोग्राम का गैस सिलेंडर लेने का सुझाव दिया गया है। साथ ही संबंधित पदाधिकारी को मामलों पर आवश्यक कार्रवाई का भी निर्देश दिया गया। जनता दरबार में सोनाहातू में बाजार समिति की जमीन पर अवैध कब्जे के प्रयास से संबंधित शिकायत भी प्राप्त हुई। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री ने अनुमंडल पदाधिकारी को संबंधित भूमि को संरक्षित करने तथा आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त जनता दरबार में भूमि से संबंधित लंबित मामलों, पंजी-2 में सुधार, दाखिल-खारिज एवं दखल-कब्जा से जुड़ी शिकायतों पर भी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। सामाजिक सुरक्षा के अंतर्गत भारत सरकार की इंदिरा गांधी पेंशन योजना से संबंधित शिकायतों पर जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा बताया गया कि रांची जिले में लगभग 50 प्रतिशत लाभुकों के खातों में पेंशन राशि का भुगतान किया जा चुका है। शेष लाभुकों को भुगतान में आ रही तकनीकी एवं अन्य कठिनाइयों को दूर करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। जिन लाभुकों को भुगतान संबंधी परेशानी हो रही है, उनके खातों में भी आगामी कुछ दिनों में राशि हस्तांतरित करने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

सासाराम में दो निकाह समारोह हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न



समाजसेवियों और गण्यमान्य लोगों ने नवदम्पतियों को दी मुबारकबाद

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

सासाराम : मरकजी सीरत-ए-पाक कमेटी, सासाराम के सचिव मुस्ताक कुरैशी के बेटे और बेटी का निकाह समारोह खुशगवार माहौल में संपन्न हुआ। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश राजद के वरिष्ठ नेता मुमताज कुरैशी (धनबाद) के भतीजे शादाब आलम का निकाह हाजी जावेद अख्तर कुरैशी, चौखंडी (सासाराम) की बेटी गौसिया नाज के साथ हुआ। निकाह की रस्म कारी रिजवानुल होदा ने अदा कराई। वहीं, गुमला निवासी फखरुद्दीन कुरैशी के बेटे शहबाज कुरैशी का निकाह जैनब परवीन के साथ हुआ। निकाह की रस्म मुफ्ती मौलाना मोहम्मद आसिफ ने अदा कराई। समारोह में मरकजी सीरत-ए-पाक कमेटी के अध्यक्ष हाजी अब्दुल जलील अशरफी, नायब सचिव अलहाज मोहम्मद मुस्ताक, अलहाज निजामुद्दीन, मोहम्मद अनवर, सगीर अहमद, हाफिज मोहम्मद शमशेर आलम, शब्बीर अहमद, जमीयतुल अल कुरैश के अध्यक्ष अनवर कुरैशी सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए समाजसेवी, गणमान्य नागरिक और पत्रकार शामिल हुए। सभी ने नवदंपतियों को मुबारकबाद देते हुए उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की।

रिसर्च की क्वालिटी और ग्लोबल विजिबिलिटी बढ़ाने के लिए आईआईटी (आईएसएम) में वर्कशॉप

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद : रिसर्च की क्वालिटी बेहतर बनाने, रिसर्च पेपर्स की ग्लोबल विजिबिलिटी बढ़ाने और फैकल्टी मेंबर्स, रिसर्च स्कॉलर्स व स्टूडेंट्स को आधुनिक डिजिटल रिसर्च टूल्स के इस्तेमाल से परिचित कराने के उद्देश्य से आईआईटी (आईएसएम) धनबाद की सेंट्रल लाइब्रेरी ने क्लैरिवेट एनालिटिक्स के सहयोग से हाल ही में ह्यमेक योर रिसर्च काउंटह्व विषय पर एक वर्कशॉप आयोजित की। इसका मुख्य फोकस भरोसेमंद रिसर्च लिटरेचर की पहचान, रिसर्च वर्क को आसान और प्रभावी बनाना, रिसर्च परफॉर्मेंस का आकलन, पब्लिकेशन के लिए सही जर्नल का चयन और रिसर्च के ग्लोबल इम्पैक्ट को



बढ़ाने पर रहा। कार्यक्रम में आईआईटी (आईएसएम) धनबाद के डिप्टी डायरेक्टर प्रो. सरत कुमार दास उपस्थित थे। उनके साथ सेंट्रल लाइब्रेरी के प्रोफेसर-इन-चार्ज प्रो. सुमंत के. पाढ़ी, संस्थान के लाइब्रेरियन पार्थ डे और डिप्टी लाइब्रेरियन सतीश कुमार भी मौजूद थे। वर्कशॉप में क्लैरिवेट की लीड सॉल्यूशन कंसल्टेंट (रिसर्च एंड एनालिटिक्स) डॉ. सुभाश्री नाग ने रिसोर्स पर्सन के रूप में हिस्सा लिया। उन्होंने क्लैरिवेट के इंटीग्रेटेड रिसर्च इकोसिस्टम के तहत वेब ऑफ साइंस, रिसर्च असिस्टेंट, एंडनोट और इनसाइट्स जैसे टूल्स का लाइव डेमोंस्ट्रेशन दिया और बताया कि किस तरह इनका इस्तेमाल रिसर्च के अलग-अलग स्टेज पर किया जा सकता है। सेशन में वेब ऑफ साइंस के जरिये क्वालिटी रिसर्च पेपर्स खोजने और साइटेशन ट्रैक करने की जानकारी दी गई। वहीं, एआई आधारित रिसर्च असिस्टेंट के जरिये लिटरेचर डिस्कवरी और एनालिसिस को ज्यादा आसान बनाने के तरीके बताये गये। एंडनोट के माध्यम से रेफरेंस मैनेजमेंट, रिसर्च मटेरियल को व्यवस्थित करने और रिसर्च पेपर तैयार करने की प्रक्रिया पर भी जानकारी दी गयी। इनसाइट्स के जरिये रिसर्च परफॉर्मेंस की बेंचमार्किंग, संस्थानों की रिसर्च क्षमता का आकलन, कोलैबोरेशन के अवसरों की पहचान और रिसर्च इम्पैक्ट मापने के तरीकों पर चर्चा हुई। जर्नल साइटेशन रिपोर्ट्स (जेसीआर) और जर्नल होराइजन कैटेगरी डेटा (जेएचसीडी) के जरिये जर्नल की रैंकिंग और पब्लिकेशन के लिए सही जर्नल चुनने की जानकारी भी दी गयी। वर्कशॉप की खास बात वेब ऑफ साइंस के ट्रायल एक्सेस की शुरूआत रही। कार्यक्रम के अंत में क्विज आयोजित किया गया, जिसमें टॉप पांच प्रतिभागियों को पुरस्कार दिये गये। इसके बाद हाई टी के दौरान प्रतिभागियों ने क्लैरिवेट की एक्सपर्ट के साथ रिसर्च से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की।

कंटेनर की चपेट में आने से युवक की मौत, हादसे के बाद चालक फरार

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

गोला (रामगढ़) : रामगढ़-बोकारो मार्ग पर धमना टांड़ के समीप कंटेनर की चपेट में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान रजरप्पा थाना क्षेत्र के मायल गांव निवासी मनीष कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, युवक अपने रिश्तेदार के यहां मरखी से वापस लौट रहा था। इसी दौरान वह सड़क हादसे का शिकार हो गया। स्थानीय लोगों के बीच चर्चा है कि दुर्घटना के बाद संबंधित कंटेनर को सुधीर होटल के सामने खड़ा किया गया था। बताया जाता है कि जैसे ही चालक को युवक की मौत की सूचना मिली, वह वाहन लेकर वहां से फरार हो गया। यदि यह जानकारी सही है तो यह पूरे मामले की जांच का महत्वपूर्ण बिंदु हो सकता है। आखिर दुर्घटना के बाद वाहन वहां क्यों खड़ा किया गया और मौत की सूचना मिलने के बाद उसे लेकर चालक क्यों फरार हुआ, इसकी जांच आवश्यक है। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। पुलिस फुटेज अपने साथ ले गई है। हालांकि, घटना की पूरी सच्चाई सामने लाने के लिए केवल घटनास्थल के आसपास लगे कैमरों की जांच पर्याप्त नहीं होगी। गोला डीवीसी चौक पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगालने की जरूरत है। इसके अलावा रामगढ़-बोकारो मार्ग



के टोल प्लाजा पर लगे कैमरों की रिकॉर्डिंग की जांच से भी संबंधित कंटेनर की पहचान और उसके आने-जाने के रास्ते का पता लगाया जा सकता है। घायल अवस्था में युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला ले जाया गया था, जहां से उसे सदर अस्पताल भेजे जाने की बात सामने आई। हालांकि, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के रजिस्टर में रेफर किए जाने का स्पष्ट उल्लेख नहीं मिलने से अस्पताल की प्रक्रिया पर भी सवाल उठ रहे हैं। कुछ लोगों का कहना है कि युवक की मौत पहले ही हो चुकी थी। ऐसे में उसे किस स्थिति में अस्पताल लाया गया और आगे किस प्रक्रिया के तहत सदर अस्पताल भेजा गया, यह भी जांच का विषय है। फिलहाल पूरे मामले में पुलिस जांच कर रही है। यदि घटनास्थल, डीवीसी चौक और टोल प्लाजा के सीसीटीवी फुटेज का आपस में मिलान कर गहनता से जांच की जाए तो दुर्घटना में शामिल कंटेनर, उसके चालक और घटना के बाद वाहन की गतिविधियों की पूरी जानकारी सामने आ सकती है। पुलिस के लिए यह जांच मामले की गुत्थी सुलझाने में अहम साबित हो सकती है।

बेड़ो बाजार में महिला के गले से तीन लाख की सोने की चेन उचक्कों ने उड़ायी



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बेड़ो : बेड़ो थाना क्षेत्र के बेड़ो साप्ताहिक सोमवार बाजार में उचक्कों ने भीड़ का फायदा उठाकर एक महिला के गले से लॉकेट सहित सोने की चेन उड़ा ली। घटना सोमवार की अपराह्न करीब 4:30 बजे बड़ा गोदाम के समीप हुई। चोरी गई सोने की चेन की कीमत करीब तीन लाख रुपये बताई जा रही है। पीड़िता बेड़ो देवी मंडप निवासी योगेंद्र महतो की पत्नी सुलेखा देवी ने बताया कि वह बाजार में सब्जी खरीद रही थीं। इसी दौरान पीछे से आईं दो महिलाओं ने उन्हें धक्का दिया। इसके कुछ देर बाद उनके गले से सोने की चेन गायब मिली। उन्हें आशंका है कि धक्का देने वाली दोनों महिलाओं में से किसी एक ने मौका पाकर चेन चोरी की है। घटना की जानकारी मिलने पर पीड़िता के पति और स्वजनों ने बाजार में काफी देर तक चेन उड़ाने वाली महिलाओं की तलाश की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद योगेंद्र महतो ने बेड़ो थाना में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। इधर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

रातू में खुली नारी ब्यूटी पार्लर एवं एकेडमी

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की पहल



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रातू : रातू ब्लॉक चौक में सोमवार को नारी ब्यूटी पार्लर एवं एकेडमी का शुभारंभ किया गया। रांची जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला वीरेंद्र भगत ने फीता काटकर प्रतिष्ठान का विधिवत उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में क्षेत्र के कई गणमान्य लोग और महिलाएं शामिल हुईं। इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला वीरेंद्र भगत ने कहा कि रातू क्षेत्र में ब्यूटी पार्लर एवं एकेडमी की शुरूआत महिलाओं और युवतियों के लिए खुशी की बात है। आज के समय में महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं। ऐसे में ब्यूटीशियन का प्रशिक्षण उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बेहतर अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि इस एकेडमी के माध्यम से महिलाएं मेकअप और सौंदर्य से जुड़ी विभिन्न तकनीकों के साथ ब्यूटीशियन का कोर्स कर सकती हैं। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद वे अपना रोजगार शुरू कर आर्थिक रूप से स्वावलंबी बन सकती हैं। इससे उन्हें अपने पैरों पर खड़े होने का अवसर मिलेगा। उन्होंने प्रतिष्ठान की संचालिका खुशबू सिंह को इस पहल के लिए बधाई देते हुए कहा कि क्षेत्र में इस तरह के प्रशिक्षण केंद्र खुलने से स्थानीय महिलाओं और बच्चियों को काफी लाभ मिलेगा। उन्हें प्रशिक्षण के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। मौके पर अनीता तिवारी, जितेंद्र शर्मा, सोनू सिंह, ममता चौहान, रीता गुप्ता, पूर्णिमा पाठक, विशाल साहू, देवेंद्र पाहन और संजय सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

साप्ताहिक सुदर्शन क्रिया में दिखा उत्साह और उमंग



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

नाथनगर (भागलपुर) : हर रविवार की तरह आज भी साप्ताहिक सुदर्शन क्रिया में भरपूर जोश, उत्साह, उमंग और शानदार उपस्थिति रही।

सांसों में ऊर्जा, मन में शांति और चेहरे पर मुस्कान...

सकारात्मकता और आनंद का अद्भुत संगम–भीतर आनंद, बाहर चमक और हर चेहरे पर खिलखिलाहट! आइए, इस आनंदमय साधना को हर रविवार अपनी जीवनशैली बनायें।

आयोजन को सफल बनाने में राजीव अग्रवाल, रितु जैन, अमित वर्मा, राजीव झा, धरमचंद जैन, रंजीत, राकेश, पूनम, रेखा, अमृता, तेजस्वी आदि का भरपूर योगदान रहा।

जल-जंगल-जमीन के अधिकारों को लेकर गोलबंद हुआ बेदिया समाज



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

गोला (रामगढ़) : गोला स्थित द्वारिका पैलेस में बेदिया विकास परिषद के बैनर तले प्रखंड स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज के जल, जंगल और जमीन से जुड़े अधिकारों की रक्षा, सामाजिक पहचान और हक-अधिकारों की आवाज बुलंद करने को लेकर व्यापक चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि समाज के अधिकारों का हनन रोकने और अपनी सांस्कृतिक पहचान, परंपरा तथा अस्तित्व को सुरक्षित रखने के लिए संगठित होना समय की आवश्यकता है। बैठक में आगामी 12, 13 एवं 14 फरवरी को आयोजित होने वाले तीन दिवसीय बेदिया समाज महासम्मेलन की तैयारियों की रूपरेखा बनाई गई। महासम्मेलन के माध्यम से सामाजिक एकता, आर्थिक आत्मनिर्भरता, शैक्षणिक जागरूकता, धार्मिक-सांस्कृतिक संरक्षण और राजनीतिक भागीदारी को मजबूत करने का संकल्प लिया गया। वक्ताओं ने कहा कि समाज के लोग एकजुट होकर अपने संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करें और आने वाली पीढ़ियों के बेहतर भविष्य के लिए संगठित प्रयास करें। केंद्रीय अध्यक्ष शंकर बेदिया ने समाज की एकजुटता पर जोर दिया। केंद्रीय महासचिव रामफल बेदिया, कोषाध्यक्ष गोविंद बेदिया, पूर्व सचिव अशोक राम बेदिया, सचेतक देवकीनंदन बेदिया, रामगढ़ जिला अध्यक्ष रोहन राम बेदिया, जिला सचिव ललन बेदिया और जिला प्रवक्ता देवेंद्र प्रसाद बेदिया ने भी अपने विचार रखे। बैठक में बालकिशुन बेदिया, सदानंद बेदिया, संतोष बेदिया, नारायण बेदिया, मोतीलाल बेदिया, सोहन बेदिया, बहादुर बेदिया, सुरपति देवी, कोलेश्वर बेदिया और सरजू बेदिया सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

टेक्समिन (आईआईटी आईएसएम) धनबाद और नीति आयोग के बीच क्रिटिकल मिनरल्स सेक्टर को मजबूत बनाने के लिए समझौता

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद : आईआईटी (आईएसएम) धनबाद में स्थापित टेक्समिन (टेक्नोलॉजी ट्रांसलेशन रिसर्च पार्क), जो भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) की पहल है, और नीति आयोग, भारत सरकार ने देश में क्रिटिकल और स्ट्रेटेजिक मिनरल्स के क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए 31 अक्टूबर 2026 को ज्वाइंट स्टेटमेंट ऑफ इंटेंट (एसओआई) पर हस्ताक्षर किये। इस साझेदारी का मुख्य उद्देश्य क्रिटिकल मिनरल्स के क्षेत्र में साझा रिसर्च, डेटा एनालिटिक्स, पॉलिसी और



टेक्निकल एडवाइजरी, मिनरल रिसोर्स मैपिंग, नयी जानकारी विकसित करने और क्षमता निर्माण को बढ़ावा देना है। इसके तहत मिनरल्स की खोज (एक्सप्लोरेशन) से लेकर प्रोसेसिंग, वैल्यू एडिशन और रिसाइक्लिंग तक पूरी वैल्यू चेन पर मिलकर काम किया जायेगा। इस सहयोग के तहत क्रिटिकल मिनरल्स से जुड़े व्यापक डेटाबेस तैयार करने, डिसीजन सपोर्ट फ्रेमवर्क विकसित करने और विभिन्न टेक्निकल स्टडीज करने पर भी फोकस रहेगा। इससे केन्द्र और राज्य सरकारों को मिनरल रिसोर्स से जुड़े फैसले लेने, पॉलिसी तैयार करने और इस सेक्टर की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने में वैज्ञानिक और तकनीकी सहयोग मिलेगा। यह साझेदारी भारत सरकार के नेशनल क्रिटिकल मिनरल मिशन (एनसीएमएम) के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने में भी अहम भूमिका निभायेगी। साथ ही, क्रिटिकल और स्ट्रेटेजिक मिनरल्स के मामले में देश को आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्य को मजबूती मिलेगी। आईआईटी (आईएसएम) धनबाद में स्थापित टेक्समिन इस दिशा में रिसर्च, इनोवेशन और नयी तकनीकों को इंडस्ट्री तक पहुंचाने के लिए काम कर रहा है। नीति आयोग के साथ यह सहयोग देश की मिनरल सिक्योरिटी को मजबूत करने, रिसर्च और पॉलिसी के बीच बेहतर तालमेल बनाने तथा माइनिंग और मिनरल सेक्टर में तकनीकी विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण पहल है।

आईआईटी (आईएसएम) धनबाद और सीएचटी के बीच ऊर्जा क्षेत्र में रिसर्च और पीएचडी फेलोशिप को लेकर समझौता

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद : आईआईटी (आईएसएम) धनबाद ने पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तहत काम करनेवाले सेंटर फॉर हाई टेक्नोलॉजी (सीएचटी) के साथ पांच साल का मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) किया है। इस पार्टनरशिप का मकसद ऊर्जा क्षेत्र में पीएचडी रिसर्च को बढ़ावा देना, इंडस्ट्री और एकेडमिक संस्थानों के बीच सहयोग मजबूत करना और नयी तकनीकों के विकास को गति देना है। इस एमओयू पर हाल ही में गोवा में आयोजित 29वें एनर्जी टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन मीट (ईटीएम-2026) के दौरान सीएचटी के एग्जीक्यूटिव

- पांच साल की पार्टनरशिप के तहत एक समय में 10 रिसर्च स्कॉलर्स को मिलेगी बढ़ी हुई फेलोशिप
- इंडस्ट्री की जरूरतों पर आधारित रिसर्च को मिलेगा बढ़ावा



एवं चीफ विजिलेंस ऑफिसर आलोक त्रिपाठी तथा आईआईटी (आईएसएम) के एसोसिएट डीन (रिसर्च एंड डेवलपमेंट) प्रो. एजाज अहमद मौजूद थे। इस पार्टनरशिप पर प्रो. पार्थसारथी दास ने कहा, 'इस सहयोग से इंडस्ट्री की जरूरतों के मुताबिक पीएचडी रिसर्च को बढ़ावा मिलेगा और हमारे रिसर्च स्कॉलर्स को ऊर्जा क्षेत्र की चुनौतियों के लिए स्वदेशी तकनीक विकसित करने का अवसर मिलेगा।' ईटीएम-2026 का उद्घाटन केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने किया। इस साल मीट की थीम 'एक्सेलरेटिंग एनर्जी इनोवेशनः फ्रॉम रिसर्च टू कमर्शियलाइजेशन' थी, जिसमें रिसर्च को व्यावहारिक तकनीक और व्यावसायिक डायरेक्टर शंकर गुणशेखरन और आईआईटी (आईएसएम) धनबाद के डीन (रिसर्च एंड डेवलपमेंट) प्रो. पार्थसारथी दास ने हस्ताक्षर किये। इस मौके पर पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव डॉ. नीरज मित्तल, ज्वाइंट सेक्रेटरी (गैस) इस्तेमाल तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। समझौते के तहत सीएचटी- आईआईटी (आईएसएम) धनबाद रिसर्च फेलोशिप प्रोग्राम शुरू किया जायेगा। इसके तहत एक समय में अधिकतम 10 पीएचडी स्कॉलर्स को फेलोशिप दी जाएगी। चयनित स्कॉलर्स को लागू सीएसआईआर/यूजीसी दरों से 25 प्रतिशत अधिक फेलोशिप मिलेगी। सीनियर रिसर्च फेलोशिप के स्तर पर यह राशि 52,500 रुपये प्रति माह होगी। इसके अलावा नियमानुसार हाउस रेंट अलाउंस (एचआरए), हर साल 20,000 रुपये का कंटिजेंसी ग्रांट और रिसर्च में इस्तेमाल होने वाली जरूरी सामग्री के लिए भी सहायता मिलेगी। फेलोशिप चार साल के लिए होगी, जिसे सीएचटी के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर की मंजूरी से एक साल और बढ़ाया जा सकेगा। इस पार्टनरशिप के तहत ग्रीन हाइड्रोजन, इलेक्ट्रोलाइजर, फ्यूल सेल, एडवांस्ड बैटरी, एनर्जी स्टोरेज, कार्बन कैप्चर, यूटिलाइजेशन एंड स्टोरेज (सीसीयूएस), कार्बन डाइऑक्साइड से केमिकल बनाने, कैटेलिस्ट, पेट्रोकेमिकल्स, क्लीनर फ्यूल, कोयला एवं बायोमास गैसीफिकेशन, वेस्ट मैनेजमेंट, जल संरक्षण और डिजिटल टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में रिसर्च होगी। इसके अलावा ज्वाइंट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, टेस्टिंग फैसिलिटी, स्पॉन्सर्ड रिसर्च और इंडस्ट्री से जुड़े ट्रेनिंग प्रोग्राम भी शुरू करने की योजना है। फैकल्टी को इंडस्ट्री में काम करने और विशेषज्ञों के साथ जुड़ने के अवसर मिलेंगे। ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े मुद्दों पर नीतिगत सुझाव देने के लिए एक एनर्जी थिंक टैंक बनाने की भी योजना है। समझौते में रिसर्च के दौरान विकसित तकनीकों के इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स (आईपीआर) की सुरक्षा और उनके व्यावसायिक इस्तेमाल का भी प्रावधान है। इसके तहत रिसर्च के आधार पर स्टार्टअप शुरू करने को भी प्रोत्साहित किया जायेगा। इस सहयोग से एकेडमिक रिसर्च को इंडस्ट्री की जरूरतों से जोड़ने और देश में ऊर्जा क्षेत्र की स्वदेशी तकनीकों को विकसित करने में मदद मिलेगी।

20 साल के एंटोनेली बने सबसे युवा फॉर्मूला-1 वर्ल्ड चैम्पियन

एजेंसी

मैक्सिको : मर्सिडीज के ड्राइवर किमी एंटोनेली 20 साल की उम्र में फॉर्मूला-1 के सबसे युवा वर्ल्ड चैंपियन बन गए हैं। उन्होंने रविवार को मैक्सिको सिटी ग्रां प्री में तीसरा स्थान हासिल कर 16 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। इससे पहले, जर्मनी के सेबेस्टियन वेटल ने 2010 में 23 साल और 133 दिन की उम्र में अपना पहला F1 वर्ल्ड टाइटल जीता था। वे 1953 के बाद F1 चैंपियन बनने वाले इटली के पहले ड्राइवर भी हैं। एंटोनेली ने अपने दूसरे ही सीजन में यह खिताब जीता और चार रेस बाकी रहते चैंपियनशिप अपने नाम कर ली।

चार रेस बाकी रहते ही चैम्पियन बने

एंटोनेली ने अपने दूसरे ही सीजन में यह कारनामा कर दिखाया। वे चार रेस बाकी रहते ही चैंपियन बन गए। मैक्सिको सिटी ग्रां प्री में एंटोनेली तीसरे स्थान पर रहे। मैक्स वेरस्टैपेन ने रेस जीती, जबकि लुईस हैमिल्टन दूसरे स्थान पर रहे। चैंपियन बनने के बाद एंटोनेली अपनी भावनाएं नहीं रोक सके। उन्होंने टीम से कहा, 'हमने कर दिखाया, हमने कर दिखाया। पोडियम पर भी उनकी आंखों में आंसू थे।

पहले 06 में से 05 रेस जीतीं

- वेटल के 16 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ा; 73 साल बाद इटली को मिला चैम्पियन

एंटोनेली का इस सीजन में प्रदर्शन शानदार रहा। उन्होंने जापान ग्रां प्री के बाद ड्राइवर चैंपियनशिप में बढ़त बनाई थी। इसके बाद पहले 6 में से 5 रेस जीतीं। मैक्सिको पहुंचने तक उनके नाम 9 ग्रां प्री जीत थीं। उनके सीजन का सबसे यादगार प्रदर्शन



इटली के मोन्जा में आया। यहां उन्होंने 19वें नंबर से शुरूआत करने के बावजूद रेस जीती।

हैमिल्टन की जगह मर्सिडीज ने दिया था मौका

लुईस हैमिल्टन के 2025 सीजन से पहले फेरारी जाने के फैसले के बाद मर्सिडीज को नए ड्राइवर की तलाश थी। टीम प्रिंसिपल टोटो वोल्फ ने अनुभवी ड्राइवर के बजाय युवा एंटोनेली पर भरोसा जताया। तब उनकी उम्र सिर्फ 18 साल थी। एंटोनेली ने 2025 में अपने डेब्यू सीजन में 150 पॉइंट्स हासिल किए और ड्राइवर चैंपियनशिप में सातवें स्थान पर रहे। उन्होंने तीन पोडियम भी हासिल किए थे।

07 साल की उम्र में शुरू की थी रेसिंग

किमी एंटोनेली का जन्म 25 अगस्त 2006 को इटली के बोलोन्या में हुआ था। उनके पिता मार्को एंटोनेली भी रेसिंग ड्राइवर रह चुके हैं और मोटरस्पोर्ट्स टीम चलाते हैं। किमी ने 7 साल की उम्र में कार्टिंग शुरू की थी। 2019 में 12 साल की उम्र में वे मर्सिडीज के जूनियर प्रोग्राम से जुड़े। 2022 में उन्होंने इटालियन और जर्मन फॉर्मूला-4 चैंपियनशिप जीती। इसके बाद 2023 में फॉर्मूला रीजनल यूरोपियन और मिडिल ईस्ट चैंपियनशिप अपने नाम की। 2024 में वे सीधे फॉर्मूला-2 में पहुंचे और दो रेस जीतीं। उन्होंने फॉर्मूला-3 में हिस्सा लिए बिना F2 तक का सफर तय किया।

73 साल बाद इटली को मिला F1 चैम्पियन

एंटोनेली 1953 के बाद फॉर्मूला-1 ड्राइवर चैंपियनशिप जीतने वाले इटली के पहले ड्राइवर हैं। इससे पहले अल्बर्टो असकारी ने 1952 और 1953 में लगातार दो खिताब जीते थे।

राइजिंग स्टार्स एशिया कप के लिए भारतीय टीम घोषित, तिलक करेंगे कप्तानी

मुम्बई : भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) चयन समिति ने 2026 पुरुष राइजिंग स्टार्स एशिया कप के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम की कप्तानी तिलक वर्मा को दी गयी है जबकि रजत पाटीदार उपकप्तान होंगे। इस टूर्नामेंट का आयोजन 19 से 29 नवंबर 2026 के बीच कतर की राजधानी दोहा में किया जाएगा। टूर्नामेंट में भारत ए को ग्रुप बी में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), नेपाल और पाकिस्तान ए के साथ रखा गया है। वहीं ग्रुप बी में बांग्लादेश ए, श्रीलंका ए, अफगानिस्तान ए और हांगकांग, चीन शामिल हैं। हर ग्रुप से टॉप 2 टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी, जो 26 और 27 नवंबर को होंगे. इसके बाद फाइनल रविवार, 29 नवंबर को होगा।

राइजिंग स्टार्स एशिया कप के लिए भारतीय टीम

अभिषेक शर्मा, वैभव सूर्यवंशी, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), तिलक वर्मा (कप्तान), रजत पाटीदार (उपकप्तान), रिंकू सिंह, कुमार कुशाग्र (विकेटकीपर), सूर्यांश शेडगे, शाहबाज अहमद, विपरज निगम, हर्ष दुबे, तनुष कोटियन, हर्षित राणा, प्रिंस यादव और अरशद खान।

टैमर मुक्केबाजी टूर्नामेंट में भारत का दबदबा

चार स्वर्ण सहित 14 पदक जीते

एजेंसी

टैम्पेरे (फिनलैंड) : भारतीय मुक्केबाजों ने टैमर मुक्केबाजी टूर्नामेंट-2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए चार स्वर्ण, दो रजत और आठ कांस्य सहित कुल 14 पदक अपने नाम किए। भारत चार स्वर्ण पदकों के साथ प्रतियोगिता की पदक तालिका में शीर्ष पर रहा। अरुंधति चौधरी, आरती धरियाल, अंकुशिता बोरो और पवन बर्तवाल ने स्वर्ण पदक जीते। टैम्पेरे मुक्केबाजी संघ की ओर से आयोजित यह प्रतिष्ठित वार्षिक प्रतियोगिता 1977 से लगातार हो रही है। इस बार इसमें भारत के 14 सदस्यीय दल ने हिस्सा लिया। भारतीय दल में देश की ओलंपिक भार वर्गों की गहराई के आधार पर तीसरे स्थान पर रहने वाले मुक्केबाज शामिल थे।



प्रतियोगिता ने खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का महत्वपूर्ण अवसर दिया। राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता अरुंधति चौधरी ने महिलाओं के 70 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। आरती धरियाल ने 54 किलोग्राम और अंकुशिता बोरो ने 65 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण अपने नाम किया। पुरुषों के 55 किलोग्राम भार वर्ग में पवन बर्तवाल ने जीत दर्ज कर भारत के स्वर्ण पदकों की संख्या चार पहुंचाई। आरती ने फाइनल में स्कॉटलैंड की स्टेफनी केरनाचन को 5-0 से हराकर खिताब जीता। अरुंधति ने आयरलैंड की एवलिन इवी इघारो को कड़े मुकाबले में 3-2 से शिकस्त दी। वहीं, अंकुशिता ने इंग्लैंड की एला थॉम्पस्टोन को 4-1 से हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया। भारत को दो रजत पदक भी मिले। ओलंपियन और 2026 के राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता जैस्मिन लाम्बोरिया ने महिलाओं के 57 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक जीता। मोहम्मद हुसामुद्दीन ने पुरुषों के 60 किलोग्राम भार वर्ग में रजत अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता में पुरुषों के 10 और महिलाओं के सात एलीट भार वर्गों में मुकाबले हुए। टूर्नामेंट का आयोजन विश्व मुक्केबाजी के नियमों के अनुसार किया गया। भारतीय दल के इस प्रदर्शन ने देश में मुक्केबाजी प्रतिभा की गहराई को दर्शाया। साथ ही, युवा मुक्केबाजों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनुभव हासिल करने का अवसर भी मिला।

आठ भारतीय मुक्केबाजों ने कांस्य पदक हासिल किये

- पुरुषों में विवेक मीणा (65 किलोग्राम)
- हितेश (70 किलोग्राम)
- अक्षय (80 किलोग्राम)
- बोबिन चौहान (90 किलोग्राम)
- चेतन चौधरी (90 किलोग्राम से अधिक)
- महिलाओं में तनु (51 किलोग्राम)
- दिशा पाटिल (60 किलोग्राम)
- इम्रोज खान (75 किलोग्राम)

टीसीसी जूनियर ने गुमला यंगस्टर को हरा कर जीता अंडर-14 खिताब



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

गुमला : स्थानीय शहीद तेलंगा खड़िया क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए जीडीसीए अंडर-14 क्रिकेट लीग के फाइनल मुकाबले में टीसीसी जूनियर ने गुमला यंगस्टर को आठ विकेट से हरा कर खिताब अपने नाम किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए गुमला यंगस्टर की टीम 25.3 ओवर में 103 रन पर ऑलआउट हो गई। शौर्य वीर सिंह ने 15 और अंश कुमार सिंह ने 13 रन बनाए। टीसीसी जूनियर की ओर से काव्यन रॉय ने तीन और हर्ष मिंज ने दो विकेट लिए। जवाब में टीसीसी जूनियर ने 15.4 ओवर में दो विकेट खोकर 105 रन बनाते हुए मुकाबला जीत लिया। हर्ष मिंज ने 49 गेंदों पर 57 रन और काव्यन रॉय ने 36 गेंदों पर नाबाद 21 रन बनाए। ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए हर्ष मिंज को मैन ऑफ द मैच चुना गया। प्रतियोगिता में हर्ष मिंज सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, प्रतीक केशरी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज और प्लेयर ऑफ द सीरीज बने। पुरस्कार वितरण समारोह में डीएसओ प्रवीण कुमार और एनडीसी लल्लन रजक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। मौके पर जीडीसीए उपाध्यक्ष बद्री कुमार गुलशन, सचिव जितेंद्र सिंह सहित कई पदाधिकारी और खेलप्रेमी मौजूद थे।

रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में पुलकित ने हासिल किया राज्य में तीसरा स्थान

ब्रॉन्ज मेडल जीत कर बढ़ाया क्षेत्र का मान


फ्रीडम फाइटर संवाददाता

दारू (हजारीबाग) : दारू प्रखंड के छोटका इरगा निवासी 12 वर्षीय पुलकित रजक ने रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर पूरे राज्य में अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। रांची के खेलगांव में आयोजित 16वीं झारखंड राज्य स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में पुलकित ने 500 डी और रोड स्पर्धा में तीसरा स्थान प्राप्त कर रजत मेडल अपने नाम किया। पुलकित डीएवी कोयलांचल, धनबाद में छठी कक्षा का छात्र है। वह मूल रूप से दारू प्रखंड के इरगा गांव का निवासी है। उसके माता-



पिता धनबाद में रहकर नौकरी करते हैं। कम उम्र में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में यह उपलब्धि हासिल करना उसकी मेहनत, लगन और खेल के प्रति समर्पण को दर्शाता है। पुलकित की इस सफलता से उसके विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, परिजनों और जनप्रतिनिधियों में खुशी का माहौल है। उपलब्धि की जानकारी मिलने के बाद उसे लगातार बधाइयां मिल रही हैं। इरगा निवासी पुलकित के दादा बीएसएफ से सेवानिवृत्त नरेश रजक और दादी सहित पूरा परिवार अपने पोते की सफलता से बेहद खुश है। परिवार के सदस्यों ने कहा कि पुलकित की इस उपलब्धि से उन्हें गर्व महसूस हो रहा है। पुलकित की सफलता ने यह साबित किया है कि मेहनत और लगन से छोटी उम्र में भी बड़ी उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं। उसकी इस कामयाबी से इरगा सहित पूरे दारू प्रखंड में हर्ष का माहौल है।

झारखंड स्टेट रोलर स्केटिंग चैम्पियनशिप में शिवांश राज ने जीता कांस्य पदक



कटकमसांडी : कटकमसांडी प्रखंड के ग्राम पंचायत रेबर निवासी शिवांश राज ने अपनी प्रतिभा, मेहनत और लगन के दम पर झारखंड स्टेट रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 3000 मीटर रेस में ब्रॉन्ज मेडल (कांस्य पदक) अपने नाम किया है। उनकी इस उपलब्धि से कटकमसांडी प्रखंड सहित पूरे हजारीबाग जिले का मान बढ़ा है। शिवांश की इस सफलता से क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। शिवांश राज, रेबर निवासी परमेश्वर प्रसाद के पुत्र हैं। उन्होंने राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए यह उपलब्धि हासिल की। उनकी सफलता ने यह साबित किया है कि मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के बल पर ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी खेल के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना सकते हैं। गौरतलब है कि शिवांश राज, कटकमसांडी प्रखंड के भाजपा पूर्वी मंडल के सांसद प्रतिनिधि बीरेंद्र कुमार बीरू के भगिना हैं। शिवांश की इस उपलब्धि पर उनके परिवार, शुभचिंतकों और क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है। लोगों को उम्मीद है कि शिवांश आने वाले समय में भी इसी तरह बेहतर प्रदर्शन कर जिले और झारखंड का नाम रोशन करेंगे।

राष्ट्रीय सब जूनियर थ्रोबॉल में झारखंड की बेटियां बनीं चैम्पियन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

कोलकाता : पश्चिम बंगाल के कोलकाता स्थित विवेकानंद कॉलेज परिसर में 30 अक्टूबर से 1 नवंबर तक आयोजित 34वीं राष्ट्रीय सब जूनियर थ्रोबॉल प्रतियोगिता में झारखंड की बालिका टीम ने चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। टीम ने पूरे टूर्नामेंट में अपराजित रहते हुए खिताब अपने नाम किया। झारखंड ने लीग मुकाबलों में मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश को हराया। इसके बाद क्वार्टर फाइनल में तेलंगाना को 25-07, 25-04 और सेमीफाइनल में मुंबई को 25-09, 25-18 से पराजित किया। फाइनल मुकाबले में झारखंड ने तमिलनाडु को 25-16, 25-23 से शिकस्त देकर विजेता ट्रॉफी



- पूरे टूर्नामेंट में अपराजित रही टीम, फाइनल में तमिलनाडु को 2-0 से हराया

पर कब्जा जमाया। इस उपलब्धि पर झारखंड राज्य थ्रोबॉल संघ के अध्यक्ष वेदांत कौस्तव ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता उनकी मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। वहीं, एसोसिएशन के चेयरमैन डॉ. राजेश गुप्ता ने इसे खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और खेल पदाधिकारियों के सामूहिक प्रयास का नतीजा बताया। संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने टीम की इस ऐतिहासिक सफलता पर खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

झारखंड

पत्रकारों की आर्थिक और शारीरिक सुरक्षा सुनिश्चित करे सरकार : राम रतन अवधिया



झुमरी तिलैया : अंतरराष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा दिवस के अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता राम रतन अवधिया ने पत्रकारों की आर्थिक, सामाजिक और शारीरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता लोकतंत्र की आत्मा है, लेकिन सच सामने लाने वाले पत्रकारों को धमकी, दबाव, हिंसा और झूठे मुकदमों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीण एवं छोटे शहरों के पत्रकार सीमित संसाधनों के बीच काम कर रहे हैं। उन्होंने सरकार और प्रशासन से पत्रकारों पर हमले एवं उत्पीड़न के मामलों में तत्काल प्राथमिकी दर्ज कर निष्पक्ष जांच और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की। साथ ही पत्रकारों के लिए सम्मानजनक पारिश्रमिक, स्वास्थ्य एवं जीवन बीमा, पेंशन और आकस्मिक सहायता की व्यवस्था करने की अपील की। अवधिया ने कहा कि पत्रकारों को अनावश्यक प्रशासनिक दबाव और प्रतिशोधात्मक कार्रवाई से संरक्षण मिलना चाहिए। संवेदनशील मामलों और जनहित के मुद्दों की रिपोर्टिंग करने वाले पत्रकारों के लिए विशेष सुरक्षा तंत्र विकसित किया जाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि पत्रकार सुरक्षित रहेंगे, तभी लोकतंत्र मजबूत होगा और जनता की आवाज बुलंद होगी।

मिठाई दुकानों में अखाद्य रंग और नकली वर्क, लड्डू-बर्फी नष्ट



कोडरमा : त्योहारों के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा विभाग ने झुमरी तिलैया के स्टेशन रोड स्थित विभिन्न मिठाई दुकानों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान गया से आपूर्ति की जा रही कुछ मिठाइयों में अखाद्य रंग और नकली वर्क का इस्तेमाल पाया गया। इस पर कार्रवाई करते हुए कामधेनु स्वीट्स, अजंता स्वीट्स, शिव मिष्ठान, अप्सरा होटल और शिवम स्वीट्स में संबंधित लड्डू एवं बर्फी को मौके पर नष्ट कराया गया। हालांकि, जांच में मिलावटी पनीर नहीं मिला। वहीं, शिवम स्वीट्स, लड्डू गोपाल और गुप्ता मिष्ठान के संचालकों को साफ-सफाई एवं स्वच्छता बनाए रखने का निर्देश दिया गया। पानी टंकी रोड, गोशाला रोड और सीडी स्कूल के समीप स्थित लड्डू निर्माण कारखानों से लड्डू एवं बेसन के नमूने लेकर संबंधित कारोबारियों को नोटिस जारी किया गया। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी अभिषेक आनंद और उमेश कुमार ने मिठाई एवं चाट विक्रेताओं को खाद्य पदार्थों में अखाद्य रंग का इस्तेमाल नहीं करने तथा पैकेज्ड सामग्री पर लाइसेंस संख्या, निमार्ता का नाम-पता और निर्माण एवं एक्सपायरी तिथि अंकित रखने का निर्देश दिया। कारोबारियों से खाद्य लाइसेंस प्रदर्शित करने, साफ-सफाई बनाए रखने और एक्सपायरी व बासी सामग्री नष्ट करने को भी कहा गया।

05 नवम्बर को होगी बाल सुरक्षा पर निबंध प्रतियोगिता

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

गुमला : बच्चों की सुरक्षा, बाल अधिकार जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा 05 नवंबर 2026 को जिले के सभी सरकारी, सहायता प्राप्त एवं निजी मध्य, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। सुश्री कविता खलखो, जिला शिक्षा पदाधिकारी गुमला द्वारा बताया गया कि उप विकास आयुक्त अनिमेष रंजन के निदेश अनुरूप जिले के वैसे सभी सरकारी अल्पसंख्यक एवं निजी विद्यालयों जहाँ कक्षा 06 से 12 तक की पढ़ाई होती है, को विद्यार्थियों के बीच ₹बाल सुरक्षा एवं सुरक्षित-असुरक्षित व्यवहार₹ विषय पर विद्यालय स्तरीय निबंध प्रतियोगिता आयोजित करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि संबंधित विषय पर विद्यार्थियों के बीच निबंध प्रतियोगिता दो श्रेणियों में होगी। प्रथम श्रेणी में कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थी एक घंटे में 300 से 350 शब्दों का निबंध लिखेंगे, जबकि द्वितीय श्रेणी में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थी 500 से 600 शब्दों में अपने विचार प्रस्तुत करेंगे।बच्चों को

- पॉक्सो जागरूकता अभियान के तहत कक्षा 06 से 12 तक के विद्यार्थी लेंगे भाग

सुरक्षित एवं असुरक्षित व्यवहार की पहचान, बाल शोषण के विरुद्ध आवाज उठाने, सहायता प्राप्त करने के तरीकों तथा बाल सुरक्षा में परिवार, विद्यालय, समाज एवं प्रशासन की भूमिका के प्रति जागरूक करना एवं बाल अधिकारों की जानकारी देना इसका महत्वपूर्ण उद्देश्य है। प्रतियोगिता के आयोजन एवं मूल्यांकन के लिए विद्यालय स्तर पर प्रधानाध्यापक की अध्यक्षता में शिक्षकों की समिति गठित की जाएगी। दोनों श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का चयन कर उनके निबंध संकुल स्तर पर भेजे जाएंगे। इसके बाद संकुल एवं प्रखंड स्तर पर मूल्यांकन की प्रक्रिया पूरी करते हुए चयनित विद्यार्थियों की सूची एवं निबंध जिला कार्यालय को उपलब्ध कराए जाएंगे। जिला स्तर पर गठित मूल्यांकन समिति द्वारा दोनों श्रेणियों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। चयनित प्रतिभागियों को माननीय झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के गुमला आगमन के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा।

डालमिया भारत फाउंडेशन 75 टीबी मरीजों को देगा पोषण सहायता

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बोकारो : टीबी मरीजों को इलाज के दौरान बेहतर पोषण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से डालमिया भारत फाउंडेशन ने अपनी बोकारो इकाई के माध्यम से 75 मरीजों को पोषण सहायता देने की पहल की है। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान की नि-क्षय मित्र पहल के तहत गोरावाली नॉर्थ पंचायत भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला टीबी कार्यालय के सहयोग से चयनित सभी 75 मरीजों को छह महीने तक हर माह पोषण किट दी जाएगी। प्रत्येक किट में तीन किलो दाल, 1.5 किलो चना, एक किलो मूंगफली, एक किलो गुड़ और एक लीटर सरसों तेल शामिल है। डीसीबीएल

- छह महीने तक हर माह मरीजों को मिलेगी पोषण किट

बोकारो के यूनिट हेड सुनील कुमार के. भुसारी ने कहा कि टीबी मरीजों के स्वस्थ होने में उचित पोषण की अहम भूमिका है। इस पहल के जरिए जरूरतमंद मरीजों को लगातार सहायता देने और टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य में योगदान करने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. फ्लोरेंस होरो, जिला समन्वयक हेमंत झा, नितिन कुमार सिंह, डॉ. संतोष कुमार सहित अन्य अधिकारी और स्थानीय प्रतिनिधि उपस्थित थे।

पक्की सड़क होने के बावजूद गांव नहीं पहुंची एम्बुलेंस, गर्भवती को डोली पर ढोया

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

चतरा : कुंदा ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने और गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित अस्पताल पहुंचाने के लिए सरकार करोड़ों रुपये खर्च कर एंबुलेंस सेवा संचालित कर रही है। लेकिन कुंदा प्रखंड के नवादा पंचायत अंतर्गत सिंदरी गांव में इस सरकारी व्यवस्था की ऐसी तस्वीर सामने आई है, जो स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करती है। यहां प्रसव पीड़ा से परेशान एक गर्भवती महिला को लेने पहुंची एंबुलेंस गांव तक नहीं पहुंची। चालक ने घाटी का हवाला देते हुए गांव जाने से इनकार कर दिया और सबानो के समीप ही एंबुलेंस खड़ी कर दी। नतीजतन परिजनों को गर्भवती महिला को चारपाई पर लादकर करीब डेढ़ किलोमीटर पैदल मुख्य सड़क तक लाना पड़ा। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को सिंदरी गांव निवासी रिंकु देवी को प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों ने एंबुलेंस सेवा के लिए संपर्क किया था। सूचना मिलने पर एंबुलेंस गांव के लिए रवाना हुई, लेकिन चालक ने गांव तक जाने वाले रास्ते में घाटी होने की बात कहकर वाहन आगे ले जाने से इनकार कर दिया। महिला के पिता राजदेव गंझू ने चालक से काफी देर तक गांव तक एंबुलेंस ले जाने की गुहार लगाई। उन्होंने महिला की प्रसव पीड़ा और उसकी गंभीर स्थिति का हवाला भी दिया, लेकिन परिजनों के अनुसार चालक अपनी बात पर अड़ा रहा। आखिरकार परिजनों के सामने कोई दूसरा विकल्प नहीं बचा। उन्होंने प्रसव पीड़ा से कराह रही रिंकु देवी को

- कुंदा के सिन्दरी गांव की है घटना
- घाटी का हवाला देकर चालक ने गांव तक जाने से किया इनकार, परिजन डेढ़ किलोमीटर तक चारपाई पर लेकर पहुंचे मुख्य सड़क तक
- प्रसव पीड़ा से कराहती रही महिला, सरकारी एम्बुलेंस सेवा की कार्यप्रणाली पर उठे गम्भीर सवाल; डीसी से जांच और कार्रवाई की मांग



चारपाई पर लादा और करीब डेढ़ किलोमीटर तक पैदल चलकर सबानो के समीप मुख्य सड़क तक पहुंचे। इसके बाद महिला को एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया। इस दौरान परिजनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

पक्की सड़क पर भी एम्बुलेंस सेवा का लाभ नहीं!

सबसे गंभीर सवाल यह है कि जब सिंदरी गांव तक पक्की सड़क मौजूद है और उसी रास्ते से चारपहिया वाहन तथा बोरिंग वाहन भी गांव तक पहुंचते हैं, तो आखिर एंबुलेंस चालक ने गांव तक जाने से इनकार क्यों किया? क्या घाटी का हवाला देकर मरीज को सड़क तक बुलाना उचित है? यदि रास्ते में वास्तव में कोई तकनीकी या सुरक्षा संबंधी समस्या थी, तो क्या चालक और संबंधित स्वास्थ्यकर्मियों की जिम्मेदारी नहीं थी कि मरीज को सुरक्षित तरीके से एंबुलेंस तक पहुंचाने की व्यवस्था करते?

जिला प्रशासन से जांच और कार्रवाई की मांग

घटना को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि आपातकालीन स्वास्थ्य सेवा का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाना है, न कि उन्हें बीच रास्ते में छोड़ देना। खासकर प्रसव पीड़ा से जूझ रही महिला के मामले में ऐसी स्थिति बेहद चिंताजनक है। ग्रामीणों ने उपायुक्त एवं सिविल सर्जन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, संबंधित एंबुलेंस चालक से स्पष्टीकरण लेने तथा लापरवाही की पुष्टि होने पर नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की है। अब सवाल यह है कि क्या जिला प्रशासन इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जिम्मेदारी तय करेगा? या फिर ग्रामीण इलाकों में सरकारी एंबुलेंस सेवा की ऐसी तस्वीरें सामने आती रहेंगी? ग्रामीणों को उम्मीद है कि प्रशासन इस मामले में त्वरित संज्ञान लेकर भविष्य में ऐसी स्थिति की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कदम उठाएगा।

चालक ने घटना से किया इनकार चिकित्सा प्रभारी का पक्ष नहीं मिला

इस संबंध में एंबुलेंस चालक से दूरभाष पर पक्ष जानने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने घटना से संबंधित आरोपों से सीधे तौर पर इनकार कर दिया। वहीं, चिकित्सा प्रभारी से उनका पक्ष जानने के लिए संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन फोन नहीं लगने के कारण उनका पक्ष प्राप्त नहीं हो सका।

एक झलक

अर्थव्यवस्था के बुनियादी स्तम्भ मजबूत, आर्थिक वृद्धि के बारे में पूरे विश्वास से करें बात: वित्त मंत्री

मुंबई : केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को नागरिकों और व्यापारिक नेताओं से देश की आर्थिक वृद्धि के बारे में पूरे विश्वास और आशावाद के साथ बात करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था के बुनियादी स्तंभों के कमजोर पड़ने के कोई संकेत नहीं हैं। मुंबई के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचीं सीतारमण ने एचएसबीसी के एक कार्यक्रम में यह बात कही। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति पूरी तरह मजबूत है और इसके बुनियादी स्तंभों में किसी भी प्रकार की कोई कमजोरी या नाजुकता नहीं है। वित्त मंत्री ने देश के नागरिकों, कॉर्पोरेट लीडर्स और विचारकों से अपील की कि वे देश की आर्थिक समृद्धि और वृद्धि के बारे में पूरे आत्मविश्वास और सकारात्मकता के साथ बात करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारतीय अर्थव्यवस्था के बुनियादी आर्थिक स्तंभ बेहद मजबूत हैं और इनमें किसी भी प्रकार की कोई कमजोरी नहीं है। सीतारमण ने कहा कि सरकार के वित्तीय समावेशन एजेंडे में 'सभी के लिए बीमा' एक प्रमुख प्राथमिकता होगी। केंद्र विशेष रूप से समाज के सबसे गरीब वर्गों के बीच बीमा और पेंशन योजनाओं तक पहुंच बढ़ाने पर विचार कर रहा है। सरकार ऋण तक व्यापक पहुंच को भी प्राथमिकता दे रही है और उद्योग की आवश्यकताओं और युवाओं के कौशल के बीच अंतर को पाटने के लिए हर जिले में एआई प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने की योजना बना रही है। वित्त मंत्री ने मजबूत जीएसटी संग्रह और देश के बैंकों की बेहतर स्थिति का हवाला देते हुए कहा कि आर्थिक समृद्धि के बुनियादी स्तंभ सही तरीके से काम कर रहे हैं। उन्होंने नागरिकों से देश की आर्थिक वृद्धि के बारे में पूर्ण विश्वास के साथ बात करने का आग्रह किया है।

सब्सक्रिप्शन के लिए खुला वेदांत पॉली फैब्स का आईपीओ

नयी दिल्ली : फ्लैक्सिबल पैकेजिंग मैटेरियल्स का निर्माण करने और कंज्यूमर गुड्स इंडस्ट्री को 3-लेयर तथा 5-लेयर एलडी फिल्म्स, श्रिंक फिल्म्स, बैरियर फिल्म्स, प्रिंटेड लैमिनेट्स सहित मिल्क एवं ऑयल पाउच की आपूर्ति करने वाली कंपनी वेदांत पॉली फैब्स लिमिटेड का 56.68 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। कंपनी मुख्य रूप से बिजनेस-टू-बिजनेस (बी2बी) मॉडल पर काम करती है। लॉन्चिंग के बाद दोपहर 11:30 बजे तक इस आईपीओ को 18 प्रतिशत सब्सक्रिप्शन मिला था। कंपनी के इस आईपीओ में निवेशक 4 नवंबर तक बोली लगा सकते हैं। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 5 नवंबर को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि 6 नवंबर को अलॉटेड शेयर सफल निवेशकों के डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। इसी दिन जिन निवेशकों को शेयर का अलॉटमेंट नहीं हुआ होगा, उनके लिए रिफंड की प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी। कंपनी के शेयर 9 नवंबर को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हो सकते हैं। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 88 से लेकर 94 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,200 शेयरों का है।

रिलायंस के तूफान में आसमान पर पहुंचा शेयर बाजार



नयी दिल्ली : रिलायंस के शेयरों में छह साल की सबसे बड़ी तेजी और कच्चे तेल की कीमतों में आई नरमी के दम पर भारतीय शेयर बाजार आज लगातार तीसरे कारोबारी दिन शानदार बढ़त के साथ बंद होने में कामयाब रहा। बाजार में आज चौतरफा मजबूती का माहौल बना रहा, जिसके चलते दिग्गज शेयरों के साथ-साथ मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी जम कर खरीदारी हुई। इस चौतरफा लिवाली के सपोर्ट से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों मुख्य सूचकांक दिन के ऊपरी स्तर (डे-हाई) पर बंद होने में सफल रहे। बाजार की जोरदार मजबूती के कारण आज निवेशकों की संपत्ति में लगभग सात लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। कारोबार के दौरान शुरूआत से ही बाजार में मजबूती का माहौल बना रहा, जिसमें हैवीवेट शेयरों में हुई खरीदारी के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक पूरे समय हरे निशान में ही बने रहे। दिन के दूसरे सत्र में यानी दोपहर 12 बजे के बाद मुनाफावसूली का दबाव भी बना, लेकिन कुछ देर बाद ही खरीदारों ने चौतरफा लिवाली कर सूचकांकों को डे-हाई पर पहुंचा दिया। पूरे दिन के शानदार कारोबार के बाद सेंसेक्स 1.66 प्रतिशत और निफ्टी 1.68 प्रतिशत की जोरदार मजबूती के साथ बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 718.71 अंक यानी 0.97 प्रतिशत की बढ़त के साथ 75,178.24 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही लिवाली शुरू हो गई, जिसके कारण इस सूचकांक ने रफ्तार पकड़ ली। हालांकि दोपहर 12 बचे के बाद मुनाफा वसूली के चक्कर में बिकवाली का दबाव भी बना, जिससे यह सूचकांक थोड़ा फिसल कर 74,978.12 अंक के निचले स्तर तक आ गया। इसके बाद रिलायंस और मेटल सेक्टर के हैवीवेट शेयरों में तूफानी खरीदारी शुरू हो गई, जिससे यह सूचकांक निचले स्तर से 714.66 अंक उछल कर कुल 1,233.25 अंक यानी 1.66 प्रतिशत की तेजी के साथ 75,692.78 अंक के दिन के ऊपरी स्तर पर पहुंच कर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह एनएसई के निफ्टी ने भी आज 169.20 अंक यानी 0.73 प्रतिशत की तेजी दिखाते हुए 23,222.30 अंक के स्तर से अपने कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलने के बाद शुरूआती सत्र में लिवाली शुरू हो जाने के कारण इस सूचकांक ने भी कुलांचे भरना शुरू कर दिया। हालांकि दिन के दूसरे सत्र की शुरुआत में बिकवाली का दबाव भी बना, जिसके कारण यह सूचकांक लुढ़क कर 23,207.05 अंक के निचले स्तर तक आ गया। इसके बाद खरीदार पूरी तरह एक्टिव हो गए और बाजार में चौतरफा लिवाली शुरू कर दी। इस लिवाली के सपोर्ट से यह सूचकांक तेजी से आगे बढ़ा और 23 सितंबर के बाद पहली बार 23,400 अंक के स्तर को पार करते हुए, दिन के निचले स्तर से 233.75 अंक की शानदार रिकवरी कर कुल 387.70 अंक यानी 1.68 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,440.80 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दिनभर के कारोबार के दौरान मेटल सेक्टर के शेयरों में सबसे ज्यादा चमक देखने को मिली। जबरदस्त लिवाली के चलते निफ्टी का मेटल इंडेक्स 3 प्रतिशत से भी अधिक की बढ़त के साथ बंद हुआ। इसी तरह ऑटोमोबाइल सेक्टर भी अक्टूबर महीने के मजबूत सेल्स डेटा के चलते खरीदारों के रडार पर रहा, जिससे निफ्टी ऑटो इंडेक्स 1.33 प्रतिशत की मजबूती दर्ज करने में सफल रहा। इसके अलावा सरकारी बैंक (पीएसयू बैंक) और रियल्टी इंडेक्स भी एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ हरे निशान में बंद हुए। दूसरी ओर, आईटी सेक्टर के शेयरों में आज बिकवाली देखी गई, जिसके चलते निफ्टी का आईटी इंडेक्स आधा प्रतिशत टूट कर बंद हुआ। इसके अलावा फार्मा और प्राइवेट बैंक इंडेक्स में भी आज हल्की गिरावट का रुख देखा गया।

भारत और यूरोपीय संघ ने मुक्त व्यापार समझौते को लागू करने से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की



नयी दिल्ली : भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) ने ब्रुसेल्स में हुई उच्च-स्तरीय बैठकों के दौरान मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को लागू करने, सीमा शुल्क प्रक्रियाओं को सरल बनाने और बाजार पहुंच बढ़ाने से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की है। इस समझौते पर दिसंबर में हस्ताक्षर होने हैं। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने पिछले सप्ताह ब्रसेल्स यात्रा के दौरान यूरोपीय आयोग के व्यापार एवं आर्थिक सुरक्षा महानिदेशालय (डीजी ट्रेड) की महानिदेशक डिट्टे जुल जॉर्गनस, अंतरराष्ट्रीय साझेदारी महानिदेशालय के कोएन डोएन्स और कराधान एवं सीमा शुल्क संघ महानिदेशालय के गेरासिमोस थॉमस से मुलाकात की। इन बैठकों में सीमा शुल्क सहयोग, व्यापार सुगमता और भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते को लागू करने की तैयारियों पर भी ध्यान केंद्रित किया गया। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्षों ने कारोबारियों को समर्थन देने, लेन-देन की लागत को कम करने और वैध व्यापार की सुचारु आवाजाही सुनिश्चित करने में कुशल, पारदर्शी एवं डिजिटल रूप से सक्षम सीमा शुल्क प्रक्रियाओं के महत्व को स्वीकार किया। दोनों पक्षों ने 27 जनवरी को इस समझौते के लिए बातचीत पूरी होने की घोषणा की थी। इससे चमड़ा, कपड़ा और रत्न एवं आभूषण जैसे भारत के श्रम-प्रधान क्षेत्रों को शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी। इसके सचिव ने हीरा उद्योग के हितधारकों से मुलाकात की। इनमें एंटवर्प के हीरा कारोबार से जुड़े प्रतिनिधि भी शामिल थे। एंटवर्प (बेल्जियम) को दुनिया की 'हीरा राजधानी' कहा जाता है। वैश्विक हीरा मूल्य श्रृंखला, प्रमाणन एवं पता लगाने संबंधी आवश्यकताओं, जिम्मेदारी से हीरों की खरीद तथा भारत के बढ़ते हीरा बाजार और विनिर्माण क्षेत्र से पैदा होने वाले अवसरों पर चर्चाएं की गईं। मंत्रालय ने यह भी बताया कि भारत और बेल्जियम ने रत्न एवं आभूषण क्षेत्र को सहयोग के लिए एक महत्वपूर्ण क्षेत्र के रूप में पहचाना है।

निसान मोटर इंडिया ने अक्टूबर में घरेलू बाजार में कुल 3,600 वाहनों की थोक बिक्री दर्ज की

नयी दिल्ली : वाहन विनिर्माता कंपनी निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एनएमआईपीएल) ने अक्टूबर माह में घरेलू बाजार में कुल 3,600 वाहनों की थोक बिक्री दर्ज की है, जो पिछले साल इसी अवधि में बिकीं 2,402 इकाई के मुकाबले 50 फीसदी की वृद्धि है। निसान के लिए यह लगातार आठवां महीना रहा, जब कंपनी की घरेलू बिक्री में सालाना आधार पर बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

निसान मोटर इंडिया ने सोमवार को अपनी अक्टूबर की बिक्री रिपोर्ट जारी की, जिसमें बताया गया कि जनवरी से अक्टूबर के बीच निसान ने घरेलू और विदेशी बाजारों को मिलाकर कुल 85,124 गाड़ियों की थोक बिक्री की है। कंपनी ने बताया कि घरेलू होलसेल बिक्री में सालाना आधार पर 50 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है।

सूर्यकुमार यादव ने लॉन्च की इंडियन गैरेज की नयी ब्रांड पहचान



मुंबई : क्रिकेट के मैदान पर अपने अनोखे शॉट्स और बेखौफ अंदाज से दर्शकों का दिल जीतने वाले भारतीय क्रिकेटर सूर्यकुमार यादव ने इस बार फैशन की दुनिया में एक नई पहचान का अनावरण कर सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। बोरीवली स्थित स्काय सिटी मॉल में सूर्यकुमार यादव ने इंडियन गैरेज के नए लोगो और विजुअल आइडेंटिटी का अनावरण किया। यह आयोजन सिर्फ एक ब्रांड के नए रूप की लॉन्चिंग नहीं, बल्कि बदलते दौर के पुरुषों की सोच, आत्मविश्वास और महत्वाकांक्षाओं को फैशन के जरिए अभिव्यक्त करने की एक नई कोशिश भी बना। 31 अक्टूबर को आयोजित इस खास समारोह में फैशन, क्रिकेट और आधुनिक लाइफस्टाइल का खूबसूरत संगम देखने को मिला। ळटप्फ हाउस ऑफ ब्रांड्स के अंतर्गत आने वाले इस लोकप्रिय भारतीय फैशन ब्रांड का नाम अब द इंडियन गैरेज कंपनी से बदलकर इंडियन गैरेज कर दिया गया है। नए नाम के साथ ब्रांड ने अपना लोगो, विजुअल आइडेंटिटी और ब्रांड पोजिशनिंग भी नए सिरे से पेश की है। इस मौके पर सूर्यकुमार यादव की मौजूदगी ने समारोह को खास आकर्षण प्रदान किया। मैदान पर अपनी मेहनत, प्रतिभा और आत्मविश्वास के दम पर अलग मुकाम हासिल करने वाले सूर्यकुमार की शख्सियत ब्रांड की उस सोच से मेल खाती है, जिसमें हर उस व्यक्ति को महत्व दिया गया है, जो अपनी सफलता की कहानी खुद लिखना चाहता है। यही वजह रही कि उनकी मौजूदगी में इस नई पहचान का अनावरण ब्रांड के लिए एक यादगार अवसर बन गया। इंडियन गैरेज के संस्थापक अनंत टांटेड ने ब्रांड की नई दिशा पर अपनी बात रखते हुए कहा, ह्लहम हमेशा से उन पुरुषों के लिए कपड़े बनाते आए हैं, जो अपनी सफलता की कहानी खुद लिखते हैं। हमारी नई ब्रांड पहचान अब इसी विचार को और अधिक मजबूती से सामने रखती है। वहीं, टीएमआर डब्लू के मुख्य विकास अधिकारी मनीष सिंघई ने ब्रांड की सोच और भविष्य की रणनीति को रेखांकित करते हुए कहा, इंडियन गैरेज हमेशा से उन पुरुषों का ब्रांड रहा है, जो अपने लिए कुछ खास हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ते हैं। हमारी नई पहचान इस भावना को पहले से कहीं अधिक स्पष्ट रूप से दर्शाती है। एवरीडे हीरो महत्वाकांक्षी है, उसका दृष्टिकोण वैश्विक है और उसकी जड़ें भारत में हैं। उसे अच्छी गुणवत्ता के लिए ब्रांड के नाम का अतिरिक्त मूल्य चुकाने की जरूरत नहीं होनी चाहिए।

एसएईएल ने शुरू की लगभग 20 लाख टन धान की पराली की खरीद

नयी दिल्ली : उत्तर भारत में फसल की कटाई के मौसम की शुरूआत के साथ वर्टिकली इंटीग्रेटेड रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी एसएईएल इंडस्ट्रीज लिमिटेड (एसएईएल) ने अलग-अलग चरणों में लगभग 20 लाख टन धान की पराली (पैडी स्ट्रॉ) की खरीद शुरू कर दी है। ईंधन जुटाने की यह सालाना प्रक्रिया कंपनी के 11 एग्री वेस्ट-टु-एनर्जी (AgWTE) प्लांट्स के काम आएगी, जिनकी कुल क्षमता 164.9 मेगावाट है।

बायोमास जुटाने के इस अभियान के जरिए एसएईएल स्थानीय ग्रामीण सप्लाई चेन को मजबूत करने और बेकार पड़ी धान की पराली को रिन्यूएबल एनर्जी में बदलने की कोशिश कर रही है। इन प्रयासों से कंपनी एनर्जी ट्रांजिशन और प्रदूषण घटाने, दोनों में योगदान दे पाती है। एसएईएल इंडस्ट्रीज लिमिटेड के सीईओ और एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर लक्षित अवला, ने कहा, भारत अब धान की पराली और अन्य फसल अवशेषों को केवल एक मौसमी वेस्ट मैनेजमेंट समस्या के रूप में देखने के नजरिए से आगे बढ़ने लगा है। हम किसान समुदायों को पराली प्रबंधन के बेहतर तरीके अपनाने और इससे असली आर्थिक फायदा उठाने में मदद जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पंजाब, राजस्थान और हरियाणा में हमारे एग्री वेस्ट-टु-एनर्जी (AgWTE) प्लांट्स अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक असर डाल रहे हैं। ये कचरे से कमाई के नए स्रोत बनाकर और ईंधन की लागत घटाकर लाभ पहुंचा रहे हैं। इसके अलावा, ये परियोजनाएं कचरा इकट्ठा करने, प्रोसेसिंग और प्लांट चलाने में रोजगार के अवसर पैदा करके स्थानीय आर्थिक विकास को बढ़ावा देती हैं।

अपने विचार साझा करना और सवाल पूछना जरूरी है : मनीष वाधवा



मुंबई : सोनी सब का हस्तिनापुर के वीर पांडवों और कौरवों के शुरूआती वर्षों को जीवंत रूप में प्रस्तुत करता है और उन रिश्तों तथा अनुभवों को दर्शाता है, जो उनके जीवन को आकार देते हैं। जैसे-जैसे भीष्म पितामह (मनीष वाधवा) हस्तिनापुर के बच्चों का मार्गदर्शन करते हैं, राधे (वेंकटेश पांडे) भीष्म से सवाल करता है और खुलकर अपने विचार साझा करता है, जिससे उनके रिश्ते को एक नया आयाम मिलता है। राधे के सवाल भीष्म के दृष्टिकोण को चुनौती देते हैं और उनके रिश्ते में एक बदलाव लेकर आते हैं, क्योंकि भीष्म खुद को ऐसे व्यक्ति के सामने पाते हैं, जो अपने विचार खुलकर व्यक्त करने और अपनी मान्यताओं पर सवाल उठाने से नहीं डरता। इस बारे में बात करते हुए, मनीष वाधवा बताते हैं कि उन्हें अपने निजी जीवन में भी कुछ ऐसा ही बदलाव देखने को मिलता है, क्योंकि उनका बेटा अक्सर उनसे सवाल करता है और ईमानदारी से अपनी राय व्यक्त करता है।

पेज एक के शेष

अब चक्रवाती तूफान 'मुरासु' की दस्तक, झारखंड में 03 और 04 नवम्बर को बारिश के आसार...

सोमवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से ही घने बादल छाये रहे। इसके कारण दिन में उमस और गर्मी महसूस की गयी। हालांकि, बादलों के कारण अधिकतम और न्यूनतम तापमान में एक-एक डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गयी।

सोमवार को रांची का अधिकतम तापमान 29.2 और न्यूनतम 20 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं, जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 31.2 और न्यूनतम 23.2 डिग्री, डाल्टनगंज में 31 और 22.3 डिग्री, बोकारो में 29.5 और 23.1 डिग्री तथा चाईबासा में 31 और 22.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

'मुरासु' का बंगाल पर विशेष असर नहीं, आंध्र और ओड़िशा में अलर्ट...

देर रात या मंगलवार तड़के आंध्र प्रदेश के तट से टकराने का अनुमान है। इसके प्रभाव से पश्चिम बंगाल के कुछ जिलों में बादल जरूर छाये रह सकते हैं, लेकिन कोलकाता और आसपास के इलाकों के लिए फिलहाल बारिश को लेकर कोई चेतावनी जारी नहीं की गयी है।

प्रारंभिक अनुमान के मुताबिक, चक्रवात के आंध्र प्रदेश में नेल्लोर और नरसापुरम के बीच तट से टकराने की सम्भावना है। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, यह पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ रहा है। तट से टकराने से पहले इसके और शक्तिशाली होने का अनुमान है। इस दौरान तूफान की रफ्तार 100 से 110 किलोमीटर प्रति घंटे रहने और झोंकों के साथ 120 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंचने का अनुमान है। इसके कारण तटीय क्षेत्रों में तेज हवाओं और भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित हो सकता है।

चक्रवात के खतरे को देखते हुए आंध्र प्रदेश प्रशासन ने तटीय जिलों में विशेष सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है। राहत एवं बचाव कार्यों के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की चौथी बटालियन की तीन टीमों को तमिलनाडु से आंध्र प्रदेश भेजा गया है। इसके अलावा जिला प्रशासन ने दमकल और बचाव दलों को भी अलर्ट पर रखा है। आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन की तैयारियों को लेकर लगातार बैठकें की जा रही हैं।

चक्रवात के प्रभाव से सोमवार दोपहर से ही आंध्र प्रदेश के तटीय जिलों में तेज हवाओं के साथ भारी से बहुत भारी बारिश शुरू हो गयी है। खराब मौसम का असर हवाई यातायात पर भी पड़ा है। चेन्नई से 11 उड़ानें रद्द कर दी गयी हैं, जबकि विजयवाड़ा से भी 10 उड़ानों का परिचालन रद्द किया गया है। वहीं, विशाखापत्तनम में इंडिगो की विमान सेवाएं अस्थायी रूप से बंद कर दी गयी हैं।

मौसम की गंभीर स्थिति को देखते हुए चेन्नई और तिरुवल्लूर में स्कूल-कॉलेजों में अवकाश घोषित किया गया है। प्रशासन ने लोगों को मौसम विभाग की चेतावनियों का पालन करने और अनावश्यक रूप से घरों से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी है।

चक्रवात 'मुरासु' का असर ओड़िशा के तटीय क्षेत्रों में भी पड़ सकता है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक तेज हवाओं के साथ भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। पुरी में हल्की से मध्यम बारिश होने की सम्भावना है। समुद्र में खराब मौसम और ऊंची लहरों के खतरे को देखते हुए मछुआरों को चार नवम्बर तक समुद्र में नहीं जाने की सलाह दी गयी है।

मौसम विभाग और सम्बन्धित राज्यों के प्रशासन चक्रवात की दिशा, गति और तीव्रता पर लगातार नजर रख रहे हैं। तट से टकराने के बाद मौसम की स्थिति और गम्भीर होने की आशंका है। ऐसे में तटीय क्षेत्रों में रहनेवाले लोगों की सुरक्षा और संभावित नुकसान को कम करने के लिए एहतियाती कदम उठाये जा रहे हैं।

भारत दुनिया के शीर्ष तीन देशों में शामिल : मोदी...

शुरू की गयी पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इसके तहत एक करोड़ घरों की छतों पर सौर पैनल लगाने का लक्ष्य है। पिछले 24-25 महीनों में 65 लाख से अधिक घर इस अभियान से जुड़ चुके हैं।

मोदी ने किसानों को अन्नदाता के साथ-साथ ऊर्जादाता बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पीएम-कुसुम योजना के तहत 30 लाख से अधिक किसानों को सौर ऊर्जा आधारित सिंचाई सुविधाएं उपलब्ध करायी गयी हैं। अनुमान है कि सौर पंपों का इस्तेमाल करनेवाला प्रत्येक किसान सालाना करीब एक लाख रुपये की बचत कर सकता है। किसानों को अपनी खाली जमीन और खेतों की मेड़ों पर सौर पैनल लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, ताकि अधिक से अधिक गांवों में यह व्यवस्था लागू हो सके।

प्रधानमंत्री ने सौर ऊर्जा के क्षेत्र में नवाचार पर जोर देते हुए स्टार्टअप, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी), शोधकर्ताओं और उद्यमियों से ऐसे मॉडल विकसित करने का आह्वान किया, जिनसे परिवारों की अधिकतम ऊर्जा जरूरतें पूरे वर्ष और चौबीसों घंटे सौर ऊर्जा से पूरी हो सकें। ऐसी व्यवस्था विकसित की जानी चाहिए, जिसमें परिवार अपनी छत पर लगे सौर संयंत्र से पैदा बिजली से खाना भी पका सकें। उन्होंने आयातित गैस पर निर्भरता घटाने के लिए स्वच्छ रसोई अभियान को आगे बढ़ाने की जरूरत बतायी।

मोदी ने कहा कि हरित हाइड्रोजन के क्षेत्र में भी भारत बड़े लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहा है। राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के तहत दशक के अंत तक सालाना 50 लाख टन हरित हाइड्रोजन उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि परिवहन क्षेत्र को भी हरित हाइड्रोजन से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं और कुछ महीने पहले देश की पहली हरित हाइड्रोजन से चलने वाली रेलगाड़ी शुरू की गयी है। उन्होंने कहा कि केवल बिजली का उत्पादन करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसे जरूरत वाले क्षेत्रों तक पहुंचाना भी जरूरी है। देश के कुछ हिस्सों में सौर और पवन ऊर्जा का उत्पादन अधिक होता है, जबकि दूसरे क्षेत्रों में इसकी उपलब्धता कम है। इस अंतर को दूर करने के लिए विशेष पारेषण लाइनों और उपकेन्द्रों के नेटवर्क के रूप में हरित ऊर्जा गलियारे विकसित किये जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने ऊर्जा भंडारण के लिए स्वदेशी तकनीक विकसित करने की जरूरत पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि देश को अपने ऊर्जा भंडारण समाधान विकसित करने और नयी बैटरी भंडारण क्षमता तैयार करने की आवश्यकता है। यह शोधकर्ताओं, निवेशकों और युवाओं के लिए बड़ा अवसर है। भारत में विकसित होने वाले ऐसे समाधान दूसरे देशों के भी काम आ सकते हैं।

मोदी ने कहा कि एक दशक पहले देश में सौर मॉड्यूल विनिर्माण क्षमता लगभग दो गीगावाट थी, जो अब बढ़ कर 200 गीगावाट से अधिक हो गयी है। सौर सेल विनिर्माण क्षमता भी करीब 40 गीगावाट तक पहुंच गयी है। पहले सौर ऊर्जा से जुड़े छोटे-छोटे उपकरणों के लिए भी आयात पर निर्भर रहना पड़ता था, लेकिन अब देश अन्य उपकरणों के विनिर्माण का भी विस्तार कर रहा है। उन्होंने इसे आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया की सफलता का उदाहरण बताया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत चाहता है कि उसके नवाचारों और अनुभवों का लाभ पूरी मानवता को मिले। स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियां दुनिया के अनेक देशों के लिए उपयोगी साबित हो सकती हैं। इस वर्ष के सम्मेलन के साथ अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन की नौवीं सभा और हरित हाइड्रोजन पर चौथा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन भी आयोजित हो रहा है।

वीबी-जी राम जी अधिनियम के तहत शिकायत निवारण नियम अधिसूचित...

पारदर्शी और जवाबदेह बनाना है, ताकि नागरिकों की समस्याओं पर समय रहते ध्यान दिया जा सके और उचित कार्रवाई सुनिश्चित हो। इन नियमों के तहत राज्य सरकारों द्वारा ग्राम पंचायत, ब्लॉक और जिला स्तर पर समयबद्ध, बहुस्तरीय शिकायत निवारण व्यवस्था स्थापित की जायेगी। सम्बन्धित स्तरों पर नामित शिकायत निवारण अधिकारी शिकायतें प्राप्त करने, उनका पंजीकरण करने, जांच करने और उनका निपटारा करने के लिए जिम्मेदार होंगे।

जिला कार्यक्रम समन्वयक जिला स्तर पर शिकायत निवारण व्यवस्था की निगरानी करेंगे। वह यह सुनिश्चित करेंगे कि शिकायतों का समाधान निर्धारित व्यवस्था और शिकायत निवारण के लिए विकसित डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से किया जाये। शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए कोई भी व्यक्ति योजना के क्रियान्वयन से जुड़े किसी भी मामले में शिकायत कर सकता है।

शिकायत का पंजीकरण होने पर शिकायतकर्ता को एक पावती दी जायेगी। इसमें पंजीकरण संख्या, शिकायत प्राप्त होने की तारीख और शिकायत प्राप्त करनेवाले अधिकारी का पदनाम दर्ज होगा। डिजिटल माध्यम से प्राप्त शिकायतों के लिए पावती इलेक्ट्रॉनिक रूप में और भौतिक रूप से प्राप्त शिकायतों के लिए पावती भौतिक रूप में दी जायेगी। महत्त्वपूर्ण बात यह है कि शिकायत के प्रारूप, भाषा, उसे प्रस्तुत करने के तरीके या किसी प्रक्रियागत कमी के आधार पर उसका पंजीकरण करने से इनकार नहीं किया जा सकेगा। इस प्रावधान से यह सुनिश्चित होगा कि प्रक्रियागत औपचारिकताओं के कारण किसी भी नागरिक को शिकायत निवारण व्यवस्था का लाभ लेने से वंचित न होना पड़े।

जांच और शिकायत निवारण के लिए निर्धारित समय-सीमा नियमों में शिकायतों की त्वरित जांच और समाधान सुनिश्चित करने के लिए स्पष्ट समय-सीमा तय की गयी है। नामित शिकायत निवारण अधिकारी प्रत्येक पंजीकृत शिकायत की जांच करेंगे और आवश्यक कार्रवाई करेंगे। इसके लिए अधिकारी संबंधित प्राधिकारियों या कर्मचारियों से रिकॉर्ड, रजिस्टर, दस्तावेज, रिपोर्ट, इलेक्ट्रॉनिक डेटा या अन्य आवश्यक जानकारी मांग सकते हैं। आवश्यकता पड़ने पर शिकायत का निपटारा करने से पहले शिकायतकर्ता को व्यक्तिगत रूप से या इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से अपना पक्ष रखने का उचित अवसर भी दिया जायेगा।

शिकायत की प्राप्ति की तारीख से 07 कार्य दिवसों के भीतर उसकी जांच पूरी करना अनिवार्य होगा। जांच पूरी होने के बाद शिकायत निवारण अधिकारी निष्कर्ष दर्ज करेंगे और अधिनियम तथा नियमों के अनुरूप आवश्यक सुधारात्मक या उपचारात्मक कार्रवाई करेंगे अथवा करवायेंगे। प्रत्येक शिकायत का निवारण उसकी प्राप्ति की तारीख से 15 दिनों के भीतर करना होगा। जांच के निष्कर्ष और की गयी कार्रवाई का विवरण निर्धारित डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर पर दर्ज किया जायेगा और शिकायतकर्ता को इसकी जानकारी दी जायेगी। भौतिक रूप से प्राप्त शिकायतों के मामले में उनके नतीजे और की गयी कार्रवाई की सूचना शिकायतकर्ता को भौतिक रूप से भी दी जायेगी।

निर्धारित 15 दिनों की अवधि में जिन शिकायतों का निवारण नहीं हो पायेगा, उन्हें राज्य सरकार द्वारा स्थापित शिकायत निवारण व्यवस्था के तहत अगले उच्च स्तर पर भेजा जायेगा। उच्च स्तर पर शिकायत प्राप्त करने वाला प्राधिकारी मामले की जांच करेगा और उसके निपटारे के लिए उचित कार्रवाई करेगा। ऐसी शिकायतों के समाधान होने तक उनकी इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से निगरानी जारी रहेगी।

अपील का भी प्रावधान

नियमों में शिकायत निवारण व्यवस्था के तहत पारित आदेशों के विरुद्ध अपील का भी प्रावधान किया गया है। ऐसी अपील वीबी-जी राम जी अधिनियम, 2025 की अनुसूची-कके अनुसार दायर और निस्तारित की जायेगी। इनके माध्यम से सरकार का उद्देश्य वीबी-जी राम जी के तहत नागरिक-केन्द्रित, सुलभ और समयबद्ध शिकायत निवारण व्यवस्था को संस्थागत स्वरूप देना है। बहुस्तरीय संस्थागत व्यवस्था, शिकायत दर्ज कराने के कई माध्यम, अनिवार्य पंजीकरण, निर्धारित समय-सीमा, डिजिटल ट्रैकिंग और अनसुलझी शिकायतों को उच्च स्तर पर भेजने की व्यवस्था से प्रशासनिक जवाबदेही मजबूत होने और योजना के क्रियान्वयन को अधिक प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी। यह अधिसूचना वीबी-जी राम जी के क्रियान्वयन से जुड़ी शिकायतों का व्यवस्थित, पारदर्शी और निर्धारित समय-सीमा के भीतर निवारण सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। इससे योजना के तहत ग्रामीण परिवारों के अधिकारों और पात्रता के संरक्षण को भी मजबूती मिलेगी।

एयर मार्शल इंद्रपाल सिंह वालिया ने 52वें एयर फोर्स वाइस चीफ का पद सम्भाला...

डुंडीगुल के पूर्व छात्र हैं। वह एडवांस्ड कमांड एंड स्टाफ कोर्स, यूनाइटेड किंगडम और नेशनल डिफेंस कॉलेज, बांग्लादेश के पूर्व छात्र भी हैं। उनके पास रक्षा और सामरिक अध्ययन में तीन स्नातकोत्तर डिग्री हैं। अपने तीन दशकों से अधिक के करियर में उन्होंने भारतीय वायु सेना के विभिन्न लड़ाकू विमान उड़ाये हैं, जिनमें मिग-21, मिग-23, मिग-27, जगुआर और एसयू-30 एमकेआई के विभिन्न प्रकार शामिल हैं। उनके पास विभिन्न लड़ाकू जेट विमानों पर 3200 घंटे से अधिक की उड़ान का अनुभव है और उन्होंने कई कमांड और स्टाफ नियुक्तियां की हैं। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक वह एक बेहद अनुभवी लड़ाकू पायलट और एक इंस्ट्रूमेंट रेटिंग इंस्ट्रक्टर और परीक्षक हैं। अपने परिचालन कार्यकाल में वह नंबर 222 स्क्वाड्रन के कमांडिंग ऑफिसर और टैक्टिक्स एंड कॉम्बैट डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट के कमांडेंट रह चुके हैं। उन्होंने एक फ्रंटलाइन फाइटर स्क्वाड्रन और एयर ऑफिसर कमांडिंग के तौर पर एयर फोर्स स्टेशन बरेली की कमान सम्भाली है। उन्हें 2018 में अति विशिष्ट सेवा मेडल और 2008 में वायु सेना मेडल से सम्मानित किया जा चुका है। एयर कमोडोर के तौर पर उन्होंने पूर्वी वायु कमान में एयर-1 के तौर पर और बाद में एयर हेडक्वार्टर, नई दिल्ली में एयर कमोडोर (एयर स्टाफ इंस्पेक्शन) के तौर पर काम किया।

धनतेरस पर टाइटन नेबुला की सुनहरी चमक, 25% तक छूट

- 18 कैरेट ठोस सोने से बनीं लग्जरी घड़ियां बनीं आकर्षण का केन्द्र, 15 नवम्बर तक विशेष छूट



रांची : धनतेरस और दीपावली के पावन अवसर पर अपने प्रियजनों को कुछ खास और यादगार उपहार देने की चाह रखने वालों के लिए टाइटन की प्रीमियम घड़ी श्रृंखला नेबुला एक शानदार विकल्प बनकर सामने आई है। 18 कैरेट ठोस सोने से निर्मित ये घड़ियाँ अपनी शाही खूबसूरती, उत्कृष्ट कारीगरी और आकर्षक डिजाइन के लिए विशेष पहचान रखती हैं। नेबुला केवल समय बताने वाली घड़ी नहीं, बल्कि शिल्पकला, आधुनिक तकनीक और विलासिता का अनूठा संगम है। इसकी प्रत्येक घड़ी में सोने की वास्तविक चमक, बारीक कारीगरी और आकर्षक बनावट देखने को मिलती है। चुनिंदा मॉडलों में हीरों की जड़ाई इसकी खूबसूरती को और भी खास बनाती है। यह ऐसी धरोहर है, जिसे आने वाली पीढ़ियों तक संजोकर रखा जा सकता है। नेबुला घड़ियों की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए स्टोर संचालक श्री सुजीत सिंह ने बताया कि नेबुला उन ग्राहकों के लिए विशेष रूप से तैयार की गई श्रृंखला है, जो वास्तविक सोने, उत्कृष्ट कारीगरी और विशिष्ट पहचान को महत्व देते हैं। 18 कैरेट ठोस सोने से निर्मित ये घड़ियां भारतीय शिल्पकला और आधुनिक विलासिता का शानदार उदाहरण हैं।

इस अवसर पर टाइटन वर्ल्ड, हरमू रोड, रांची के स्टोर प्रबंधक श्री बाबन चौधरी ने बताया कि धनतेरस एवं दीपावली के विशेष अवसर पर ग्राहकों के लिए 15 नवंबर 2026 तक नेबुला घड़ियों की खरीद पर अधिकतम 25 प्रतिशत तक की विशेष छूट दी जा रही है।

उन्होंने बताया कि ग्राहकों की सुविधा के लिए अग्रिम बुकिंग भी शुरू कर दी गई है, ताकि ग्राहक अपनी पसंद का मॉडल पहले से सुरक्षित करा सकें। इसके अतिरिक्त, तत्काल बुकिंग कराने वाले ग्राहकों के लिए विशेष उपहार की भी व्यवस्था की गई है।

नेबुला घड़ियों की अग्रिम बुकिंग की सुविधा टाइटन वर्ल्ड की अन्य शाखाओं पर भी उपलब्ध है। ग्राहक निम्नलिखित प्रतिष्ठानों पर संपर्क कर सकते हैं:

टाइटन वर्ल्ड - हरमू रोड, रांची

टाइटन वर्ल्ड - सिंह मोड, हटिया, रांची

टाइटन वर्ल्ड थाना चौक, रामगढ़ कैंट

नेबुला घड़ियों की विशेषताओं, उपलब्धता, छूट एवं बुकिंग संबंधी विस्तृत जानकारी के लिए ग्राहक 7992275985 पर संपर्क कर सकते हैं। इस दीपावली अपने खास पलों को सोने की चमक के साथ यादगार बनाइए। नेबुला के साथ समय को केवल देखिए नहीं, बल्कि एक अनमोल विरासत के रूप में संजोइए।

नेबुला बाय टाइटन - 18 कैरेट ठोस सोने से निर्मित, आपकी कहानी और आपकी विरासत ।

विशेष छूट 15 नवंबर 2026 तक। नियम एवं शर्तें लागू।

एक झलक

राष्ट्रपति चुनाव में इलियाना इओटोवा की शानदार जीत

सोफिया/मॉस्को : बुल्गारिया की कार्यवाहक राष्ट्रपति और बुल्गारिया सोशलिस्ट पार्टी (बीएसपी) की वरिष्ठ नेता इलियाना इओटोवा ने राष्ट्रपति चुनाव के दूसरे चरण में जीत हासिल कर ली है। केंद्रीय चुनाव आयोग (सीईसी) ने सोमवार को 100 प्रतिशत चुनावी प्रोटोकॉल की प्रक्रिया पूरी होने के बाद आधिकारिक नतीजों की घोषणा की। इओटोवा को कुल 57 .57 प्रतिशत वोट मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी एवं कार्यवाहक प्रधानमंत्री आंद्रेई ग्यूरोव को 39 .48 प्रतिशत मत प्राप्त हुए। चुनाव से पहले आए एग्जिट पोल में भी इओटोवा की स्पष्ट जीत का अनुमान लगाया गया था। पांच प्रमुख पोलिंग एजेंसियों के अनुमानों के मुताबिक उन्हें 56.6 से 58.2 प्रतिशत के बीच वोट मिलने की संभावना जताई गई थी। वहीं, ग्यूरोव को 38.6 से 40.6 प्रतिशत वोट मिलने का अनुमान था।

गंगा जल समझौते पर बांग्लादेश में सियासी गर्मी

ढाका : बांग्लादेश की नेशनल सिटीजन पार्टी (एनसीपी) के प्रमुख नाहिद इस्लाम ने गंगा नदी के जल बंटवारे को लेकर भारत को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि यदि बांग्लादेश को गंगा के पानी में उसका उचित हिस्सा नहीं मिलता है, तो भारत को बांग्लादेश के रास्ते सामानों की आवाजाही और ट्रांजिट की सुविधा नहीं दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर उनकी पार्टी फरक्का तक एक बार फिर लंबा मार्च निकालने के लिए तैयार है। सत्तारूढ़ बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) को भी चेतावनी दी कि यदि उसने भेदभावपूर्ण रवैया जारी रखा, तो उसे भी अवामी लीग जैसी राजनीतिक स्थिति का सामना करना पड़ सकता है। बांग्लादेश के अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र 'द डेली स्टार' के अनुसार, नाहिद इस्लाम ने रविवार को ढाका के खमारबारी स्थित कृषिबिद इंस्टीट्यूशन बांग्लादेश में 'जातीय जुबो शक्ति' की ओर से आयोजित राष्ट्रीय युवा सम्मेलन को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि भारत के साथ बांग्लादेश के संबंधों का आधार पानी का उचित बंटवारा और सीमा सुरक्षा होना चाहिए।

उत्तर कोरिया ने क्लस्टर बम का किया परीक्षण

सियोल : उत्तर कोरिया ने टैक्टिकल बैलिस्टिक मिसाइलों में इस्तेमाल किए जा सकने वाले क्लस्टर बम वॉरहेड का परीक्षण किया है। उत्तर कोरियाई सरकारी मीडिया ने रविवार को इसकी जानकारी दी। साथ ही प्योंगयांग ने इस साल के अंत तक विभिन्न प्रकार के क्लस्टर वॉरहेड अपनी सैन्य इकाइयों में तैनात करने की योजना जताई है। दक्षिण कोरिया की समाचार एजेंसी योनहाप के अनुसार, उत्तर कोरिया के मिसाइल प्रशासन ने शनिवार को यह परीक्षण किया। इसका उद्देश्य टैक्टिकल बैलिस्टिक मिसाइलों में इस्तेमाल होने वाले क्लस्टर बम वॉरहेड की युद्धक क्षमता और प्रभाव का आकलन करना था। मिसाइल प्रशासन के अधीन शोध संस्थानों ने परीक्षण के बाद पुष्टि की कि 'स्टैंडर्ड टाइप-2' क्लस्टर बम वॉरहेड 12 से 13 हेक्टेयर के लक्षित क्षेत्र में व्यापक विनाश करने में सक्षम है।

नीता अम्बानी ने किया 'नीता मुकेश अम्बानी अनन्त आश्रय' का भूमिपूजन

5,000 से अधिक जरूरतमंदों को मिलेगा अपना घर

मुम्बई : रिलायंस फाउंडेशन की फाउंडर और चेयरपर्सन नीता अम्बानी ने रविवार को महाराष्ट्र के कर्जत में 'नीता मुकेश अम्बानी अनन्त आश्रय' का भूमिपूजन किया। करीब 100 एकड़ में बननेवाला यह परिसर 5,000 से अधिक अनाथ बच्चों, बुजुर्गों और दिव्यांगजनों को घर-परिवार जैसा माहौल और देखभाल उपलब्ध करायेगा। भूमिपूजन में ईशा अम्बानी भी शामिल हुईं। रिलायंस फाउंडेशन की इस गैर-लाभकारी पहल को आवश्यक मंजूरियां मिलने के बाद चरणबद्ध तरीके से विकसित किया जायेगा। भूमिपूजन के अवसर पर नीता अम्बानी ने कहा कि अनन्त आश्रय उनके और उनके परिवार के दिल के बेहद करीब है। उन्होंने कहा, 'एक मां के तौर पर मेरी सबसे बड़ी उम्मीद है कि जिन माता-पिता को जीवनभर यह चिंता रही है कि उनके न रहने पर बच्चों की देखभाल कौन करेगा, उन्हें यह भरोसा मिल सके कि उनके बच्चे का हमेशा अपना घर और परिवार होगा।' उन्होंने उम्मीद जताई कि यहां हर उम्र के व्यक्ति को गरिमा के साथ जीने और हर नये दिन की ओर उम्मीद से देखने का अवसर मिलेगा।

- महाराष्ट्र के कर्जत में 100 एकड़ में बनेगा परिसर, अनाथ बच्चों, बुजुर्गों और दिव्यांगजनों को मिलेगा सहारा
- घर-परिवार जैसा माहौल, अस्पताल, पुनर्वास, शिक्षा और रोजगार की सुविधाएं भी होंगी
- नीता अम्बानी बोलीं : माता-पिता को यह सुकून मिले कि उनके बाद भी बच्चों का अपना घर और परिवार होगा



अनन्त आश्रय की परिकल्पना केवल एक आश्रय स्थल नहीं, बल्कि ऐसे समुदाय के रूप में की गयी है, जहां हर व्यक्ति को सम्मान और अपनापन मिले। परिसर में परिवार जैसे छोटे-छोटे घर होंगे, जहां विशेष रूप से नियुक्त कर्मचारी देखभाल करेंगे। प्रत्येक व्यक्ति की जरूरत के मुताबिक स्वास्थ्य, शिक्षा और व्यक्तिगत विकास की योजना तैयार होगी। यहां रहनेवालों, चिकित्सा विशेषज्ञों, कर्मचारियों और उनके परिवारों को मिलाकर करीब 15 हजार लोगों का समुदाय विकसित होने की उम्मीद है। प्रस्तावित परिसर में विशेष अस्पताल, पुनर्वास केन्द्र, फिजियोथेरेपी और अन्य चिकित्सा सुविधाओं के साथ शिक्षा, खेल, संगीत और कला के अवसर भी मिलेंगे। बेकरी, कैफे और हस्तशिल्प केंद्रों के जरिए रोजगार और कौशल विकास की व्यवस्था होगी। परिसर में मंदिर, बगीचे और वनतारा के सहयोग से पशुओं के साथ जुड़ाव बढ़ाने वाला फार्म भी प्रस्तावित है। आसपास के गांवों के लोग भी यहां की कुछ सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे। खास बात यह है कि नीता अम्बानी ने अपने जन्मदिन पर इस पहल की नींव रखी। अपने सम्बोधन में उन्होंने इसे भारत मां के चरणों में एक मां की ओर से छोटी-सी भेंट बताया।

मतभेदों का सम्मान व एकजुटता से मजबूत होगा देश : बिरला

एजेंसी

चंडीगढ़ : लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि लोकतंत्र में विचारों और दृष्टिकोणों में भिन्नता के साथ सहमति और असहमति भी होती है, लेकिन असहमति का भी सम्मान किया जाना चाहिए। असहमति दिशा और दर्शन देने के साथ काम करने की प्रेरणा भी देती है। उन्होंने कहा कि सहमति और असहमति के बावजूद देश एवं प्रदेश को आगे बढ़ाने के लिए सभी को साझा प्रयास करने चाहिए।



ओम बिरला सोमवार को पंचकूला के इंद्रधनुष ओडिटोरियम में हरियाणा विधानसभा संविधान पखवाड़ा के तहत आयोजित जनप्रतिनिधि सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। बिरला ने कहा कि हरियाणा की धरती कर्म की धरती रही है। 60 साल की यात्रा में अनेक चुनौतियों और कठिनाइयों के बावजूद हरियाणा विकास की अग्रिम पंक्ति में खड़ा प्रदेश है और यह सब संविधान के कारण संभव हुआ है। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि भारत का संविधान केवल हमारा ही नहीं, बल्कि दुनिया के सभी लोकतांत्रिक देशों के लिए मार्गदर्शक है। संविधान ने हमारी लोकतांत्रिक परंपराओं को आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा कि संविधान आज भी जीवंत रूप से हम सभी का मार्गदर्शन करता है। संविधान केवल शासन चलाने की व्यवस्था नहीं है, बल्कि यह भारत की आत्मा है। ओम बिरला ने कहा कि संविधान बनने के समय संविधान सभा में अपने-अपने मत और विचार रखे गए तथा असहमति और लंबी चर्चा के बाद संविधान बना। उन्होंने कहा कि संसद के साथ विधानसभाओं की व्यवस्था और उसके बाद पंचायत राज तथा नगरीय क्षेत्रों में लोकतांत्रिक व्यवस्था विकसित हुई। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि हरियाणा विधानसभा ने भी संविधान के मार्गदर्शन में 60 वर्षों के दौरान अपने सदस्यों के मत, विचार और दृष्टिकोण के साथ प्रदेश के विकास में योगदान दिया है।

विज्ञापन के होर्डिंग ने बदली कृति की किस्मत

मुंबई : मशहूर अभिनेत्री कृति खरबंदा आज फिल्म उद्योग में एक पहचाना हुआ नाम हैं। कृति खरबंदा एक साधारण परिवार से आती हैं और अपनी पढ़ाई पूरी करने में व्यस्त थीं। कई अन्य सितारों के विपरीत कृति का बचपन से अभिनेत्री बनने का कोई सपना नहीं था और न ही उनका कोई फिल्मी पृष्ठभूमि से ताल्लुक था। लेकिन किस्मत ने उनके लिए कुछ और ही तय कर रखा था। चेन्नई की एक सड़क पर लगे विज्ञापन के होर्डिंग ने एक फिल्म निर्देशक का ध्यान अपनी ओर खींचा और वहीं से कृति खरबंदा के एक आम लड़की से साउथ और बॉलीवुड की चर्चित अभिनेत्री बनने के सफर की शुरूआत हुई। कृति खरबंदा का जन्म 29 अक्टूबर 1990 को देश की राजधानी दिल्ली में हुआ था। दिल्ली से स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद उन्होंने ज्वेलरी डिजाइनिंग के क्षेत्र में डिप्लोमा प्राप्त किया। उन्हें मॉडलिंग का शौक था और वे बचपन से ही कुछ विज्ञापनों में काम कर चुकी थीं। एक बार चेन्नई में एक सुपरमार्केट श्रृंखला के विज्ञापन बोर्ड पर उनकी एक बड़ी सी तस्वीर लगी हुई थी। उस समय तेलुगु फिल्मों के निर्देशक राज पिपल्ला अपनी नई फिल्म के लिए एक नए चेहरे की तलाश कर रहे थे। उस होर्डिंग पर कृति की तस्वीर देखकर उन्होंने तुरंत अपनी टीम को उनसे संपर्क करने को कहा। जब कृति को ऑडिशन का बुलावा आया, तो शुरूआत में उन्हें लगा कि कोई उनके साथ मजाक कर रहा है। लेकिन जब वे हैदराबाद पहुंचीं, तो उन्हें मामला गंभीर लगा। लगभग 150 लड़कियों के बीच हुए कड़े ऑडिशन के बाद कृति को चुन लिया गया। अपने परिवार की सहमति से उन्होंने यह अवसर स्वीकार किया और साल 2009 में तेलुगु फिल्म बोनी से अपने अभिनय करियर की शुरूआत की, जिसमें उनके साथ अभिनेता सुमंत नजर आए थे। इसके बाद 2010 में उन्होंने फिल्म चिरू से कन्नड़ सिनेमा में कदम रखा। साल 2013 में आई कन्नड़ फिल्म गूगली उनके करियर के लिए एक बड़ा मोड़ साबित हुई, जिसने उन्हें साउथ सिनेमा में स्थापित कर दिया। दक्षिण भारतीय फिल्मों में सफलता हासिल करने के बाद कृति ने 2016 में इमरान हाशमी के साथ फिल्म राज रीबूट से बॉलीवुड में कदम रखा। हालांकि, हिंदी दर्शकों के बीच उन्हें असली लोकप्रियता 2017 में रिलीज हुई फिल्म शादी में जरूर आना से मिली। इस फिल्म में उनके द्वारा निभाए गए आरती शुक्ला के किरदार को दर्शकों का भरपूर प्यार मिला। इसके बाद उन्होंने हाउसफुल 4, पागलपंती, तैश और 14 फेरे जैसी कई फिल्मों में अपने अभिनय का प्रदर्शन किया।



कविता

ज़िन्दगी...तू गणित नहीं !



संजय नाथ झा

ज़िन्दगी,
तू ...
दो और दो,
चार क्यों नहीं ?
क्यूं ...
गणित के नियम,
तेरे अधिनियम नहीं ?
क्यूं ...
उसके संयमन
तेरे यम नहीं ?
क्यूं ...
जोड़ से,
तू जुड़ती नहीं ?
और, गुणा से
गुणती नहीं ?
गर ...
गणित-सी होती तू, तो,
जो गुनता वही गाता
जो धुनता वही पाता।
तू मौन है ...
कि, प्रश्नावली
तेरी जिज्ञासा नहीं।
तू निर्मम है ...
कि, ममता
तेरी मोघाशा नहीं।

विशेष ट्रेनों के परिचालन की बढ़ायी गयी अवधि

कोलकाता : दीपावली एवं छठ पर्व के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए दक्षिण पूर्व रेलवे ने छह विशेष ट्रेनों के परिचालन की अवधि बढ़ाने का निर्णय लिया है। इन ट्रेनों का परिचालन निर्धारित समय-सारणी के अनुसार जारी रहेगा। 06081 तिरुवनंतपुरम सेंट्रल-संतरागाछी स्पेशल 6 और 13 नवंबर को चलेगी। 06082 संतरागाछी-तिरुवनंतपुरम सेंट्रल स्पेशल 9 और 16 नवंबर को चलेगी। 06085 एनार्कुलम-पटना स्पेशल 6 और 13 नवंबर को चलेगी। 06086 पटना-एनार्कुलम स्पेशल 10 और 17 नवंबर को चलेगी। 06075 तांबरम-संतरागाछी स्पेशल 3 और 10 नवंबर को चलेगी। 06076 संतरागाछी-तांबरम स्पेशल 4 और 11 नवंबर को चलेगी।

औरंगपुर में विशाल नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित



श्रीओम शर्मा

झज्जर : हरियाणा दिवस के पावन अवसर पर वी मेडिकल फाउंडेशन हरियाणा द्वारा झज्जर के औरंगपुर गांव में एक विशाल नि:शुल्क इलेक्ट्रोहोम्योपैथी मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में गांव के सैकड़ों लोगों ने पहुंचकर अपनी विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं का इलाज कराया।

कैंप में जोड़ों का दर्द, साइटिका, सर्वाइकल, नजला-जुकाम, खांसी, दमा, बवासीर, माइग्रेन, ल्यूकोरिया और पेट दर्द जैसी कई गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीज पहुंचे, जिन्हें डॉक्टरों द्वारा उचित परामर्श और दवाइयां दी गईं। कैंप का शुभारंभ औरंगपुर गांव के सरपंच कुलदीप द्वारा रिबन काटकर किया गया।


इस अवसर पर वी मेडिकल फाउंडेशन के महानिदेशक डॉ. सतीश खंगवाल ने हरियाणा दिवस की सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। वहीं, निदेशक डॉ. अजय धनखड़ ने घोषणा की कि हरियाणा में इलेक्ट्रोहोम्योपैथी के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए आगे भी ऐसे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाता रहेगा।

सम्राट चौधरी ने नितिन गडकरी से की मुलाकात

राष्ट्रीय राजमार्गों व एक्सप्रेस-वे के निर्माण में तेजी लाने का किया आग्रह

एजेंसी

नयी दिल्ली : बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को दिल्ली दौरे के दौरान केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। केंद्रीय मंत्री के आवास पर हुई इस उच्चस्तरीय बैठक में बिहार में राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेस-वे के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने तथा लंबित सड़क परियोजनाओं को जल्द शुरू करने पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने राज्य में सड़क एवं आधारभूत संरचना के विकास के लिए निरंतर सहयोग देने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने बिहार की कनेक्टिविटी को नई दिशा देने वाली प्रमुख सड़क परियोजनाओं को शीघ्र स्वीकृति देने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि बिहार में कुल 49,751 करोड़ रुपये की लागत वाली और लगभग 330 किलोमीटर लंबाई की चार महत्वपूर्ण परियोजनाओं को भारत सरकार की सार्वजनिक निजी भागीदारी मूल्यांकन समिति (पीपीपीएसी) से मंजूरी मिल चुकी है। ये परियोजनाएं राज्य में लॉजिस्टिक्स लागत कम करने और यातायात को सुगम बनाने की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। फिलहाल ये आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) की अंतिम स्वीकृति के लिए विचाराधीन हैं। उन्होंने बताया कि इन परियोजनाओं में 1,976.77 करोड़ रुपये की लागत से एनएच-727एए पर गंडक नदी में दो लेन के पुल और पहुंच पथ का निर्माण शामिल है।



- 49,751 करोड़ रुपये की चार प्रमुख परियोजनाएं सीसीईए की अंतिम स्वीकृति के लिए लम्बित
- गोरखपुर-सिलीगुड़ी और रक्सौल-हल्दिया एक्सप्रेस-वे को शीघ्र अधिसूचित करने का आग्रह

